हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## हाथ में तिरंगा आंख में आंसू

*भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटने पर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा सुरक्षित लौट आया है, मैं ईश्वर और आप सभी का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने इस घटना को कवर किया। मैं भावुक हो गई, आखिरकार, मेरा बेटा कई दिनों बाद लौट आया। उन्होंने कहा, उत्साह अंतहीन है और हमें बहुत गर्व है। मेरे पास अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। लखनऊ के त्रिवेणी नगर इलाके में स्थित शुभांशु के पैतृक घर को रोशनी से सजाया गया है और घर के बाहर उनके उपनाम "शक्स" के पोस्टर लगे हैं। घर में शुभांशु के आने पर जश्न की तैयारी हो रही है।*

### शुभांशु के धरती पर कदम रखते ही मां के छलके खुशियों के आंसू

# मंगल ही मंगलः धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा'

- स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर दोपहर 3 बजे हुई
- रिकॉर्डः पहली बार किसी भारतीय ने रखा था आईएसएस पर कदम
- शुभांशु ने 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए फिर 23 घंटे की यात्रा कर धरती पर वापसी की
- चारों एस्ट्रोनॉट सोमवार की शाम 4:45 बजे आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अंतरिक्ष के शोध में भारत का मंगल ही मंगल है। इसकी शुरुआत शुभांशु शुक्ला ने कर दी है। उन्होंने आईएसएस पर कदम रखकर पहले भारतीय होने का गौरव हासिल किया है। अब ये कदम बहुत तेजी से अंतरिक्ष के शोध में आगे बढ़ेंगे। 18 दिन अंतरिक्ष में रहकर मंगलवार को धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा' यानी शुभांशु शुक्ला के कदम धरती पर पड़े तो सब कुछ मंगल ही मंगल हुआ और उनकी मां आशा शुक्ला के खुशियों के आंसू छलक आए। इससे पहले पूरा देश शुभांशु की मंगलमयी यात्रा के लिए प्रार्थना कर रहा था। शुभांशु शुक्ला सहित चारों एस्ट्रोनॉट करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई।

**17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु**

**उन्होंने 76 लाख मील की दूरी तय की**



### एक अरब लोगों को शुभांशु शुक्ला ने प्रेरित कियाः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नए रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों को प्रेरित किया है।


### 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'रीलबाज' लड़कियों को पुलिस से किया गिरफ्तार




**संभल।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता परोसने के आरोप में यूपी की संभल पुलिस ने तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इनके वीडियो शूट करने वाले कैमरामैन को भी गिरफ्त में लिया गया है। खुद इन 'रीलबाजों' के गांववालों ने पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने अश्लील वीडियोज का संज्ञान लेते हुए एक्शन लिया।

### अब सत्यापन के बाद ही तत्काल टिकट



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने हाल ही में तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर आधार सत्यापन जरूरी हो गया। इसका मकसद टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाना और दलालों या फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है। रेलवे का यह नियम लागू हो चुका है।

### मस्क की टेस्ला ने मुंबई में खोला पहला शोरूम



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपनी टेस्ला मॉडल वाई को लॉन्च कर दी है, टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला शोरूम भी खोल दिया है, जो बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के आलीशान मेकर मैक्सिटी मॉल में स्थित है। टेस्ला जल्द ही गुरुग्राम और दिल्ली में अपने स्टोर ओपन करने की प्रक्रिया पर काम करेगी।


### तिलक लगाकर पहुंची छात्रा प्राचार्य की आपत्ति से बवाल



**कटनी।** मुरवारी स्थित आरके गौतम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल ने माथे पर चंदन का तिलक लगाकर पहुंची 11वीं की छात्रा को स्कूल से निकालने की धमकी दे डाली। उन्होंने पहले तिलक मिटवाया और कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है। मंगलवार को बच्ची की मां उसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंची। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल से शिकायत की। मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और निर्यात का हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम

# सीएम डॉ.यादव की पहल रंग लाईः अब दुबई से मध्यप्रदेश का होगा सीधा कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत मार्ट वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार है। यह आधुनिक व्यापार केंद्र भारतीय उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराएगा। भारत मार्ट 2026 में परिचालन में आएगा और 'लोकल से ग्लोबल' की नीति को नई दिशा देगा। भारत मार्ट, जेबेल अली फ्री ज़ोन (जेएएफजेडए), दुबई में लगभग 2.7 मिलियन वर्ग फुट में विकसित किया जा रहा एक बहुआयामी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है।

इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने फरवरी 2024 में संयुक्त रूप से रखी गई थी। यह केंद्र डीपी वर्ल्ड संचालित करेगा। इसमें 1500 से अधिक शोरूम, अत्याधुनिक गोदाम और कार्यालय सुविधाएं होंगी।

**'भारत मार्ट' वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार**

डीपी वर्ल्ड और जाफजा अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

भारतीय एमएसएमई उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच



### मप्र से भारत मार्ट तक निर्बाध लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी

बैठक में विशेष रूप से मप्र में डीपी वर्ल्ड की ओर से प्रस्तावित रेल टर्मिनल और उज्जैन–नागदा रूट को भारत मार्ट तक निर्बाध माल आपूर्ति का एक निर्णायक माध्यम बताया गया। यह लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी भारत से दुबई तक तेज, किफायती और सुगम माल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार इस यात्रा को केवल व्यापार नहीं, बल्कि मप्र के आर्थिक भविष्य की नींव मान रही है। भारत मार्ट के ज़रिए हमारा प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत कड़ी बनेगा।

### भारत और मप्र के लिए संभावनाओं से भरा साझेदार

डीपी वर्ल्ड, दुबई स्थित एक अग्रणी वैश्विक लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता है, जो 78 से अधिक देशों में 100 से अधिक टर्मिनलों और पोर्ट्स का संचालन करता है। प्रति वर्ष 70 मिलियन टीईयू कंटेनर हैंडल करने वाली यह कंपनी विश्व की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटरों में गिनी जाती है।

### मप्र में ड्राय पोर्ट के विकास में दिखाई रुचि

डीपी वर्ल्ड ने मध्यप्रदेश में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), कृषि-लॉजिस्टिक्स हब और ड्राय पोर्ट के विकास में गहरी रुचि दिखाई है। यह राज्य की लॉजिस्टिक्स और निर्यात नीति के अनुरूप है, और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से दीर्घकालिक अधोसंरचना विकास को मजबूती देने वाला कदम है।

### दुबई प्रवास के दौरान अनेक व्यापारिक बैठकों का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मेरे दुबई प्रवास के दौरान अनेक व्यापारिक बैठकों का आयोजन हुआ। यहां के निवेशकों, भारतीय समुदाय के नागरिकों, सरकार के अधिकारियों और भारत के महावाणिज्य दूत का हृदय से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई की सामर्थ्य को पहचाना है। वर्ष 2015 से ही उन्होंने इस शहर को वैश्विक व्यापार का प्रवेश द्वार बनाने की दिशा में कार्य किया है।

### मुख्यमंत्री आज से 19 जुलाई तक स्पेन प्रवास पर रहेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 से 19 जुलाई तक स्पेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजनकी दिशा में सतत रूप से प्रयासरत है। स्पेन प्रवास के दौरान वे मैड्रिड में आयोजितइन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे।

### नोएडा के शख्स को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# सड़क पर नहीं, अपने घर में कुत्तों को खाना खिलाइए

**हर जगह जानवरों के लिए जगह है इंसानों के लिए नहीं?**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को ही फटकार लगा दी। कोर्ट ने शख्स से पूछा कि आप उन्हें अपने घर में क्यों नहीं खिलाते? जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा कि क्या हम हर गली और सड़क को इन पशु प्रेमियों के लिए छोड़ दें?

### आप घर में शेल्टर खोल लीजिए

कोर्ट ने फिर सुझाव दिया कि आप अपने घर में एक शेल्टर खोल लीजिए और सभी कुत्तों को वहीं खाना खिलाइए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में तो ऐसी जगहें बनाई जा रही हैं, लेकिन नोएडा में नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसी जगहों को लोगों की आवाजाही से दूर रखा जाए।

### यमन से राहत भरी खबर

# निमिषा प्रिया की फांसी टली संपर्क में है भारत सरकार

**निमिषा को 16 जुलाई को फांसी देनी थी**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन से एक राहत की खबर सामने आई है। केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी टाल दी गई है। निमिषा को 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। मगर अभी के लिए यह तारीख पोस्टपोन कर दी गई है। भारत सरकार लगातार यमन की सरकार के संपर्क में बनी हुई है। निमिषा की फांसी रोकने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार ने यमन से कुछ और दिनों की मांग की थी, जिससे निमिषा का परिवार पीड़ित परिवार को ब्लड मनी के लिए मना सके।

### छतरपुर में तीन मासूमों की डूबने से मौत

## स्कूल से लौटकर आम तोड़ने गए, फिसलकर तालाब में गिरे



**बच्चों की उम्र 4, 8 और 10 साल, तीनों भाई बहन**

**छतरपुर।** जिले के एक गांव में तीन नाबालिग भाई-बहन पानी से भरे गड्ढे में डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना सोमवार शाम को जिला मुख्यालय से 70 किमी दूर प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र के हटवा गांव में हुई। तीनों भाई बहनों के एक साथ हुई मौत से परिवार में कोहराम की स्थिति है और परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। तीनों आपस में भाई-बहन हैं। पिता प्रतिपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि तीनों बच्चे- लक्ष्मी (10), तनु (8) और लोकेंद्र (4) स्कूल से लौटकर घर आए थे। फिर खेत में लगे पेड़ से आम तोड़ने की बात कहकर निकल गए। रात साढ़े 8 तक नहीं लौटे तो परिजन ढूंढने निकले। यहां खेत में बने तालाब में तीनों के शव दिखे।

### सांप से खिलवाड़.. मिली मौत

## गले में कोबरा लपेटकर बाइक पर घूमता रहा, सांप ने काटा



**सांप के साथ की तस्वीर में दिखी लापरवाही**

**गुना।** राघौगढ़ में सांप काटने से एक ऐसे व्यक्ति की मौत हो गई, जिसका काम ही सांप पकड़ना था। वह रोज खतरनाक सांपों का रेस्क्यू करता था। लेकिन, इस बार एक छोटी सी लापरवाही या अति आत्मविश्वास उसकी मौत की वजह बन गया। दरअसल, सांप पकड़ने में माहिर दीपक महावत (42) ने काले कोबरा का रेस्क्यू किया था। इसके बाद उसे अपने गले में लटका लिया। गले में लटकाकर वह बाइक चलाने लगा और बच्चे को लेने स्कूल भी चला गया। स्कूल से लौटने के दौरान दोपहर लगभग 12 बजे गले में लटके सांप ने दीपक को काट लिया। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी। उसको बेहोशी छाने लगी। आननफानन में परिवारवालों ने दीपक को पहले राघौगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से गुना रेफर कर दिया गया। तड़के 4 बजे के आसपास दीपक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### ग्वालियर में मौत बनकर दौड़े ट्रक

## बेटी की सगाई के एक दिन पहले 20 सेकंड में तीन ट्रकों ने रौंदा



**हादसे का वीडियो आया इलाज के दौरान मौत**

**ग्वालियर।** एबी रोड पर रामद्वारा के पास लक्ष्मीगंज पुलिया पर एक शख्श होटल से सब्जी लेने जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। वे सड़क पर गिर गए। बारिश के बीच लगातार दो ट्रक देवेंद्र जाटव (47) के ऊपर से गुजर गए। उनके दोनों पैर सड़क से चिपक गए। पूरा घटनाक्रम महज 20 सेकेंड में हुआ। उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब 2 बजे की है। सोमवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गोल पहाड़िया नवग्रह कॉलोनी के रहने वाले देवेंद्र की बड़ी बेटी की सगाई मंगलवार को होने वाली थी। उनके भाई गजेंद्र जाटव (39) ने जनकगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### बारिश में कमी के साथ पारा 5 डिग्री तक उछला, 19 तक अधिकांश जिलों में हल्की बारिश

# श्योपुर में सीप नदी उफान पर, तीन बालिकाएं बहीं, दो को बचाया, एक का शव मिला, फिलहाल तेज बारिश नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश भर में अब चार दिन बारिश में धीरे धीरे कमी आएगी। प्रदेश में अभी कोई बड़ा प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं होने से कुछ दिन राहत रहेगी। इस बीच तापमान में और बढ़त की उम्मीद है। मंगलवार को ग्वालियर, रायसेन, सिंगरौली सहित कई जिलों में बारिश हुई। जिससे नदी नाले उफान पर हैं। मंगलवार तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 72 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 86 और पश्चिमी हिस्सों में 57 फीसदी अधिक बारिश हुई है।

◆ गुना, श्योपुर, रतलाम और उज्जैन में 5-5 डिग्री, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, शिवपुरी, खजुराहो और टीकमगढ़ में 2.5 से 4 डिग्री तक बढ़ा तापमान

### छह घंटे बाद बच्ची का शव बरामद



**श्योपुर।** जिले के सोइंकला गांव में सीप नदी में नहाने गई तीन बालिकाएं तेज बहाव में बह गईं। मौके पर मौजूद एक ग्रामीण युवक ने दो बालिकाओं मिनाक्षी और शिवानी को बचा लिया। हालांकि गरिमा (13) नदी के तेज बहाव में लापता हो गई। घटना मंगलवार सुबह तकरीबन 11 बजे की है। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया की सोइकला में सीप नदी में नहाते समय डूबी गई ((

### यहां तेज बारिश का यलो अलर्ट

*मौसम केंद्र ने बुधवार तक दतिया, भिंड, मुरैना, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में तेज से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज में अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में बौछारें और बादलों का असर रहेगा।*



## डीआरडीओ और एम्स ने किया कमाल

# मेक-इन-इंडिया: कम लागत से कार्बन फाइबर का बना डाला कृत्रिम पैर

### आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत किया अनावरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) और एम्स बीबीनगर ने पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर का अनावरण किया है। एम्स बीबीनगर-डीआरडीएल, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह अनुकूलित कार्बन फुट प्रोस्थेसिस (एडीआईडीओसी) आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत एक बड़ी सफलता है। इस कार्बन फुट प्रोस्थेसिस का अनावरण डीआरडीएल के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और निदेशक डॉ जीए श्रीनिवास मूर्ति और एम्स बीबीनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ अहंतेम सांता सिंह ने किया।



#### 125 किग्रा तक के भार के लिए किया गया बायोमैकेनिकल टेस्ट

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर) का सोमवार को एम्स बीबीनगर, तेलंगाना में अनावरण किया गया। एडीआईडीओसी का पर्याप्त सुरक्षा कारक के साथ 125 किलोग्राम तक भार के लिए बायोमैकेनिकल परीक्षण किया गया है। विभिन्न भार के रोगियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह तीन प्रकारों में उपलब्ध है। इस पैर को उच्च-गुणवत्ता और किफायती समाधान प्रदान करने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यह जरूरतमंद लोगों को अंतरराष्ट्रीय मॉडलों की तरह आसानी से उपलब्ध हो सके।

#### निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए होगा फायदेमंद

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार से देश में निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंगों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार, आयातित तकनीकों पर निर्भरता में कमी और दिव्यांगजनों के व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

#### दूसरे देशों पर निर्भरता खत्म होगी

*एम्स द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार यह कार्बन फुट प्रोस्थेसिस भारत में ही बना है, इसलिए हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे देश में ही तकनीक बढ़ेगी। विकलांग लोगों को समाज में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह पैर उनके लिए सामाजिक और आर्थिक रूप से मददगार साबित होगा। डीआरडीओ ने कहा यह 'मेक इन इंडिया' का एक अच्छा उदाहरण है।*

#### पहले से 20,000 रु. से कम होगी लागत

अभी मार्केट में जो कृत्रिम पैर आते हैं, उनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये के आसपास होती है। लेकिन कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस 20,000 रुपए में भी कम कीमत में मिलेगा। इससे निम्न वर्ग के लोगों को पीड़ित लोगों को लाभ होगा। उम्मीद है कि इससे उत्पादन की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और यह लगभग 20,000 रुपए से भी कम हो जाएगी, जबकि वर्तमान में आयातित समान उत्पादों की लागत लगभग दो लाख है।

## खबर संक्षेप

### शशिकांत बने राकांपा शरदगुट के अध्यक्ष



**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी को नया अध्यक्ष मिल गया है। पार्टी ने शशिकांत शिंदे को प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। जयंत पाटील के इस्तीफा देने के बाद यह फैसला लिया गया है। उनके इस्तीफे के बाद कई नामों की अटकलें लगाई जा रहीं थी। शिंदे पश्चिम महाराष्ट्र मे गद्दावर नेता माने जाते हैं और उनके अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। इसके लिए कई नामों की चर्चा थी।

### शुक्लाजी की जगह दलित ओबीसी को भेजना था



**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन को पूरा करके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस लौट रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने बेतुका बयान किया। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पहले राकेश शर्मा अंतरिक्ष में गए थे, तब एससी-एसटी और ओबीबी इतने पढ़े लिखे नहीं थे। अब किसी दलित या ओबीसी को भी शुक्ला की जगह भेजना था।

### उदयपुर में 1100 किलो चांदी बरामद




**उदयपुर।** उदयपुर के गोगुंदा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गुजरात नंबर की एक गाड़ी से 1100 किलो चांदी बरामद की है। बताया जा रहापकड़ी गई चांदी की बाजार कीमत करीब 12 करोड़ के आसपास है। गोगुंदा टोल नाके पर नाकाबंदी के दौरान की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है। पुलिस ने 5 युवकों को डिटेन किया है।

### 25 'अवैध' उपभोक्ता उत्पाद जब्त



**अमरावती।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में ई-कॉमर्स मंचों— फ्लिपकार्ट, ई-कार्ट और मीशो से अप्रमाणित उपभोक्ता उत्पादों की एक बड़ी खेप जब्त की है। उसने कहा है कि कई मंच 'खतरनाक वस्तुओं की बिक्री और वितरण को आसान बना रहे हैं।अधिकारियों ने 25 से अधिक तरह के उपभोक्ता उत्पादों की एक बड़ी खेप जब्त की।

### बीएसई भवन को उड़ाने की धमकी झूठी निकली



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित प्रतिष्ठित 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (बीएसई) भवन को एक ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई, लेकिन परिसर की तलाशी लेने के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के एक कर्मचारी को रविवार को एक ईमेल आईडी से एक संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था।

### धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने वाला देश का 11वां राज्य बनेगा

शीत सत्र में बिल होगा पेश

# महाराष्ट्र में बनेगा अब तक का सबसे सख्त कानून, डीजीपी ने रिपोर्ट पेश की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए एक सख्त कानून पेश करने की योजना बना रही है। गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में अन्य राज्यों के समान कानूनों की तुलना में कड़े प्रावधान होंगे। लागू होने के बाद महाराष्ट्र ऐसा कानून लागू करने वाला भारत का 11वां राज्य बन जाएगा। पंकज भोयर ने सदन को बताया कि पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में एक पैनल का गठन किया गया है जो धर्मांतरण के खिलाफ एक ऐसा कानून तैयार करेगा जो बाकी 10 राज्यों की तुलना में अधिक सख्त होगा। इस मुद्दे पर पुलिस महानिदेशक द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और आगामी (शीतकालीन) सत्र में यह कानून पारित कर दिया जाएगा।राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आमतौर पर दिसंबर में महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाता है।



#### धर्मांतरण विरोधी कानून वाले 10 राज्यों की सूची

पहले राजस्थान, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू हो चुका है।

#### आदिवासियों का धर्मांतरण करने के लगते रहे आरोप

*भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार द्वारा इस तरह के कानून की ओर यह कदम भाजपा विधायकों द्वारा लगाए गए आरोप के बाद उठाया गया है कि विदेशी धन से निर्मित अवैध चर्चों के माध्यम से आदिवासियों का धर्मांतरण किया जा रहा है। भाजपा के अनूप अग्रवाल ने दावा किया कि पालघर और नंदुरबार जैसे आदिवासी जिलों में अवैध चर्चों की संख्या बेहद बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 2,000 की आबादी वाले गांवों में आधा दर्जन चर्च हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि धर्मांतरण धमकी और चिकित्सा सहायता के लालच के जरिए किया जाता है। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मार्च में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून की आवश्यकता की वकालत करते हुए कहा था कि सरकार को ऐसे मामलों की 1,00,000 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं।*

#### विधानसभा में भिड़े शिंदे और उद्धव गुट के विधायक

### *42 एकड़ जमीन, झोपड़पट्टी पुनर्वसन मामला, क्या आप मुख्यमंत्री हैं?*

महाराष्ट्र विधानसभा में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक वरुण सरदेसाई की तरफ से वांद्रा इलाके की 42 एकड़ जमीन और वहां के झोपड़पट्टी पुनर्वसन से जुड़े मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी हंगामा हुआ। इस प्रस्ताव पर एकनाथ शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई के जवाब से ठाकरे गुट के विधायक आक्रामक हो गए और खुद आदित्य ठाकरे ने भी सदन में तीखा रुख अपनाया।



#### शंभूराज का आरोप

शंभूराज देसाई ने कहा कि मुझे इस मुद्दे में ज्यादा गहराई में नहीं जाना था, लेकिन 2019 से 2022 के बीच तत्कालीन राज्य सरकार ने इस मामले में एक बार भी केंद्र से कोई पत्राचार नहीं किया। इतना कहते ही सदन में हंगामा मच गया। शंभूराज ने कहा कि हमने 2022 में सरकार बनने के बाद इस मुद्दे पर चार बार पत्र भेजे हैं। आपने क्या किया? हमारी बदनामी मत करो। बताओ, आपने क्या किया? अगर मैंने किसी का नाम नहीं लिया तो फिर तुम्हारी नाक में मिर्ची क्यों लगी?

#### रेलवे की जमीन ली तो उसका विरोध क्यों?

भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि इस मुद्दे का असर मेरे विधानसभा क्षेत्र पर भी है। जब धारावी पुनर्विकास के लिए रेलवे की जमीन ली जा सकती है तो फिर इस जमीन को लेकर विरोध क्यों हो रहा है? राज्य सरकार इसके लिए क्या प्रयास करेगी? इस पर मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि वे इस मामले में अपने कार्यालय में बैठक करेंगे।

### कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी व उत्तराखंड सरकार से 22 तक मांगा जवाब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों पर क्यूआर कोड लगाने और दुकान मालिकों की पहचान उजागर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। 22 जुलाई तक जवाब मांगा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के निर्देशों पर रोक लगा दी थी।

#### याची ने निजता के अधिकार का उल्लंघन कहा

कोर्ट में 25 जून को यूपी सरकार द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए झा ने कहा कि नए निर्देश के तहत कांवड़ मार्ग पर बने सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इससे दुकान मालिकों के नाम और पहचान का पता चले। इससे दोबारा वही भेदभाव किया जा रहा है, जिसे पहले इस अदालत ने रोका था। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का निर्देश, जिसमें स्टॉल मालिकों को कानूनी लाइसेंस आवश्यकताओं के तहत धार्मिक और जातिगत पहचान का खुलासा करने के लिए कहा गया है। यह दुकान, ढाबा और रेस्तरां मालिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

लखनऊ कोर्ट में सेना पर टिप्पणी का मामला

## राहुल ने किया समर्पण, सुनवाई के बाद 5 मिनट में मिली जमानत

### *20-20 हजार रुपए के दो मुचलके जमा किए*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सेना पर टिप्पणी मामले में दर्ज केस की सुनवाई मंगलवार को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम ने राहुल को हिरासत में लिया। सुनवाई के बाद 20-20 हजार की दो मुचलकों पर उन्हें जमानत दे दी गई। यह मुकदमा उन पर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर चल रहा है।



#### हाईकोर्ट ने खारिज की सावरकर मुद्दे पर जनहित याचिका

*बॉम्बे हाई कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर अपरिपक्व टिप्पणीकी है। यह याचिका डॉ. पंकज फडनीस द्वारा दायर की गई थी। वह अभिनव भारत कांग्रेस के संस्थापक अध्यक्ष हैं। उन्होंने मांग की थी कि अदालत राहुल को निर्देश दे कि वे याचिका को पढ़ें ताकि उनकी सावरकर को लेकर अज्ञानता दूर हो सके। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसा, याचिकाकर्ता का दावा था कि राहुल के बयान ने उनके उस मौलिक कर्तव्य के पालन के अधिकार का उल्लंघन किया है, जिसमें संविधान नागरिकों को स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों को संजोने और उनका पालन करने की बात कहता है। कोर्ट ने कहा हम यह आदेश कैसे दें।*

### त्रिभाषा नीति पर अब कर्नाटक में 'रार'

## राज्य सरकार ने जबरन थोपने की बात कही, विरोध भी किया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



महाराष्ट्र और तमिलनाडु में तो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 में प्रस्तावित थ्री लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध जमकर हुआ।

इसके बाद अब कर्नाटक की सरकार ने भी इसका विरोध किया है। सरकार थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को राज्य पर हिंदी थोपने के एक तरीके के तौर पर देख रही है। वहीं, टू लैंग्वेज करिकुलम की ओर उसके कदम ने भी बैचेनी पैदा कर दी है। इस समय कर्नाटक स्टेट बोर्ड के स्कूलों में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को फॉलो किया जाता है। इसके तहत राज्य के स्टूडेंट्स को क्लास 6 से थर्ड लैंग्वेज के तौर पर हिंदी, संस्कृत या कोई भी भारत की भाषा चुनने की इजाजत होती है। इस बीच, पहली भाषा तो कन्नड़ रहेगी और दूसरी इंग्लिश। हालांकि, उर्दू, मराठी, तेलुगू और तमिल मीडियम के स्कूलों में पहली भाषा ही मीडियम की संबंधित भाषा होगी।

### महिला सशक्तीकरण से महिला नेतृत्व विकास की ओर बढ़ रहा

**कटक।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कटक में रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में छात्राओं ने अपने पुरुष सहपाठियों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इसका प्रमाण है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे नौकरी प्रदाता बनें।



## 'भारतनेट' योजना का जल्द शुरू होगा तीसरा चरण

# तीन सालों में 6 लाख गांवों तक पहुंचेगा हाईस्पीड इंटरनेट

*दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की एक बड़ी योजना है कि अगले तीन सालों में देश के छह लाख गांवों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार गांवों को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर-बेस्ड ब्रॉडबैंड से जोड़ने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य है कि देश में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत किया जाए और बड़े शहरों के बाहर भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ाया जाए।

सीआईआई-जीसीसी बिजनेस समिट में दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारतनेट फेज 3 नाम की इस योजना पर 1.39 लाख करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत तीन सालों के अंदर हमारी सभी ग्राम पंचायतें (लगभग 2.5 लाख) और उनसे जुड़े गांव (लगभग 6 लाख) हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्कसे जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह इन्फ्रास्ट्रक्चर जीसीसी को छोटे शहरों (टियर 2 और टियर 3) में विस्तार करने में मदद करेगा, जिससे वे बड़े शहरी केंद्रों से आगे बढ़ सकेंगे।

**भारतनेट फेज 3 योजना पर 1.39 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे**

**भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है**





### ऑप्टिकल फाइबर से जुड़ेंगे मोबाइल टॉवर

*नीरज मित्तल ने बताया कि इस योजना में मोबाइल टावरों को भी ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा। इससे नेटवर्क की स्पीड बेहतर होगी और भविष्य में आने वाली 6G सेवाओं के लिए भी तैयारी हो जाएगी। सरकार वाई-फाई को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम को खाली करने पर भी काम कर रही है। साथ ही टेलीकॉम सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्टार्टअप्स और छोटे व मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।*

### सबसे कम डेटा लागत और मजबूत स्पीड

नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, जबकि दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है। यह जीसीसी के लिए एक बहुत बड़ी सुविधा है। भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है।

### 5जी कवरेज लगभग पूरे देश में

दूरसंचार सचिव ने बताया कि हम जीसीसी के 99.6 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। देश में सिर्फ दो जिले ऐसे हैं जहां 5जी नहीं है। तीन कंपनियां अब नए लाइसेंस के साथ बिजनेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इन टियर 2, टियर 3 शहरों और उन लोगों को जोड़ेंगी जो इन जीसीसी के लिए काम करना चाहते हैं, जहां भी वे चाहें।


## खबर संक्षेप

### यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई पीएम



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेंको को देश का नया पीएम नियुक्त किया है। वहीं लंबे समय से इस पद पर रहे निवर्तमान पीएम डेनिस शम्हाल को नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं निवर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का नया राजदूत बनाया जा सकता है। स्विरीडेंको इससे पहले यूक्रेन के उप पीएम पद पर तैनात थीं। हालांकि अभी नई नियुक्तियों को यूक्रेनी संसद की मंजूरी जरूरी होगी। यूलिया ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता युद्धग्रस्त यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बेहतर करना है।

### बांग्लादेश की गिरफ्त में 34 भारतीय मछुआरे




**कोलकाता।** मछुआरों के एक संघ ने पश्चिम बंगाल के 34 मछुआरों को बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा समुद्री सीमा पर हिरासत में लिए जाने का दावा किया है। सुंदरबन सामुद्रिक मत्स्यजीवी श्रमिक संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के अधिकारियों को नामखाना से मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं (ट्रॉलर) पर सवार होकर समुद्र में गए मछुआरों को हिरासत में लिए जाने के बारे में सूचित कर दिया गया है। मछुआरों को 13 जुलाई को हिरासत में लिया गया था।

### ड्रोन हमले के बाद इराकी तेल क्षेत्र में आग लगी



**बगदाद।** इराक के दुहोक प्रांत में एक तेल क्षेत्र पर मंगलवार को ड्रोन से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। यह उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में तेल सुविधाओं पर हाल में किए गए इसी तरह के हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। हमले में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी के भी जख्मी होने की सूचना नहीं है। आपात प्रक्रिया दल आग पर काबू पाने की मशक्कत कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है तथा परिचालन स्थगित कर दिया गया है।

### पनामा के प्रशांत तट पर 6.2 तीव्रता का भूकंप



**पनामा सिटी।** पनामा के प्रशांत तट पर सोमवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, यह भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास पनामा के चिरिकी प्रांत में पंटा बुरीका से लगभग 210 किलोमीटर दक्षिण में, 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह क्षेत्र कोस्टा रिका की सीमा के समीप स्थित है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के कारण किसी भी प्रकार की सुनामी की आशंका नहीं है।

## चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कहा

# रिश्ते सुधर रहे, दोनों देशों के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे

**स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने की जरूरत पर जोर**

*शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि एससीओ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबला करना है। सभी सदस्य देशों को 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर मजबूती से टिके रहना होगा*

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जिनपिंग से मुलाकात की जानकारी दी। आज सुबह बीजिंग में एसीओ विदेश मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मैंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मैंने राष्ट्रपति शी को भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हालिया प्रगति से अवगत कराया और इस दिशा में हमारे नेतृत्व द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की। यह मुलाकात आपसी समझ को गहराने और सहयोग को मजबूती देने की दिशा में एक अहम पहल रही। यह भेंट भारत-चीन संबंधों को संतुलन और संवाद के नए आयाम देने की संभावनाओं के दृष्टिकोण से भी बेहद अहम मानी जा रही है। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे हैं। वे पांच साल में पहली बार चीन पहुंचे हैं।



**सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने की दिशा में आगे बढ़े**

**विदेश मंत्री वांग से बोले**

### सीमा से जुड़े अहम मुद्दों पर दें ध्यान

इससे पहले जयशंकर ने विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। इस बैठक में उन्होंने दोनों देशों के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने की जरूरत पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाना चाहिए और व्यापार में आ रही रुकावटों को हटाने पर काम करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि आपसी सम्मान और समझदारी के आधार पर भारत-चीन संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ सकते हैं। जयशंकर ने साफ कहा कि चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो भारत के उत्पादन क्षेत्र को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

### आतंकवाद कतई बर्दाश्त न करें एससीओ



*एसीओ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर भारत का स्पष्ट रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि एससीओ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबला करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी सदस्य देशों को 'जीरो टॉलरेंस' (कतई बर्दाश्त न करने) की नीति पर मजबूती से टिके रहना चाहिए।*

### ईरान से आपसी सहयोग पर चर्चा की



वहीं डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराज़ची से मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा कि तिआंजिन में आयोजित एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराज़ची से मुलाकात करना सुखद रहा। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय मुद्दों और आपसी सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों की पृष्ठभूमि में इस तरह की संवादपूर्ण मुलाकातें दोनों देशों के हितों को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### रूसी विदेश मंत्री से की चर्चा




भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि मंगलवार को दोपहर तिआंजिन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक घटनाक्रमों पर सार्थक चर्चा हुई।

## यूएस राष्ट्रपति ट्रंप की रूस को धमकी

# यूक्रेन से 'शांति समझौता' नहीं तो लगेगा भारी टैरिफ



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस 50 दिनों के भीतर यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। अमेरिका उसकी अर्थव्यवस्था पर 100% तक के भारी टैरिफ लगाएगा।

ओवल ऑफिस में नाटो के महासचिव मार्क रूटे के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को जल्द से जल्द हथियार भेजे जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मैं राष्ट्रपति पुतिन से निराश हूं। मुझे लगा था कि दो महीने पहले हम समझौता कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

ट्रंप ने यह भी कहा कि वे पुतिन के खेल में नहीं फंस रहे हैं। ट्रंप ने पुतिन को कठोर इंसान बताते हुए कहा कि उन्होंने क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडेन को बेवकूफ बनाया, लेकिन मुझे बेवकूफ नहीं बना सकते।

### नाटो के जरिए यूक्रेन को देंगे पैट्रियट मिसाइल

ट्रंप ने बताया कि रूस ने 2022 में यूक्रेन पर बिना उकसावे के हमला किया था और अब शांति वार्ता के बीच हमले तेज कर दिए हैं। ट्रंप और रूटे ने एक योजना पर चर्चा की, जिसमें अमेरिका नाटो सदस्य देशों को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें बेचेगा, जो बाद में यूक्रेन को दी जाएंगी। ट्रंप ने मीडिया से कहा कि हम नाटो सहयोगियों के साथ सौदा पूरा कर चुके हैं। हम ढेर सारे हथियार भेजेंगे और नाटो देश इनका 100 फीसदी भुगतान करेंगे। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर बताया कि उन्होंने ट्रंप से फोन पर बात की और नई सैन्य मदद और शांति प्रयासों पर चर्चा की।

### ट्रंप की धमकियों से नहीं डरते: रूस

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी को रूस ने सिरे से खारिज कर दिया है। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि हम किसी भी तरह के अल्टीमेटम को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि रूस किसी तरह की धमकी या दबाव में नहीं झुकेगा। रयाबकोव ने कहा कि मास्को कूटनीतिक बातचीत को प्राथमिकता देगा, लेकिन उसे पश्चिम से 'लोहे जैसे ठोस आश्वासन' चाहिए, खासकर इस बात पर कि यूक्रेन नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। वहीं, क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि ट्रंप की टिप्पणी 'गंभीर' है और मास्को इसे विस्तार से समझने की कोशिश करेगा।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# मणिपुर के पांच जिलों में 86 हथियार सहित 974 गोला और बारूद बरामद

एजेंसी ▶▶ इंफाल


मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक (जोन-2) के. कबीब ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया।



### 5 उग्रवादियों समेत 7 गिरफ्तार

मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय सदस्य को सोमवार को थौबल जिले के लीरोंगथेल पित्रा से गिरफ्तार किया गया, जो कि थौबल जिले में वसूली और कैडर की सक्रिय भर्ती में शामिल था।



### न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में भारी बारिश से बाढ़, आपातकाल की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तर-पूर्व और मिड-अटलांटिक क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते न्यूयॉर्क शहर और उत्तरी न्यू जर्सी में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने सोमवार देर रात राज्य में आपातकाल की घोषणा की और लोगों से घर के अंदर रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने न्यूयॉर्क शहर के सभी पांच इलाकों (मैनहट्टन, ब्रोंक्स, ब्रुकलिन, क्वींस और स्टेटन आइलैंड) में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। सोमवार शाम तक स्टेटन आइलैंड में 1.67 इंच और मैनहट्टन के चेल्सी क्षेत्र में 1.47 इंच बारिश दर्ज की गई।

## यात्रा टोकन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह



### बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

*जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर में स्थित बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जम्मू के सरस्वती धाम में आना लगातार जारी है। भारी बारिश के बावजूद बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का उत्साह, भक्ति और श्रद्धा बरकरार है। श्रद्धालुना कतार में लगकर अपना पंजीकरण करवा रहे हैं। वहीं, मंदिर में दर्शन के लिए 6,388 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार तड़के यहां एक आधार शिविर से रवाना हुआ।*

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा, जीप खाई में गिरी

# दो स्कूली बच्चों सहित 8 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। मुवानी कस्बे से बोकटा जा रही मैक्स खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, शाम करीब पांच बजे जिला मुख्यालय से लगभग 52 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ है। जीप के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। 8 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से राहत-बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घायलों को नदी से निकालकर सड़क तक पहुंचाने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। सभी मृतक बोकटा के बताए जा रहे है। हादसे के बाद बोकटा गांव में कोहराम मचा हुआ है।



### सीएम धामी ने जताया दुख

*हादसे पर सीएम धामी ने भी दुख जताया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद पिथौरागढ़ के मुवानी क्षेत्र में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।*

### डोडा में वाहन के खाई में गिरने से 5 की मौत



*जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35), रफीका बेगम (60) को डोडा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बचावकर्मियों ने 17 लोगों को अस्पताल पहुंचाया और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।*

## चार ठिकानों से 3.3 करोड़ रु. नकदी विदेशी मुद्रा सहित महंगे वाहन जब्त

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को मुंबई में अवैध 'डब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपए की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं।



### प्रदेश में निवेश को लेकर दुबई के निवेशक उत्साहित, डॉ. यादव के साथ निवेश की संभावनाओं पर हुआ व्यापक और सकारात्मक संवाद

# मुख्यमंत्री ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा
# निवेशकों को बताया, मध्यप्रदेश है निवेश के लिए श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स (जीआईआई) के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाटा समूह के कॉरपोरेट अफेयर्स एवं ग्रोथ (एमईएनए रीजन) प्रमुख अंकुर गुप्ता से भी मुलाकात की। चर्चा में आईटी, ऊर्जा, स्टील, ऑटोमोबाइल, एयरलाइंस, उपभोक्ता उत्पाद और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह को मप्र में रणनीतिक निवेश केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हुए राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और त्वरित अनुमतियों की जानकारी दी।



### अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने पर जोर

गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम (जीएमबीएफ) के अध्यक्ष डॉ. सुनील मांजरेकर के साथ बैठक में जीएमबीएफ की ओर से मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों से सीधे संवाद के लिए मंच प्रदान करने सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जीएमबीएफ की ग्लोबल कनेक्ट सीरीज़ के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बीडीओ एज के हेड ऑफ एडवायजरी शिवेंद्र झा ने भेंट कर भोपाल में 150-सीटर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर की स्थापना और इंदौर में प्रस्तावित दूसरा डिजिटल सेंटर की जानकारी साझा की। यह केंद्र डिजिटल व परामर्श सेवाओं में रोजगार सृजन करेगा। साथ ही अगले तीन वर्षों में 800-1000 उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन का लक्ष्य है।

### अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई

शराफ डीजी ग्रुप के चेयरमैन इब्राहिम शराफ के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 30-50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से रेल साइडिंग लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे राज्य में 300 से 600 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्सार अल घुरैर इन्वेस्टमेंट के प्रतिनिधि योसेफ अल गुरैर से मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल शोधन इकाई और कोल्ड चेन वेयरहाउस परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। समूह ने राज्य के किसानों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई।

### मप्र में स्टील प्लांट की स्थापना की योजना

कोनेरिस ग्रुप के सीईओ भरत भाटिया ने मध्यप्रदेश में यूएस डॉलर 75 मिलियन लागत से स्टील प्लांट की स्थापना की योजना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी। कंपनी पहले से ही 26 देशों में स्टील उत्पाद भेजती है और भारत में अपनी उपस्थिति राज्य के माध्यम से बढ़ाना चाहती है। एतिसालात ग्रुप के सीईओ खालिद मुर्शिद से स्मार्ट सिटी, 5जी नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ और डिजिटल स्किल डवलपमेंट के क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव रखें। कंपनी 16 से अधिक देशों में कार्यरत है और मध्यप्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में रुचि रखती है।

### ब्रावो ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश में रुचि दिखाई

ब्रावो फार्मास्युटिकल्स के निदेशक राकेश पांडेय ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश रुचि दिखाई, वहीं स्मार्ट स्टार्ट फंड के प्रशांत गुलाटी ने आईटी और वित्तीय सेवाओं से जुड़े स्टार्टअप्स को मध्यप्रदेश में प्रोत्साहित करने की बात कही। अनलाह वेंचर पार्टनर्स के हितेश धनकानी ने म्यूचुअल फंड, बीमा और इक्विटी सेवाओं में निवेश की योजना साझा की और स्पैन कम्युनिकेशन्स के सीईओ नरेश खेतरपाल ने राज्य में पर्यटन, नेचुरोपैथी रिसॉर्ट और क्रूज टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपए निवेश के साथ 100-150 रोजगार सृजन की संभावना जताई। वहीं, ब्लूवर्स इंडिया के रुशांग शाह ने पर्यावरण-अनुकूल वाहन धुलाई तकनीक और जल संरक्षण आधारित समाधान लाने की योजना साझा की।

### सीएम डॉ. यादव ने किया आश्वस्त

### सरकार निवेशकों को देगी हर संभव सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता, नीति समर्थन और त्वरित अनुमतियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीतियां, प्रशिक्षित कार्यबल, प्राकृतिक संसाधन और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। यह यात्रा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश नक्शे पर और सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

## डॉ. यादव की लुलु समूह के निदेशक सलीम से कृषि निवेश पर हुई चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दूसरे दिन दौरान लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के निदेशक सलीम एमए से वन-टू-वन मुलाकात हुई। उन्होंने लुलु समूह के वैश्विक अनुभव और नेटवर्क की सराहना करते हुए प्रदेश में अत्याधुनिक 'खाद्य एवं कृषि-प्रसंस्करण केंद्र' की स्थापना के लिए आमंत्रित किया, जिसमें फल, सब्जियां, मसाले और अनाज का वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ाव सुनिश्चित हो सके। बैठक में मध्यप्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण और खाद्य उद्योग में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. यादव ने सलीम को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर जैसे प्रथम और द्वितीय श्रेणी के शहरों में आधुनिक खुदरा विक्रय केंद्र तथा विशाल विपणन केंद्र (हाइपर मार्केट) की स्थापना के लिए आमंत्रित किया। बैठक में इंदौर-निमाड़ क्षेत्र में ताजे उद्यानिकी एवं कृषि उत्पाद एकत्रीकरण और वितरण केंद्र की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### लुलु समूह ने जताई निवेश की इच्छा

बैठक में मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) और एमपी एग्रो के सहयोग से लॉजिस्टिक्स और कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में लुलु समूह की भागीदारी को लेकर चर्चा हुई, जिससे प्रदेश में रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि लुलु जैसे वैश्विक निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश को खाद्य एवं कृषि क्षेत्र में वैश्विक बाजार से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं लुलु समूह ने राज्य सरकार की नीतियों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए सहयोग और निवेश की प्रबल इच्छा जताई। बैठक में प्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

### टेक्नोलॉजी और संयुक्त निवेश फोरम की संभावनाओं पर चर्चा

## मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ समुदाय को किया औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने आमंत्रित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उज्जैन, मंदसौर, बसई में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी का न्योता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) के प्रतिनिधियों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, स्किलिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के सरकार के विजन को साझा किया और जेआईटीओ समुदाय को प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज अनुकूल औद्योगिक नीतियों के कारण निवेश के लिए देश का सर्वाधिक उपयुक्त राज्य बन चुका है। सरकार निवेशकों को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि जमीन आवंटन से लेकर परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय सहयोगी की भूमिका भी निभा रही है।



### एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम पर विचार

बैठक के दौरान मध्यप्रदेश और जेआईटीओ के बीच संभावित सहयोग के अनेक बिंदु पर चर्चा हुई, जिनमें दुबई में एक वार्षिक 'एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम' की स्थापना करने पर भी विचार किया गया। इस फोरम के माध्यम से मध्यप्रदेश की लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रिक वाहन, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर जैसी प्रमुख परियोजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सकेगा। डॉ. यादव ने इस अवसर पर जेआईटीओ प्रतिनिधियों को आगामी निवेश फोरम के आयोजन का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़े टैक्सटाइल और फूड सेक्टर के कॉरपोरेट्स को उज्जैन, मंदसौर और बसई जैसे क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है।

### उद्यमियों के साथ समन्वय को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि दुबई स्थित कौशल विकास संस्थान मप्र के ग्लोबल स्किल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करे, जिससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन मिल सके। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़ी क्लीनटेक कंपनियों को प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए आमंत्रित किया और बताया कि राज्य की नवकरणीय ऊर्जा नीति इन क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देती है। बैठक में जेआईटीओ के पदाधिकारी, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ और प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वे मध्यप्रदेश में स्किलिंग, टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन और सामाजिक परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया टेक्समास मुख्यालय का दौरा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टैक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप टेक्समास के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है।

टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। यह दुबई के टैक्सटाइल री-एक्सपोर्ट हब के रूप में विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। चेयरमैन नासिर अखून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने सीईपीए के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।

### दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की

## वैश्विक टैक्सटाइल हब के रूप में मध्य प्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल



### डिजिटल टैक्सटाइल नवाचार में सहयोग

टेक्समास द्वारा अपनाए जा रहे ई-कॉमर्स आरएफईडी इन्वेंट्री और डिजिटल लॉजिस्टिक्स समाधानों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिए यूएई कंपनियों को आमंत्रित किया। बैठक में टेक्समास के ईयू, यूस मानकों के अनुरूप हरित वस्त्र उत्पादन और लॉजिस्टिक्स में ग्रीन इनिशिएटिव्स पर भी चर्चा हुई। डॉ. यादव ने बताया कि मप्र हरित टैक्सटाइल और जैविक कॉटन जैसे क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है।

### टेक्समास जैसी संस्थाओं को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र इंडिया, इजराइल, यूएई, यूएसए के फोकस क्षेत्रों क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश के लिए तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया। डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार नई पीढ़ी के टैक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने टेक्समास से युवा उद्यमियों के साथ जुड़ने और बी टू बी संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि टेक्समास जैसे वैश्विक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर मप्र को कपड़ा उद्योग में वैश्विक हब बनाने की राज्य सरकार की योजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

### दुबई के टैक्सटाइल व्यवसायियों ने प्रदेश से जुड़ने में जताई रुचि

मध्यप्रदेश में श्रेष्ठ कॉटन, दुबई के उद्योगपति आएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुबई में टैक्सटॉइल सिटी पहुंच कर प्रवासी भारतीयों के बिजनेस मॉडल का अवलोकन एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा। उन्होंने टैक्सटाइल सिटी के प्रमुख व्यवसायियों से चर्चा भी की और उन्हें पीएम मित्र पार्क की जानकारी दी। उद्यमियों ने टैक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से जुड़ने में रुचि भी जताई है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि यहां के अधिकांश उद्यमी मध्यप्रदेश आएं। टैक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में सबसे शुद्ध कॉटन मध्यप्रदेश में मिलता है। हम टैक्सटाइल के क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित करते हैं।

### दुबई में हुआ बहुत अच्छा प्रयोग

डॉ. यादव ने कहा कि यहां एक बहुत अच्छा प्रयोग हुआ है। यहां के व्यापारियों ने दुबई सरकार से जमीन लेकर तथा समिति बनाकर अपना एक मार्केट बनाया है। इस मार्केट की विशेषता है कि यहां तीन फ्लोर तक कार्य किया जाता है। आगे शोरूम भी है। रिटेल शॉप के साथ पीछे गोडाउन है। यह बहुत आदर्श व्यवस्था है। उन्होंने उद्यमियों से अपेक्षा की है कि आप भी यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़े और उनके साथ मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चले और इसमें आपका पूरा सहयोग हो। दुबई के उद्यमियों को देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र) के विकास और मध्यप्रदेश में धार जिले में प्रारंभ प्रकल्प की जानकारी भी दी गई।

---

### 150 फिट गहरी खाई में मिला अज्ञात शव



**कोरबा।** यहां ढेगुरनाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शव लगभग 150 फीट गहरी खाई में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी लालघाट डेंगुरनाला से लगे लगभग 100 मीटर दूर में एक गड्ढा है जो लगभग 150 फीट गहरा बताया जा रहा है। उसके आसपास से बदबू आ रही थी। जहां बस्ती के लोग जब उस रास्ते से गुजर रहे थे, इस दौरान दुर्गंध से उन्हें पहले लगा कि कोई जंगली जीव जंतु या फिर मवेशी होगा। पास जाकर देखा तो किसी व्यक्ति का शव था। देखते ही देखते बस्ती वासियों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना पहले 112 को दी गई जहां मौके पर पहुंचे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए संबंधित सिविल लाइन थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर लाश मिली है वहां काफी मात्रा में राखड़ डंप किया गया है।

## रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर और होटल सागर के मालिक के घर ईडी की कार्रवाई

सुबह 6 बजे तीन इनोवा में सवार होकर पहुंची टीम, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छत्तीसगढ़ में छापेमारी कार्रवाई जारी है। रायपुर में रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर के यहां और दुर्ग जिले में होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक के दीपक नगर स्थित घर में ईडी की रेड पड़ी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्ग में सुबह 6 बजे तीन इनोवा में सवार होकर टीम पहुंची। बताया जाता है कि इस ग्रुप के अलग-अलग नाम से कई फर्म हैं। इस समहू के



परिवार से जुड़े सदस्यों ने छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम किया था। होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक विजय अग्रवाल हैं। वो दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के बड़े कारोबारियों में से एक हैं। सीआरपीएफ के जवान कारोबारी के घर पर मुस्तैद हैं। बताया जा रहा है कि मनी-लॉड्रिंग से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। रेल नीर घोटाला में भी इस परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगे थे। फिलहाल, तीन भाइयों के इस परिवार में अब बंटवारा हो चुका है, लेकिन शुरुआती कार्रवाई में ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस ग्रुप के किस भाई के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। चर्चा ये भी है कि तीनों भाइयों को ईडी ने अपने जांच के दायरे में रखा है।

### मुख्यमंत्री साय की पहल, हरी झंडी दिखाकर किया प्रस्थान

## 'श्री रामलला दर्शन योजना' के तहत श्रद्धालु रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर प्रदेशवासियों को श्रीराम लला दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' जन-जन के जीवन से जुड़ रही है।

सीएम साय ने मंगलवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या



धाम के लिये रवाना किया। रायपुर संभाग से कुल 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिये रवाना हुए। सीएम साय ने सभी के सुखद यात्रा के लिये मंगलमय कामना की। इसके बाद सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा कि प्रबिसि नगर कीजे सब काजा,हृदयँ राखि कोसलपुर राजा। राजधानी रायपुर से 'श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना' के अंतर्गत पुण्यदायी यात्रा का शुभारंभ हुआ। रायपुर रेल्वे स्टेशन से रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए हैं।

### सिंह ने कटनी में उठाया ओबीसी के लिए 27% आरक्षण का मुद्दा



**कटनी।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल कार्यकर्ता बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को कटनी पहुंचे, जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी के पटेल ने की। पार्टी के मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने कहा, हमारा लक्ष्य मप्र में संगठन को दलित, शोषित, वंचित वर्ग के लिए एक सुदृढ़ विकल्प बनाने का है। हमारा राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को जल्द से जल्द 27% किए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन, सीता शरण सिंह, श्रीकांत पटेल, संतराम पटेल, प्रतिभा पटेल, जगदीश पटेल, विजय कुमार पटेल, संतोष पटेल, शेषबहादुर सिंह पटेल, सुभाष पटेल, चैतुराम पटेल, रेखा पटेल व अन्य कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने पकड़ा

## खाने के बिल को लेकर होटल संचालक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

हरदीबाजार के बस स्टैंड में स्थित सांई भोजनालय के संचालक अशोक कुमार जायसवाल पर दो युवकों ने जानलेवा हमला किया। अशोक कुमार जायसवाल 70 वर्षीय होने के साथ-साथ एक पैर से अपाहिज हैं। हमलावरों ने उन पर चम्मच और लोहे के करछुल से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। उसके सिर पर गभीर चोंट आई है। हमलावरों ने होटल में मुर्गा भात खाने के बाद पैसों के विवाद में अशोक कुमार जायसवाल पर हमला किया। घायल होटल संचालक बस स्टैंड हरदीबाजार में सांई भोजनालय के नाम से होटल का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि एक पैर से अपाहिज है। दो युवक उतरदा रेलबडरी निवासी संजय कश्यप और नेवसा ओझापारा निवासी राजेंद्र पोर्ते होटल में खाना खाने पहुंचे। उन्होंने होटल में 60-60 रुपये का मुर्गा रोटी खाया और पैसा देने के समय 50-50 रुपये देते हुए दोनों गंदी-गंदी, गाली-गलौज करने लगे। गाली देने पर मना किया, तब होटल संचालक अशोक कुमार जायसवाल ने कहा ठीक है 50-50 रुपए दे दो बोलकर



एक और ग्राहक बैठा था उसे खाना देने लगा। तभी एक युवक खाना निकालने वाले चम्मच उठाकर पीछे से सिर पर हमला कर दिया। बाकी ग्राहकों में से किसी ने बचाने का प्रयास नहीं किया। पत्नी कृष्णा जायसवाल भी थी जो बीच बचाव करती रही थी। लहूलुहान हालत में शोरगुल होने पर आस-पास से लोग दौड़े आए। दोनों लोग धमकी देकर फरार हो गए। उनमें से एक युवक को 1 किमी दूर कॉलेज चौक के पास पकड़ कर थाना ले आए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों पर बीएनएस 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस ने अशोक कुमार जायसवाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।

## टर्की में छिपे सरगना को लाने भारत सरकार से मिली अनुमति

# डिमांड पर बढ़ी भाई महमूद की दो दिन की रिमांड, बेटा-भतीजा समेत तीन गए जेल

**जमीन-जायदाद, लेन-देन और गैंग नेटवर्क पर मिले अहम सुराग, मर्सिडीज जब्त**

हरिभूमि, जबलपुर।

जेल में बंद कुख्यात बदमाश अब्दुल रज्जाक उर्फ पहलवान गैंग के खिलाफ जबलपुर पुलिस की बहुस्तरीय कार्रवाई अब निर्णायक मोड़ पर है। मंगलवार को न्यायालय में पेशी के दौरान बड़ी सफलता मिली जब गैंग के वित्तीय कर्ता-धर्ता मोहम्मद महमूद की पुलिस डिमांड पर दो दिन की रिमांड बढ़ा दी गई, वहीं रज्जाक के बेटे मोहम्मद सरफराज, भतीजे अजहर और सज्जाद को पांच दिन की रिमांड खत्म होने पर जेल भेज दिया गया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन और एएसपी सिटी आनंद कलादगी के नेतृत्व में चल रही पूछताछ में अब तक गैंग की संपत्तियों, लेन-देन और अवैध निवेश से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आ चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक महमूद को रिमांड पर बनाए रखने का मुख्य उद्देश्य फरार आरोपियों अब्बास और रियाज के ठिकानों और गतिविधियों का पता लगाना है।

### सरताज की वापसी की खुली राह

खास बात यह है इस पूरे घटनाक्रम में गैंग का मास्टर माइंड सरगना सरताज जो लंबे समय से टर्की में छिपा है, उसे वापस लाने की कवायद अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जबलपुर पुलिस द्वारा उच्च स्तरीय पत्राचार के बाद भारत सरकार ने सरताज को देश लाने की अनुमति लगभग प्रदान कर दी है और अब प्रत्यार्पण प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी।



### गौर डेयरी से मिली एक और मर्सिडीज

न्यायालय पेशी के दौरान रज्जाक के नेटवर्क को आर्थिक रूप से तोड़ने की दिशा में मंगलवार को भी अहम कार्रवाई की गई है। पुलिस ने गौर डेयरी परिसर से एक लग्जरी मर्सिडीज कार बरामद की है, जो गैंग के धनबल और दिखावे की संस्कृति का प्रतीक है। पूर्व में प्रशासन द्वारा सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर का पंजीयन निरस्त कर क्लीनिक को सील किया जा चुका है।

### पनाहगारों में दहशत, अंडरग्राउंड

पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ में यह भी स्पष्ट हुआ है कि फरारी के दौरान आरोपियों को कई प्रभावशाली लोगों ने पनाह दी थी। पुलिस ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कर गोपनीय तौर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कई पनाहगार अपनी कॉलर फंसता देख अंडर ग्राउंड हो गए है। हालांकि पुलिस का दावा है जल्द ही उनको भी बेनकाब कर दिया जाएगा।

### वापसी और नए सुरागों पर टिकी निगाहें

जिस प्रकार इस मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक दबाव बनाकर सरताज की वापसी की राह खोली है। वह निश्चित रूप से जबलपुर पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। अब सभी की निगाहें सरताज की भारत वापसी और महमूद की रिमांड में पूछताछ से निकलने वाले नए सुरागों पर टिकी हैं जो रज्जाक गैंग के समूल नाश की दिशा में अगला बड़ा कदम साबित होंगे।



### सरताज को लाना प्राथमिकता



हम न सिर्फ अपराधियों को पकड़ रहे हैं, बल्कि उनके पूरे आर्थिक और सामाजिक नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सरताज को भारत लाना हमारी बड़ी प्राथमिकता है, जिससे गैंग की जड़ों तक पहुंचकर उसे पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

# 60 दिन बाद प्रभावी होगा क्लीनिकों के पंजीयन का निरस्तीकरण आदेश

जबलपुर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा डॉ राहुल अग्रवाल एवं डॉ आकाश जैन द्वारा संचालित क्लीनिकों के पंजीयन को निरस्त करने का जारी किया गया आदेश तत्काल प्रभाव से लागू न होकर साठ दिनों की अवधि के बाद अथवा नेशनल मेडिकल काउंसिल द्वारा पारित आदेश के अनुसार प्रभावशील होगा। मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी ने इस संबन्ध में संशोधित आदेश भी जारी कर दिया है। ज्ञात हो कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने कल 14 जुलाई को डॉ राहुल अग्रवाल एवं डॉ आकाश जैन द्वारा संचालित क्लीनिकों चंद्रिका विहार अपार्टमेंट नेपियर टाउन स्थित डॉक्टर हाउस, मदन महल गुरुद्वारा के समीप कौशल मार्केट स्थित मोदी क्लीनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर तथा ग्राम जुनवानी स्थित साईं सेवालय क्लीनिक के पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश जारी किया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के 14 जुलाई के इस आदेश में कहा गया था कि मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल द्वारा उपचार में बरती गई लापरवाही से एक व्यक्ति की मृत्यु होने की प्राप्त शिकायत पर उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण और सुनवाई करने के बाद डॉ राहुल अग्रवाल एवं डॉ आकाश जैन का पंजीयन तीन माह के लिये निलंबित करने का निर्णय पारित किया गया है और मेडिकल काउंसिल के इस निर्णय के परिपालन में इन दोनों चिकित्सकों के क्लीनिकों का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने 14 जुलाई को जारी किये गये आदेश का आज पुनः परीक्षण किया। परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि "यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा" का इस आदेश में त्रुटिवश उल्लेख हो गया था। जबकि, वास्तव में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के मूल आदेश के अनुसार इन दोनों चिकित्सकों द्वारा संचालित क्लीनिकों के पंजीयन का निरस्तीकरण साठ दिनों की अवधि उपरांत अथवा नेशनल मेडिकल काउंसिल द्वारा पारित आदेश के अनुसार प्रभावशील होगा।

# नशे से दूरी, है जरूरी अभियान का शुभारंभ





**पुलिस कप्तान ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ, स्कूली छात्रों में दिखा उत्साह**

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रदेशभर में चलाए जा रहे 15 दिवसीय नशे से दूरी, है जरूरी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत सोमवार को श्रीराम कॉलेज परिसर में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने की। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज में जागरूकता फैलाना है। कप्तान उपाध्याय ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि "नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। जबलपुर पुलिस का प्रयास है कि हर नागरिक इस अभियान का हिस्सा बने और जिले को नशा मुक्त बनाए। कार्यक्रम में सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे स्वयं, अपने परिवार और समुदाय को नशे से दूर रखेंगे।

### लगातार जारी रहेगा अभियान-

इसी क्रम में थाना बरेला अंतर्गत जमतरा नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय द्वारा किया गया, जहां उन्होंने उपचाररत व्यक्तियों से संवाद कर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिताएं, जनसंवाद, नुक्कड़ नाटक, पुस्तिका वितरण, रैलियां और सार्वजनिक मंचों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तमरहाई, चेरीताल, और होली क्रॉस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित-

अभियान के शुभारंभ अवसर पर एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, रक्षित निरीक्षक जेपी आर्य, थाना प्रभारी, एनसीसी/एनएसएस छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धार्मिक आयोजनों के लिए किराया मंजूर नहीं, बंद रहा सदर

## बैरिकेडिंग तोड़कर कैंट बोर्ड के सामने धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी

जबलपुर।





कैंट बोर्ड द्वारा शिवाजी ग्राउंड में आयोजित किए जाने वालें धार्मिक आयोजनों पर प्रतिदिन के हिसाब से लगाए गए किराए के विरोध में श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति सहित अन्य संगठनों के आव्हान पर मंगलवार को सदर बाजार बंद रहा। विभिन्न संगठनों के लोग सुबह से ही बंद को लेकर सक्रिय हो गए थे। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि कैंट बोर्ड द्वारा लगाए गए बेरीकेटिंग तोड़कर कैंट बोर्ड कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। वहीं शाम को कैंट बोर्ड सीईओ के बंगले के सामने थाली बजाकर प्रदर्शन किया। बंद के आव्हान को लेकर सामाजिक,राजनैतिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मंगलवार की सुबह रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। सभी संगठन के प्रतिनिधि यहां से धर्म गुरुओं के नेतृत्व में रैली की शक्ल में सदर बाजार की विभिन्न गलियों से नारेबाजी करते हुए शिवाजी ग्रांउड के समीप पहुंचे।पुलिस ने यहां बैरिकेडिंग कर रखी थी, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए बोर्ड कार्यालय तक जा पहुंचे। लिहाजा छुटपुट झड़प के साथ प्रदर्शन किया गया।पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे का कहना है कि कैंट बोर्ड प्रशासन ने 2016 के एक स्वीकृत प्रस्ताव को में परिवर्तन करते हुए फरवरी 2025 में स्पेशल बोर्ड बैठक कर शिवाजी मैदान में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन पर रेंट निर्धारित किया था। ऐसे में मौखिक आश्वासन पर यह कैसे मान लिया जाए कि बोर्ड प्रशासन ने अब निर्धारित किया गया शुल्क वापस ले लिया है।प्रक्रिया के तहत तो कैंट बोर्ड प्रशासन को पुनः स्पेशल बैठक आयोजित कर रेजुलेशन पास करना चाहिए। इसलिए शिवाजी ग्राउंड को दशहरा,दंगल एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के निःशुल्क किए जाने का लिखित प्रस्ताव पास नहीं हो जाता आंदोलन को जारी रखा जाएगा।बंद का समर्थन कर रहे अधिवक्त प्रणव अवस्थी ने बताया कि श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति एवं स्वर्गीय गंगा प्रसाद तिवारी बाजपेई, अखाड़े के साथ भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल बजरंग दल कांग्रेस, सदर बाजार की सभी धार्मिक सामाजिक एवं गणेश उत्सव दुर्गा उत्सव समितियां बंद के समर्थन में है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता दिनेश यादव, आलोक मिश्रा, संजय यादव, उमेश यादव, राहुल रजक सहित हिन्दू संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# फरियाद सुनकर दिया निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन



**हरिभूमि, जबलपुर।** आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने और त्वरित समाधान के लिए जबलपुर पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ितों की आवाज को मंच दिया। मंगलवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 71 फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायतें जमीन संबंधी विवाद, पति-पत्नी के पारिवारिक मतभेद, घरेलू हिंसा, मारपीट व साइबर ठगी से जुड़ी रहीं। कप्तान उपाध्याय ने सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित थाना प्रभारियों व राजपत्रित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए और प्रत्येक शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा, हर फरियादी को न्याय मिलना ही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय भी उपस्थित रहीं।



# अपील तैयार करने महिला सरकारी वकील मांग रही थी 15 हजार

**लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई से मचा हड़कंप, सिविल लाइंस स्थित आवास से रंगे हाथ गिरफ्तार**

हरिभूमि, जबलपुर।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही सख्त मुहिम के तहत लोकायुक्त जबलपुर ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को अतिरिक्त लोक अभियोजक 59 वर्षीय श्रीमती कुक्कू दत्त को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए सिविल लाइंस स्थित उनके निवास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। एसपी अंजूलता पटले ने बताया कि शिकायतकर्ता सिविल लाइंस निवासी बिहारी लाल रजक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में दर्ज एक आपराधिक प्रकरण में वे दोषमुक्त हो चुके हैं। उक्त मामले में शासन की ओर से अपील की प्रक्रिया के लिए सरकारी वकील कुक्कू दत्त को दायित्व सौंपा गया था, जिन्होंने अपील तैयार करने के लिए 15 हजार की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत की पुष्टि के बाद डीएसपी नीतू त्रिपाठी के नेतृत्व में ट्रैप दल का गठन किया गया। मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित आरोपी के घर पर जाल बिछाया गया और जैसे ही उन्होंने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक शशि मर्सकोले, रेखा प्रजापति, नरेश बेहरा सहित लोकायुक्त जबलपुर की विशेष टीम शामिल रही।

# प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों के नियमित, संविदा कार्मिकों, पेंशनरों और उनके परिजन के लिए अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना की प्रक्रिया प्रारंभ, फेडरेशन ने माना आभार

जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षति पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस MPPCHS) के क्रियान्वयन की पहल प्रारंभ कर दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन को मिलेगा। इनकी संख्या लगभग 1 लाख 82 हजार है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों के लिए पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन हेतु टेंडर 15 जुलाई को ई-टेंडर प्रक्रिया के लिए जारी होगा।

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक एवं सभी पदाधिकारियों ने नियमित कर्मचारियो, संविदा कार्मिको, पेंशनरों और उनके परिवार जनों के लिए चालू होने वाली इस योजना के क्रियान्वयन प्रारंभ करने के मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी,ऊर्जा मंत्री श्री प्रघुम्न सिंह जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई जी सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निर्देशक गणों जी और इसके नोडल एजेंसी के मुख्य पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध निर्देशक श्री मनजीत सिंह जी का हृदय से आभार व्यक्त किया है और विश्वास व्यक्त किया कि इस बर्ष में यह योजना लागू हो जाएगी। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने माननीय मुख्यमंत्री जी, ऊर्जा मंत्री जी, अतरिक्त मुख्य, ऊर्जा जी, सभी प्रबंध निर्देशक गणों जी से आग्रह किया है कि इस योजना में आउट सोर्स कर्मचारियों को भी जोड़ा जाएं। आज की विषम परिस्थितियों में उनका बीमा योजना से जुड़ना अतिआवश्यक है।

## फेडरेशन ने आउट सोर्स कार्मिकों को जोड़ने किया आग्रह

इस योजना के कार्यान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) के चयन हेतु भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा लाइसेंस प्राप्त किसी मौजूदा तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) या उसकी होल्डिंग कंपनी या उसकी सहायक कंपनी या उसकी समूह कंपनी, जिसे केन्द्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या निजी कंपनियों से इलेक्ट्रानिक टेंडर आमंत्रित किए गए हैं जिन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का वृहद् अनुभव हो।

पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिए प्रि-बिड मीटिंग 24 जुलाई को आयोजित की गई है। इस संबंध में निर्देशति किया गया कि बैठक में कंपनी के ऐसे अधकृित प्रतिनर्धि शामिल हो सकेंगे जो बैठक में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता रखते हों।

विद्युत कंपनियों के लिए पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन करने को इच्छुक कंपनियां 18 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया में अपनी निविदा जमा कर सकेंगी। 20 अगस्त को ई-टेंडर खोले जाएंगे जिसमें निर्धारित होगा कि कौन सी कंपनी प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन के लिए पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना का क्रियान्वयन करेगी। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस योजना के 1 अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त की है।

पुलिस ने मांगी मदद, मोक्ष ने उठाया साहसिक कदम, नगर निगम एक बार फिर संवेदनहीन साबित

# शवों के सम्मान में असफल रहा तंत्र मोक्ष ने निभाया मानवता का धर्म

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में सोमवार का दिन एक बार फिर प्रशासनिक उदासीनता और संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बन गया। जब दो शव अंतिम संस्कार के लिए दिनभर सहायता की राह तकते रहे। गरीब मजदूर की पत्नी और एक अज्ञात वृद्ध का शव नगर निगम की जिम्मेदारी में आते हुए भी, निगम ने समय पर कोई पहल नहीं की। ऐसे में 'मोक्ष संस्था' ने आगे आकर मानवता का धर्म निभाया।



### निगम की चुप्पी पर उठे सवाल

इन घटनाओं ने नगर निगम की संवेदनहीनता और निष्क्रियता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। जब पुलिस तक अंतिम संस्कार के लिए सहयोग मांग रही हो, तो निगम की निष्क्रियता निंदनीय है। सवाल यह है कि क्या अंतिम यात्रा तक गरीबों और लावारिसों के साथ तंत्र का यही रवैया रहेगा?

### मोक्ष बनी उम्मीद की किरण

इन विषम परिस्थितियों में 'मोक्ष' संस्था की भूमिका सिर्फ एक समाजसेवी प्रयास नहीं, बल्कि एक मानवीय हस्तक्षेप बनकर उभरी है। 20 वर्षों से अधिक यही कार्य करने वालीं संस्था ने यह दिखा दिया कि व्यवस्था भले असफल हो जाए, लेकिन इंसानियत आज भी जीवित है।

### पहली घटना

राजू सिंह ठाकुर, पेशे से मजदूर, निवासी सरसुआ छपरा (कुंडम) की 40 वर्षीय पत्नी सुमन का इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में निधन हो गया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद से राजू अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन न तो नगर निगम आगे आया और न ही किसी अन्य तंत्र ने सहयोग दिया। थक हारकर राजू ने मेडिकल पुलिस चौकी की शरण ली। यहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर से संपर्क किया। मोक्ष की टीम प्रशांत, आकाश और वीरू ने मौके पर पहुंचकर तिलवारा घाट पर विधिवत अंतिम संस्कार कराया।

### दूसरी घटना

थाना केंट क्षेत्र में 70 वर्षीय एक लावारिस वृद्ध का शव बरामद हुआ। पुलिस ने मानवीय आधार पर नगर निगम से सहयोग मांगा, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी नगर निगम का अमला नदारद रहा। अंततः मोक्ष संस्था को सूचना दी गई और उनकी टीम ने वहां भी शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार सुनिश्चित किया।

जनेकृविवि में विश्व युवा कौशल दिवस पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

# कृषि को टिकाऊ बनाने के लिए मृदा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता : डॉ. कौतु

हरिभूमि जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और आसा, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में टिकाऊ खेती विषय पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु के मुख्यआतिथ्य, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर की अध्यक्षता एवं डॉ. वरन सिंह वरिष्ट कार्यकम प्रबंधक, आसा, भोपाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर डॉ. जी. के. कौतु ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि को टिकाऊ बनाने हेतु मृदा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश के क्षेत्रों में जहां लगभग 5 लाख हेक्टेयर क्षरित भूमि होने के साथ-साथ लगभग 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल रबी को मौसम में परती रह जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इन क्षेत्रों की मृदाओं के स्वास्थ्य में सुधार करके राष्ट्रीय भण्डार में समाधान की आपूर्ति की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी बढ़ती जा रही है। जिसे उपस्थित प्रशिक्षाणार्थियों में देखा जा सकता है। आपने मृदा स्वास्थ्य के साथ-साथ दलहनी फसलों पर जोर दिया, तथा इसे कृषि के टिकाऊ होने में महत्वपूर्ण बताया।

मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. एच.के. राय ने कृषि को टिकाऊ बनाए रखने हेतु मृदा एवं जल संरक्षण की प्राथमिकता पर बल दिया। कार्यकम की रूपरेखा प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बी. एस. द्विवेदी ने दी।




जनपद पंचायत सिहोरा के आगामी कामों का ब्यौरा पेश

# सामान्य सभा की बैठक में भवन मरम्मत सहित अनेक विषयों पर चर्चा

**सिहोरा।** श्रावण माह के पावन अवसर पर जनपद पंचायत के नवीन कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें तहसील के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी सदन के समक्ष निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत की। बैठक के दौरान सभी विभाग प्रमुखों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आने वाले समय में इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सार्थक प्रयास करने की अपील की। इसके अतिरिक्त, जनपद क्षेत्र में स्थित जर्जर शाला भवनों और किचन शेडों की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इन भवनों की मरम्मत कराए जाने पर सदन में विस्तार से चर्चा की गई और शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।



### नवीन भवन के संबंध में भी चर्चा

बैठक में जनपद अध्यक्ष रश्मि महेंद्र अग्निहोत्री, जनपद सीईओ आशा पटले, उपाध्यक्ष दिलीप पटेल सहित जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, बी ई ओ अशोक उपाध्याय,जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव, रजनीकांत मिश्रा, जे पी राठौड़,सतीश अवस्थी, राखी सैयाम महिला बाल विकास अधिकारी, चौधरी शील कुमार, राजाराम कोल, राजा पटेल, शिवराम,सुश्री पूजा, मंजू गौतम, मनीषा पटेल एवं सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ई-अटेंडेंस आदेश निरस्त करने की मांग

**जबलपुर।** कर्मचारी कांग्रेस ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई अटेंडेंस से शिक्षको की उपस्थिति के आदेश को अव्यवहारिक बताया। संगठन के प्रांतीय महामंत्री रजनीश पटेल ने बताया है कि संरक्षक वीरेन्द्र खोंगल एवं प्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र निगम ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि अन्य विभागों को छोड़ कर मात्र स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक संवर्ग से ई अटेंडेंस लगाने हेतु बाध्य करना शिक्षको के सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए अनुचित एवं भेदभावपूर्ण हैं। अधिकतर शासकीय स्कूल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में है जहां नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। शासन द्वारा शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा अन्य शासकीय कार्य भी करवाए जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में ई अटेंडेंस अनिवार्य करना न्यायसंगत नही है। कर्मचारी नेता बीरेन्द्र खोंगल, सुरेंद्र निगम, रजनीश पटेल, प्रवीण कुमार सोनी ने मांग की है कि उक्त आदेश तत्काल वापिस किया जाए। साथ ही अपील है कि शिक्षकों के सम्मान में इस आदेश का विरोध एवं वहिष्कार किया जाए।

बुधुआ में बच्चों को किया निःशुल्क साइकिल वितरण

# अब नहीं होगी कोई दूरी हमारी पढ़ाई होगी पूरी




**सिहोरा।** मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल योजना के तहत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला बुधुआ में मंगलवार को 5 बालक और 7 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गईं। इस अवसर पर शिक्षक शाला प्रबंधन समिति सदस्य और पालक भी उपस्थित रहे जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रहलाद पटेल ने स्वयं बच्चों को साइकिलें भेंट कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक सतीश तिवारी ने कहा मध्य प्रदेश सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से अब आसपास के गांवों से शत-प्रतिशत बालक-बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। गांव में अब कोई शाला त्यागी या अप्रवेशी बच्चा नहीं है कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद नामदेव,ऋषिराज उपाध्याय,करुणा चौबे का योगदान रहा। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी खासकर बच्चियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

बच्चों को पौधे एवं दर्द नाशक मलहम एवं तेल का वितरण किया

# राखी प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्ड गंज शाखा जबलपुर द्वारा आयोजित राखी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बच्चों को नमकीन के पैकेट, पौधे एवं दर्द नाशक मलहम एवं तेल का वितरण किया गया। महिला परिषद की केंद्रीय प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती सुनीता मैक्स द्वारा केंद्रीय जेल में राखी प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया गया जिसमें योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा राखी का निर्माण कैसे किया जाता है सिखाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक मंगलाचरण एवं महिला कैदी बहनों द्वारा मंगलाचरण से हुआ। जिससे वातावरण भावनात्मक और श्रद्धा में हो गया सरस्वती वंदना से की गई। सम्मान समारोह में आदरणीय मार्गदर्शिका डॉक्टर श्रीमती बिमला जैन जी को जेल प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती सुनीता जैन कार्यक्रम आयोजक जी का भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण प्रदाता श्रीमती राखी सावंत एवं श्रीमती श्रद्धा पाठक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जेल अधीक्षक श्री अखिलेश तोमर, उप अधीक्षक श्री मदन जी, श्रीमती अंजू जी, श्रीमती रुपाली जी, श्रीमती अर्चना जी का भी सम्मान किया गया। इस प्रशिक्षण में कुशल प्रशिक्षिकाएं कैदी बहनों को राखी बनाना सिखाते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की राह दिखाई गई। यह आयोजन प्रेम, स्वावलंबन एवं राष्ट्रीय भावना को जाग्रत करने का माध्यम बना। इन राखियों को 15 अगस्त के दिन हमारे वीर सैनिक भाइयों की कलाई पर स्नेहपूर्वक बांधा जाएगा। लॉर्ड अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी द्वारा कैदी बहनों के बच्चों को नमकीन के एवं केक खिलाया गया। श्रीमतीसुनीता मैक्स द्वारा दर्द नाशक मलहम एवं मनोरमा संभाग अध्यक्ष श्रीमती स्नेह लता जैन द्वारा दर्ज नाशक तेल का वितरण किया गया। लॉर्ड गंज शाखा द्वारा वृक्षारोपण के लिए वृक्ष प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम मेंडॉ कुसुम जैन का पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन का पूर्व प्रांतीय सचिव श्रीमती निशा चौधरी पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना राज काकरी प्रांतीयउपाध्यक्ष श्रीमती साधना बड़कुल, संभाग अध्यक्ष श्रीमती सविता जैन, श्रीमती स्नेह लता जैन, श्रीमती मौली जैन, श्रीमती संध्या शांत लॉर्ड गंज अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी का सहयोग प्राप्त हुआ सभी को तहे दिल से धन्यवाद।



# रंगदारी वसूलने चाकू से किया हमला

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत दुर्गा मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुई खदान सिविल लाईन निवासी 23 वर्षीय सौरभ बाल्मीक गत शाम लगभग 7 बजे मोबाइल रिचार्ज कराकर अपने घर जा रहा था तभी रास्ते मे दुर्गा मंदिर के पास बिट्टू उर्फ कार्तिक बाल्मीक उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलौज चाकू से कमर पर हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव के दौरान सौरभ की अंगुली में चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(2), 296, 118(1)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्रीमती मंजू मुखर्जी-** शिवानी काम्पलेक्स राइट टाउन निवासी श्री पीके मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू मुखर्जी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप सोंधिया-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री शेषमन सोंधिया के पुत्र श्री प्रदीप सोंधिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष अहिरवार-** रेतनाका रोड कंचनपुर गौरीघाट निवासी श्री मुन्ना लाल अहिरवार के पुत्र श्री संतोष अहिरवार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन चौहटेल-** प्रेमसागर महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री अर्जुन चौहटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पूनम जौहरी-** अंजली कॉलोनी रिछाई निवासी श्री सुरेंद्र स्वरूप जौहरी की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम जौहरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्रभान प्रसाद काछी-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री इंद्रभान प्रसाद काछी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री अयोध्या प्रसाद पटेल-** आईटीआई चुंगी नाका निवासी श्री अयोध्या प्रसाद पटेल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम चंद बंशकार-** आचार्य विनाबा भावे वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री उत्तम चंद बंशकार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई-** इंद्रा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री कृष्ण कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आंचल बर्मन-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री महेंद्र बर्मन की पुत्री कु. आंचल बर्मन (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रेवाराम विश्वकर्मा-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री रेवाराम विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई-** गली नं. 5 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री राम मिलन की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# पुरानी रंजिश को लेकर प्राणघातक हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत एक ई रिक्शा चालक ने पुरानी रंजिश पर एक युवक को घूमने के बहाने अपने रिक्शे में बैठाया और भानतलैया मोड़ पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडीकल कॉलेज भिजवाया गया।



हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानतलैया गेट के समीप निवासी मजदूरी करने वाला युवक निसार खान घर के किनारे ठेले में विश्राम की मुद्रा में लेटा था तभी तड़के 4.30 बजे किराए का ई रिक्शा चलाने वाला वकील नाम का युवक उसके पास आया और उससे कहा चलो तुम्हे घुमाकर लाते है। वह ई रिक्शा में बैठ गया वकील ईरिक्शा चलाते हुये उससे पूर्व में हुये विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा एवं भानतलैया प्रेमसागर मोड़ में ई रिक्शा रोका और जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया वह बचने के लिये पीछे हटा तो चाकू गाल में लगा वह चिल्लाया तो उसका भाई राजा और नईम को आते देख गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये ई रिक्शा से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## घर के सामने खड़ी कार चोरी

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत ग्राम गंजकटंगा में घर के सामने खड़ी कार अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गंजकंटगा निवासी 38 वर्षीय सोमेंद्र सिंह तोमर की स्विफ्ट कार घर के सामने खड़ी थी, जिसे बीती रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जुए के फड़ों पर छापा 13 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत बस्ती नंबर 2 अमखेरा में जमे दो जुए के फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर 13 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर 41 सौ नगद जब्त किए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्टत के तहत कार्रवाई की।



गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बस्ती नंबर 2 अमखेरा के पास कल रात पुलिस ने दबिश दी जहां वैभव केवट, रमा शंकर यादव उर्फ लल्लू, आकाश कुशवाह, समर सिंह राजपूत, रामकुमार सोंधिया को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 हजार 150 रुपए जब्त किए गए। इसी प्रकार सौरभ सिंह, सुल्तान अहमद अंसारी, अनुज विश्वकर्मा, रवि काछी, राज कुशवाह एवं राजा श्रीवास को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा गया जुआडियों के कब्जे से नगद 1 हजार 950 रूपये एंव ताश के 52 पत्ते जप्त करते हुये जुआडियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## सरकार ने जारी किया जून माह के लिए आंकड़ा

# निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। वहीं व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल जून में निर्यात 35.16 अरब डॉलर था।

■ आयात में 3.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले जून माह में यह 56 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, लौह अयस्क, तिलहन, काजू, मसाले, तंबाकू और कॉफी सहित प्रमुख निर्यात क्षेत्रों में आलोच्य महीने के दौरान गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात जून में 15.92 प्रतिशत घटकर 4.61 अरब डॉलर और पहली तिमाही के दौरान 15.63 प्रतिशत कम होकर 17.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इंजीनियरिंग, चाय, चावल, सभी प्रकार के सिलेसिलाए परिधान, रसायन, समुद्री उत्पाद और औषधि के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है।

### खास बातें

- पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा के निर्यात में गिरावट
- इंजीनियरिंग, चाय, चावल, रसायन के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई



### इलेक्ट्रॉनिक सामान के निर्यात में बढ़ोतरी

इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून में 46.93 प्रतिशत बढ़कर 4.14 अरब डॉलर हो गया। वहीं अप्रैल-जून तिमाही के दौरान यह 47.11 प्रतिशत बढ़कर 12.4 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 4.24 प्रतिशत बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा।

### वस्तु का व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर

अप्रैल-जून, 2025 के दौरान वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 62.10 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात 210 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि है।

### भारत का वस्तु व सेवा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर

बर्थवाल ने कहा, ''अगर वृद्धि इसी तरह जारी रही, तो हम पिछले साल के निर्यात के आंकड़े को पार कर जाएंगे।'' वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रहा था। आयात के मोर्चे पर, कच्चे तेल और सोने का आयात क्रमशः 8.37 प्रतिशत और 25.73 प्रतिशत घटकर 13.8 अरब अमेरिकी डॉलर और 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसके अलावा, जून में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 32.84 अरब डॉलर है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 28.67 अरब डॉलर था। जून में सेवाओं का आयात 17.58 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि बीते वर्ष इसी महीने में यह 15.14 अरब डॉलर था।

### सेवाओं के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा, ''भारत की डिजिटल क्षमताओं और कुशल कार्यबल के साथ, सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की काफी संभावनाएं हैं। डिजिटल बुनियादी ढांचे, प्रतिभा विकास और लक्षित अंतरराष्ट्रीय प्रोत्साहन में निवेश इस बढ़ती हुई गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।''

# पूंजी बाजार में डीमैट खातों की संख्या बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है और डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। बाजार नियामक सेबी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। इस बीच, सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया जबकि विदेशी स्वामित्व 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है। आईवीसीए नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय

■ खुदरा भागीदारी बढ़ने से संख्या बढ़कर 19.4 करोड़ हुई




प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की कार्यकारी निदेशक रुचि चोजर ने कहा कि विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल कर लिया है। आईवीसीए द्वारा जारी बयान में रुचि चोजर के हवाले से कहा गया, ''सेबी का नियामक दृष्टिकोण पूंजी निर्माण को प्रणालीगत स्थिरता और निवेशक संरक्षण के साथ संतुलित करने पर केंद्रित रहा है। विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल किया है।' चोजर ने बताया कि खुदरा भागीदारी 2019 में 3.6 करोड़ डीमैट खातों से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई।

### निवेश कोषों की भूमिका होगी महत्वपूर्ण


चोजर ने कहा, ''यह वृद्धि न केवल नीति और बुनियादी ढांचे से, बल्कि निवेशकों के बढ़ते विश्वास से भी प्रेरित है।'' इसके अलावा उन्होंने भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में पूंजी बाजार के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''भारत के हरित बदलाव की ओर बढ़ने में पूंजी बाजारों और विशेष रूप से वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।''

# बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 490.16 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 113.50 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ।

■ वाहन, औषधि शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 317 अंक चढ़ा



सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर (दो प्रतिशत से छह प्रतिशत) के करीब है।

### बाजार में सुधार के संकेत

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों से बाजार धारणा में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते की संभावना को लेकर उम्मीद बढ़ रही है। इससे शुल्क से जुड़े जोखिमों में कमी आ सकती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह पूर्व मेरा नाम Poonam Rohra D/o Shri Ramchandra Rohra था। जो कि विवाह पश्चात Poonam Pinjani W/o Vikash Pinjani हो गया है। अतः भविष्य मे मुझे पूनम पिन्जानी पत्नि विकाश पिन्जानी (Poonam Pinjani W/o Vikash Pinjani) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

पूनम पिन्जानी पत्नि विकाश पिन्जानी निवास मकान नं. 288, वार्ड नं. 08, पंचायती मंदिर मार्ग, ब्यौहारी तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र.

### लेलैंड ने की तमिलनाडु ग्राम बैंक से करार

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने मंगलवार को कहा कि उसने वाहन वित्तपोषण और समूचे तमिलनाडु में ग्राहकों के लिए ऋण विकल्प उपलब्ध कराने के लिए तमिलनाडु ग्राम बैंक के साथ साझेदारी की है। वाहन विनिर्माता ने बयान में कहा कि दोनों भागीदारों ने इसके लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# देश में बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1 प्रतिशत आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6 प्रतिशत पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8 प्रतिशत थी।

■ सांख्यिकी मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, अप्रैल में पहली बार पीएलएफएस जारी किया था



### ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर घटी

*इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी का कारण मई, 2025 की तुलना में खुद का काम करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि और बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में कमी है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर भी पिछले महीने बढ़कर 17.4 प्रतिशत हो गई, जबकि मई में यह 16.3 प्रतिशत थी, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं।*

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। के लिये ऑनलाईन निविदायें है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 350 Date- 15/07/2025<br>2025_UAD_436466_1 | वार्ड क्रं. 75 के अंतर्गत चमन के घर से अरविंद कुमार वरूण के घर तक एम 30 सी सी सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह<br>10.82 लाख | 2000/-<br>8115/- | 14/08/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 341 Date- 14/07/2025<br>2025_UAD_436474_1 | संभाग क्रमांक 11 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड 66 अंतर्गत कृष्णा व अनुराधा कॉलोनी में कवर्ड नाली निर्माण नाली कवर्ड का कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 03 माह<br>05.05 लाख | 2000/-<br>5105/- | 31/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त सिवनी (म.प्र.)**
(उत्कृष्ट विद्यालय के सामने भैरोगंज सिवनी (म.प्र.)
Tele Phone 07692 221395, E-mail -ccfre.sni@mp.gov.in

ई टेण्डर क्रमांक 02/स्टोर/2025/454 — सिवनी/दिनांक 10/7/2025

**संक्षिप्त ई-निविदा विज्ञप्ति**

1 निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें (2) यह निविदा सामाजिक वानिकी वृत्त, सिवनी के अंतर्गत आने वाले जिलों की रोपणियों ( जिला सिवनी - बाम्हनदेही भाग - 1, बाम्हनदेही भाग - 2, आमगांव, नान्हीकन्हार, दुधिया, नांदी, खैरी, सोनखार, बंजारी, रेवांश रोपणी जिला नरसिंहपुर- श्यामनगर, परमहंसी, जैतपुर, कुड़ी, बरमान बकौरी रोपणी जिला बालाघाट केन्द्रीय रोपणी, आर. एफ. - 1, बैनगंगा, उकवा, बैहर, लामता, साल्हे रोपणी, जिला छिंदवाडा - पोआमा भाग - 1, पोआमा भाग - 2, अंखावाड़ी रोपणी, जिला पांढुर्ना भाग-1, खुटामा, लावाघोघरी, मोरघाट रोपणी ) में कार्यो के सम्पादन में उपयोग होनी वाली सामग्री ( भवन निर्माण संबंधी सामग्री ) के क्रय हेतु समस्त सामग्री सामाजिक वानिकी वृत्त, सिवनी की रोपणियों में प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही है। (3) सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। (4) निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/- है, निविदाऐं ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी। (5) निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | रिमार्क |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date and Time | 15/07/2025, 05.00PM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथाखोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in तथा www.mpforest.gov.in पर दर्शित है |
| Document Download Tender Sale Start Date and Time | 18/07/2025, 10.00PM | |
| Bid Submission Start Date and Time | 21/07/2025, 12.00PM | |
| Date and Time Of Pre Bid Meeting | 23/07/2025, 12.00PM | |
| Bid Submission Close Date and Time | 28/07/2025, 05.00PM | |
| Bid Technical Openning Date and Time | 30/07/2025, 12.00PM | |
| Bid Financial Openning Date and Time | 31/07/2025, 03.00PM | |

वनमण्डलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त सिवनी

G-15662/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)**
Web site : www.mpphe.gov.in Email :- eephedshd@mp.nic.in Phone No. 07652-240307 Fax No. 07652-240307

पत्र क्रमांक 1044/व.ले.लि./का.यं. / लो.स्वा.यां./2025-26 — शहडोल, दिनांक 14/07/2025

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

शहडोल जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत पुनरीक्षित नलजल योजनाओं के निर्माण कार्य से सबंधित कार्य की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से Website http://mptenders.gov.in निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 23.07.2025 सायं नियत है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | विकासखण्ड | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 436381 | सोहागपुर | 164.01 | 164010.00 | 12500.00 | 06 माह | प्रथम |
| 26 | 436382 | बुढार | 162.11 | 162110.00 | 12500.00 | 06 माह | प्रथम |
| 27 | 436383 | ब्यौहारी एवं.जयसिंहनगर | 220.70 | 220704.00 | 12500.00 | 09 माह | प्रथम |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, शहडोल (म.प्र.)

G-15632/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/2286/लोनिवि/नपानि/2025 — // निविदा सूचना// — छिन्दवाड़ा दिनांक 15/7/25

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _437480_1 Date- 25/07/25 | निकाय क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्गों की क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत कराये जाने का कार्य। | 841,000 2 Months | 6,300 | 29/07/25 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)**
दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल :- dpepiu.balaghat@mp.gov.in

जेम/2025/.../6441273 — दिनांक 12.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/ 2025/B /6441273 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत 3 नग शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय (परसवाड़ा, डोंगरिया एवं भीडी) में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य | बालाघाट | 237.08 | 711230.00 | शासन अंतर्गत पंजीकृत निमार्ता (OEM) प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// Gem Portal पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 12.07.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 25.07.2025 समय शाम 6:00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

G-15640/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**
Phone-0761-2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र. 06/2025-26/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.मैके खण्ड/जबलपुर — दिनांक 15.07.2025

ऑन-लाईन निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) सहायक यंत्री लोक स्वा. यां. मैके उपखण्ड मण्डला के लिए विभागीय कार्यो के निरीक्षण हेतु बुलेरो वाहन डीजल रहित एवं ड्राईवर सहित मासिक किराये पर संलग्न किये जाने हेतु प्रतिष्ठित फर्मों / एजेन्सी / व्यक्ति से ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम निरीक्षण वाहन टैक्सी परमिट वाहन बुलेरो | अनुमानित लागत (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र कय करने की एवं निविदा दर डालने की प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 06/ 2025 -26 | 2025_ PHED_ 437456 _1 | सहायक यंत्री लोक स्वा. मैके उपखण्ड मण्डला के लिए | 2,89,500 | 5790 | 2000 | 15/07/2025 | 24/07/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं होगा।

(एस.के. कुरील)
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा. यां मैके. खण्ड जबलपुर

G-15678/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन — Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 30/तक. 2025-26 दिनांक 07.07.2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA_435626-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के बांध के उपर रेडियल गेट में प्रकाश व्यवस्था में लगी स्ट्रीट लाईट की 25 एम. एम. वर्ग 3.5 कोर आर्मड केबल बदलने का कार्य। | 2,18,757.00 (रुपए दो लाख अठारह हजार सात सौ संतावन) मात्र | 4375.00 (रू. चार हजार सात सौ पचहत्तर ) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म. प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 31/तक. 2025-26 दिनांक 07.07.2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA_435629-1 | मुख्य अभियंता, रा. अ. बा. लो. सा. परि. बरगी हिल्स कार्यालय भवन में विद्युत व्यवस्था का सुधार कार्य। | 84,560.00 (रुपए चौरासी हजार पांच सौ साठ) मात्र | 1691.00 (रू. एक हजार छः सौ इन्कयानवे )मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म. प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 32/तक. 2025-26 दिनांक 07.07.2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA_435643-1 | बरगी हिल्स कालोनी नेटसर्व कंपनी आई.टी. पार्क के पास लगी हुई 3ह्न डाया एवं 4 डाया जी.आई. पाइप लाइन का सुधार कार्य। | 80,513.00 (रुपए अस्सी हजार पांच सौ तेरह) मात्र | 1610.00 (रू. एक हजार छः सौ दस)मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 33/तक. 2025-26 दिनांक 07.07.2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA_435658-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के गेट नं. 02 पावर हाउस पेन स्टाक स्लूस गेट (4.18x8.26) का मानसून पूर्व सुधार कार्य। | 1,26,411.00 (रुपए एक लाख छब्बीस हजार चार सौ ग्यारह) मात्र | 2528.00 (रू. दो हजार पांच सौ अट्ठाइस)मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 5,10,241.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 28/07/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 28/07/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन), निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 30/07/2025, 10:30 से 30/07/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड खुलने की तिथि :30/07/2025, 10:31 से 30/07/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है, ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./याँ.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-15657/25

चिंतन

# भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए भविष्य का मंच तैयार

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिवसीय सफल अंतरिक्ष यात्रा ने भारत की स्पेस मिशनों के लिए मंच तैयार कर दिया है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' की तैयारी मुकम्मल स्थिति में है। भारत की योजना 2027 में स्वदेश निर्मित रॉकेट और 'क्रू कैप्सूल' के माध्यम से मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' भेजने की है। शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास 'गगनयान' की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है तथा एक पूर्ण विकसित कक्षीय प्रयोगशाला 2035 तक आकार ले लेगी। यह मिशन मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय है और यह न केवल एक कदम आगे है, बल्कि महत्वाकांक्षा को क्षमता में बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए गए प्रयोगों ने भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए अंतरिक्ष कृषि और पदार्थ विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य तथा एआई तक के नए आयाम खोले हैं। भारत 2040 तक मानव चंद्र मिशन अभियान की तैयारी भी कर रहा है। 'एक्सिओम-4' के चालक दल ने अपने प्रवास के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात प्रयोग इसरो द्वारा भारतीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर डिजाइन किए गए थे। इन अनुभवों से हमें यह पता चलेगा कि हम अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोगों की रूपरेखा कैसे तैयार करते हैं, तथा दीर्घकालिक, स्वतंत्र अभियानों के लिए उपयुक्त जीवनरक्षक प्रौद्योगिकियों का विकास कैसे करते हैं। 'एक्स-04 मिशन' अंतरराष्ट्रीय चालक दल एकीकरण, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक तैयारी, वास्तविक समय स्वास्थ्य टेलीमेट्री, प्रयोग निष्पादन और चालक दल-जमीनी समन्वय की बारीकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। ये जानकारियां भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मिशन योजना, सुरक्षा सत्यापन और अंतरिक्ष यात्री की तत्परता को सीधे प्रभावित करेंगी। इस यात्रा के अनुभवों से न केवल इसरो को सहायता मिलेगी, बल्कि वैश्विक और भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह सफलता बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शुभांशु शुक्ला को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा, तो वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं, बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी और टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला (39) ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की है। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) व अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' का सहयोग प्राप्त था तथा एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित किया गया। शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं तथा 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला के पास सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर और डोर्नियर-228 सहित विभिन्न प्रकार के विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यात्रा के दौरान शुक्ला ने जीवन विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी और संज्ञानात्मक अनुसंधान के विविध क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व में सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोग किए हैं। शुक्ला की सफल वापसी से भारत के मानव अंतरिक्ष यात्रा के द्वार खुल गए हैं।

आकाश का विजेता
प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# शुभांशु की यात्रा से भविष्य की ओर तिरंगे की उड़ान

जब आकाश की अथाह गहराइयों से एक तारा धरती की ओर लौटता है, तो वह अपने साथ अनुभवों की रोशनी ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और सपनों की प्रज्वलित चमक भी लाता है। 15 जुलाई 2025 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन की साहसिक यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर के नीले विस्तार में स्प्लैशडाउन के साथ धरती को छुआ, भारत के लिए गर्व का एक नया सूर्योदय बन गया। यह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की वापसी नहीं थी; यह एक अरब भारतीयों के विश्वास, संकल्प और महत्वाकांक्षा की विजय थी। 1.30 करोड़ किलोमीटर की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जो न सिर्फ एक वैज्ञानिक मील का पत्थर है, बल्कि हर भारतीय के हृदय में असंभव को संभव बनाने का ज्वलंत प्रतीक है।

25 जून 2025 को, जब फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट ने आकाश को भेदते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाया, तो वह पल भारत के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत बन गया। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) का हिस्सा थी। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान 'ग्रेस' के साथ उनकी वापसी, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन के साथ हुई, जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व गौरव प्रदान किया। शुभांशु, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। उनके साथ इस मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू थे। चार दशकों बाद भारत, पोलैंड और हंगरी की संयुक्त अंतरिक्ष उपलब्धि ने इस मिशन को वैश्विक सहयोग का एक चमकता प्रतीक बना दिया। 18 दिनों के इस मिशन में शुभांशु ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों को न केवल पूर्ण किया, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिनमें से सात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के थे। इनमें टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्म जीवों पर अभूतपूर्व अध्ययन, मेथी और मूंग के बीजों का अंतरिक्ष में अंकुरण, और माइक्रोग्रैविटी में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन खोज शामिल थी। ये प्रयोग भविष्य के मंगल मिशन और पृथ्वी पर चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी नींव रखेंगे। शुभांशु 263 किलोग्राम वैज्ञानिक सामग्री, नासा के हार्डवेयर और अंतरिक्ष स्टेशन से एकत्र कचरे के साथ धरती पर लौटे, जो भारत की वैज्ञानिक दृढ़ता और वैश्विक जिम्मेदारी का प्रबल प्रमाण है।

उनकी वापसी की यात्रा तकनीकी कौशल और अदम्य साहस का एक अद्वितीय संगम थी। 14 जुलाई 2025 को, भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे, ड्रैगन यान ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल से विदाई ली, जिसने एक रोमांचक वापसी की शुरुआत की। 22.5 घंटे की इस यात्रा में यान ने 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया, जहां इसकी हीट शील्ड ने 1,600 डिग्री सेल्सियस की प्रचंड गर्मी को न केवल सहन किया, बल्कि विजय प्राप्त की। 5.7 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्टेबिलाइजिंग पैराशूट और फिर 2 किलोमीटर पर मुख्य पैराशूट ने यान की गति को 25.75 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया, जिससे सैन डिएगो तट पर प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन संभव हुआ। स्पेसएक्स की रिकवरी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेलीकॉप्टरों और नावों के जरिए शुभांशु और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में सभी अंतरिक्ष यात्री पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्हें सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस ले जाया गया।

यह मिशन भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए एक युगांतरकारी कदम है, जो 2027 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तैयारियों को नई मजबूती देगा, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के वैश्विक मंच पर और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राधिका हत्याकांड
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो

हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

अपराधशास्त्र के जनक माने जाने वाले इतालवी चिकित्सक डा. सेसारे (शेजारे) लोम्ब्रोसो 19 वीं सदी में जब किसी भी अपराध के पीछे की मानसिकता का गहन अध्ययन कर रहे थे, तब उनके अध्ययन क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की नृशंस हत्या का मामला नहीं था। यूं तो वह दौर भी जघन्य अपराधों से भरपूर था, लेकिन संतान की हत्या के केस कम ही नज़र आते हैं। भारतीय समाज में ऐसी घटना विचलित करने वाली होती है। समाजशास्त्र में एक वाक्य उद्धृत है - 'नो सोसायटी एग्जिस्टज़ विदाउट क्राइम'। लेकिन इस वाक्य के भाव में भी पिता अपनी ही बेटी की हत्या कर दे, यह नहीं है। मानवता के लिए, समाज के लिए मध्ययुगीन दौर को सबसे अधिक बर्बर व हिंसक माना गया है। उस दौर में भी अधिकांश हत्याएं राजसत्ता के लिए हुई हैं, समाज में इतनी गिरावट नहीं देखी गई, जबकि समाज, सामंती सोच से अभिप्रेत था। आज 21वीं सदी में जब समाज प्रगतिशील है, मानवीय मूल्य महत्वपूर्ण हैं, मानवता श्रेष्ठतम धर्म है, सोच-विचार से हम आधुनिक हो रहे हैं, परिवार में संवाद, उदारता, अभिव्यक्ति व स्वतंत्रता को जगह मिल रही है, वैचारिक आज़ादी है, ऐसे दौर में अगर एक पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दे कि वह जीवन में आगे बढ़ना चाहती थी व उनकी कमाई पर जीने का आरोप पिता सह नहीं पा रहा था। हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। क्या बेटी का आगे बढ़ना इतना बड़ा अपराध है कि एक पिता उसकी जान ही ले ले? यदि पुत्र व पुत्री में कोई अंतर नहीं है तो उसकी कमाई में भी कोई फर्क नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

पिता दीपक यादव ने अपनी 25 साल की बेटी को, ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया। फ़िर अपने भाई विजय से बोला, 'भाई मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे फांसी दिलवाओ'। वो तो मिलेगी ही मासूम बेटी के हत्यारे! राधिका की सहेली हिमांशिका सिंह राजपूत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो संदेश में कहा है कि राधिका के पापा उसे कंट्रोल करते थे। उसे तस्वीर खिंचवाना, वीडियो बनाना पसंद था, लेकिन सब धीरे-धीरे बंद हो गया व राधिका की आज़ादी उन्हें नागवार थी। राधिका कहती थी उसके परिवार में बहुत रेसट्रिक्शन हैं। हर चीज़ के बारे में सफाई देते रहो कि क्या कर रहे हो और क्या नहीं? दीपक यादव ने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म, पुलिस व मैजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया था कि राधिका यादव एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जो उसके व उसके पिता के बीच विवाद का कारण बन गई थी, क्योंकि उसके पिता को अक्सर अपनी बेटी की कमाई पर गुज़ारा करने के लिए ताने मारे जाते थे। लव जिहाद के आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया गया है।

शायद महिलाओं की बलि चढ़ती रहेगी, क्योंकि भारत में पिता, भाई, पति व पुत्र ही महिलाओं को कंट्रोल करते




हैं। दो वर्ष पूर्व देव-भूमि उत्तराखंड में 19 वर्षीय युवती, अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या के उपरान्त, महिला सुरक्षा का मुद्दा सुर्खियों में आया था। समाज की यह चुप्पी निंदा योग्य है। भोपाल की सुषमा सिंह को मगरमच्छों की झील में फेंक दिया गया था। शकीरे नमाज़ी खलीली, एक रियल एस्टेट डेवलपर थीं, जो 1991 में लापता हो गईं। मुख्य संदिग्ध उनका ढोंगी दूसरा पति, स्वामी श्रद्धानदा था, जिसका मूल नाम 'मुरली मनोहर मिश्रा' था। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा; तीन साल के बाद, कर्नाटक पुलिस को उसने हत्या की बात स्वीकारा। 1994 में पुलिस को शकीरे खलीली के, आवास में दफनाए गए अवशेषों तक अपराधी ले गया। वह जेल में आजीवन कारावास में सज़ा पूरी कर, रिहा हो चुका है। राजदूत अकबर मिर्ज़ा खालिली, आईएफएस की पत्नी, शकीरे खलीली, 4 बेटियों के बाद, बेटे की मां बनने की इच्छुक थीं। वे इस तांत्रिक के जाल में फंस गईं थीं। 'निर्भया कांड'; ज्योति सिंह मर्डर केस के दरिंदों को तो फांसी मिल चुकी है। जेसिका लाल की हत्या के मामले ने सनसनी फैलाई थी। इस केस में सज़ा पाए मनु शर्मा को 'अच्छे व्यवहार' के कारण रिहा कर दिया गया। नैना साहनी की हत्या 2 जुलाई 1995 को की गई। यह हत्याकांड 'तंदूर कांड' के नाम से चर्चित हुआ। नैना साहनी के पति, कांग्रेसी नेता सुशील शर्मा, ने ही उनकी हत्या की थी। सुशील शर्मा भी कानूनी सज़ा पूरी कर आज़ाद है। 26 साल पहले हुए एक खौफनाक कांड में, पुलिस अफसर के बेटे, सुशील कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू का रेप व मर्डर किया था। आम जन का पुलिस व कानून से भरोसा हटने लगा है। प्रियदर्शनी मट्टू के पिता, सी.एल. मट्टू ने यह न्यायिक युद्ध लड़ा। परंतु अब सुशील सिंह भी सज़ा पूरी कर आज़ाद हो चुका है। उत्तर प्रदेश के अमर मणि त्रिपाठी व मधुमिता शुक्ला का प्रसंग; रौंगटे खड़े कर देने वाला है। मधुमिता शुक्ला के गर्भवती होने की कहानी ने सुर्खियां बटोरीं। त्रिपाठी पति-पत्नी ने उसे षडयंत्रपूर्ण मार डाला व अब आजीवन कारावास काट रहे हैं। भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे, पुलकित आर्य के निजी रिसॉर्ट; 'अनंतरा' के परिसर से लापता हुई, अंकिता भंडारी का शव पुलिस को चिल्ला बिजलीघर के पास मिला। पुलकित आर्य को आजीवन कारावास की सज़ा हुई है। महिलाओं की हत्या व उनके साथ दरिंदगी की हदें पार हो गई हैं। सरला मिश्रा, कांग्रेसी नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की अनुयायी थी। भोपाल में उसे आग में जला कर मार दिया गया था। न्यायिक आदेश द्वारा सरला हत्याकांड की पुनः जांच, सीबीआई करेगी। सरला मिश्रा की आत्महत्या या मर्डर का रहस्य जारी है। देश में महिला हत्या की अनेक घटनाएं हुई हैं, लेकिन सबका ज़िक्र संभव नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, सबसे अधिक क्राइम महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे हैं।

जस्टिस ऐ. एन. वर्मा कमिटी रिपोर्ट के आधार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून तो पारित हो गये हैं, परन्तु धरातल पर वे कार्यान्वित नहीं होते। जब तक पुरुष प्रधान समाज से 'सामंती (फ्यूडल) विचारधारा' को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते रहेंगें। 'नारी का सम्मान', 'लाडली', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'बेटियाँ हमारी गौरव' जैसे प्रोग्रेसिव विचार; अक्षर मात्र हैं। पितृसत्तात्मक सामंती दृष्टिकोण, असंबद्ध समाज महिलाओं का हत्यारा है। राधिका यादव को इंसाफ मिलना चाहिए, यह इंसाफ समाज का प्रायश्चित है कि वो अपनी बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें। ज़रा सोचिये, क्या राधिका की आत्मा नहीं कहेगी, 'अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो'। आप के घर में भी बच्चियां होंगीं? कृप्या उन्हें सुरक्षित रखें, गोलियों से मत भूनिये।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, विचारक, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रेम क्या है? कोई क्रिया नहीं है



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है- न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते। बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है- मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### बारिश में सड़कों पर पशुओं का बसेरा

शहर में आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों पर बसेरा बढ़ गया है। बारिश के वजह से पशु पालने वाले घरों से पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और वे हरा पानी की तलाश में शहर का सड़कों पर आकर अपना बसेरा बनाते हैं। सड़क पर चलने वाले कुछ नागरिक या तो इनका शिकार बनते हैं या वाहनों की चपेट में आकर पशु घायल होते हैं। राजधानी में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की इन पशुओं का कांजी हाउस या अन्यत्र व्यवस्था की जा सके। नगर निगम का संबंधिक विभाग आंख मूंदे हुए है। उसे आवारा पशुओं के सड़कों पर एकत्रित होने का कोई मतलब नहीं। बेहतर हो की प्रशासन इसके संज्ञान लेकर इन पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाए या उनके मालिकों को दंडित करे। *-मनोज त्रिपाठी, रायपुर*

## ट्रेंड

### फिटनेस के लिए प्रेरणा



'फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चीन पर संसद में हो चर्चा



चीन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 21 जुलाई से आरंभ हो रहे मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे। जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती। **-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### पीएम व मंत्रियों को छूट क्यों



लोकसभा में सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करने के लिए नया मल्टीमीडिया उपकरण इस मानसून सत्र में प्रभावी हो जाएगा। यदि उपस्थिति दर्ज कराने की यह प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है, तो प्रधानमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट क्यों? **-माणिकम टैगोर, कांग्रेस सांसद**

### पुत्री हत्या में कोई गर्व नहीं



अपने ही बच्चे की हत्या करने में कोई सम्मान नहीं होता। अगर पहले कुछ लोग उसे ताने देते थे, तो अब पूरी दुनिया दीपक यादव को एक पराजित और कायर इंसान के रूप में याद करेगी। दीपक यादव, आपने इतिहास में अपनी जगह एक पराजित और डरपोक व्यक्ति के रूप में पक्की कर ली है। **-ऋचा चड्ढा, बॉलीवुड अभिनेत्री**

## करंट अफेयर


### व्यापार बढ़ाने के लिए चीन व आस्ट्रेलिया ने मिलाया हाथ



ऑस्ट्रेलिया और चीन के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को राजधानी बीजिंग में हुई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों पर मतभेदों के बावजूद व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई।
चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ से कहा कि मतभेदों को दरकिनार करते हुए समानता के बिंदुओं की तलाश करना हमारे दोनों देशों और दोनों जनता के मूल हितों के अनुरूप है।
प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने शी की बात से सहमति जताते हुए कहा, यह दृष्टिकोण वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वन्द्विता के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है। जहां उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को इस्पात उद्योग के लिए लोहे के अयस्क सहित निर्यात पर निर्भर है, वहीं वह चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिकी चिंताओं को भी साझा करता है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने 2022 में सत्ता में आने के बाद से चीन के साथ संबंध सुधारने की कोशिशें की हैं।

## ऑफ बीट

### दक्षिणी गोलार्ध में पाई जाती हैं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां



बर्फ सी सफेद, काली आंखों और काली चोंच वाली 'स्नो पेट्रल' उन केवल तीन पक्षी प्रजातियों में शामिल है जिन्हें कभी दक्षिणी ध्रुव पर देखा गया है। दरअसल, अंटार्कटिका ही वह एकमात्र स्थान है जहां यह पक्षी पाया जाता है। यह अकेली ऐसी प्रजाति नहीं है। अंटार्कटिका और उप-अंटार्कटिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जो केवल एक या कुछ गिने-चुने स्थानों तक सीमित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह क्षेत्र ''स्थानिकता'' (एंडेमिज़्म) की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध हैं। यह एक महत्वपूर्ण मापदंड है जिससे यह तय किया जाता है कि किन क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मथायस डेलिंग द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका, उप-अंटार्कटिका और समग्र रूप से दक्षिणी गोलार्ध में पक्षियों की स्थानिकता को अब तक कम करके आंका गया है। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिन क्षेत्रों में स्थानिकता अधिक होती है वहां की प्रजातियां विशेष रूप से सीमित दायरे में पाई जाती हैं। इनका अद्वितीय विकासक्रम होता है या ये पारिस्थितिक तंत्र में विशिष्ट भूमिका निभाती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

वॉशिंगटन। चंद्रमा का जिक्र आते ही पृथ्वी के उस साथी की याद आता है जो हमेशा परिक्रमा करता रहता है। लेकिन, अब ताजा शोध में पता चला है कि कम से कम 6 ऐसे चंद्रमा हो सकते हैं जो हमेशा धरती की परिक्रमा करते रहते हैं। ताजा रिसर्च में सामने आया है कि पृथ्वी के चारों ओर कभी भी कम से कम 6 छोटे चंद्रमा मौजूद हो सकते हैं। ये ऐसे छोटे-छोटे चंद्रमा हैं, जो अस्थायी रूप से पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं और फिर सूर्य की परिक्रमा करने लगते हैं। लेकिन, इन छोटे चंद्रमा का बेहद छोटा आकार और तेज रफ्तार उन्हें पहचानना मुश्किल बनाती है। ये चंद्रमा बहुत छोटे होते हैं, करीब 1 से 2 मीटर व्यास वाले। अब इन रहस्यमय टुकड़ों को लेकर एक नई थ्योरी सामने आई है।

# पृथ्वी की साया में छिपे हो सकते हैं कम से कम 6 चंद्रमा

रिसर्च में पता चला है कि इनमें से कई चांद से आए हुए टुकड़े हो सकते हैं, जो चांद पर उल्कापिंडों की टक्कर के बाद अंतरिक्ष में उछल कर गिर गए और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फंसकर हमारे गिर्द परिक्रमा करने लगे।

जब कोई पिंड चंद्रमा से टकराता है तो कई हिस्से टूटकर काफी तेज रफ्तार से अंतरिक्ष में निकल जाते हैं। हालांकि, कभी-कभी इन टुकड़ों का आकार बड़ा भी हो सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक रॉबर्ट जेडिक ने स्पेस.कॉम की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह 'एक तरह का स्क्वायर डांस है, जहां साथी नियमित रूप से बदलते रहते हैं और कभी-कभी कुछ देर के लिए डांस फ्लोर छोड़ देते हैं।'

## उपग्रहों की गुप्त दुनिया पर वैज्ञानिकों का बड़ा खुलासा



**पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे**

2024 में खोजा गया एक और मिनिमून, 2024 PT5 भी चांद से ही निकला मालूम होता है। इससे खगोलशास्त्रियों को यह अंदेशा हुआ कि चंद्रमा समय-समय पर खुद अपने ही टुकड़ों को पृथ्वी के छोटे चंद्रमाओं में बदल रहा है। इन जानकारियों के बाद, वैज्ञानिकों ने यह नतीजा निकाला है कि ऐसे कई छोटे चंद्रमा वर्तमान में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हो सकते हैं।

### चंद्रमा से कैसे होता है चंद्रमा का जन्म?

वैज्ञानिकों का अभी तक मानना रहा है कि छोटे चंद्रमा का सोर्स शायद एस्ट्रॉएड बेल्ट (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) है, लेकिन हालिया खोजों से पता चला है कि इनमें से कई टुकड़े चांद से भी निकल सकते हैं। साल 2016 में हवाई स्थित पैन-स्टारआरएस1 टेलिस्कोप ने कामो'ओलेवा नामक एक करीब 40 से 100 मीटर बड़ा छोटे चंद्रमा खोजा था, जो बाद में चांद से निकला एक टुकड़ा साबित हुआ। यह टुकड़ा करीब 1 से 10 मिलियन साल पहले एक बड़े टक्कर की वजह से बना था जब चंद्रमा पर जियोर्डानो ब्रूनो क्रेटर का निर्माण हुआ था।



### 9 महीने तक करता है पृथ्वी की परिक्रमा

एक औसत छोटे चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करीब 9 महीने तक करता है और फिर सूर्य की परिक्रमा करने लगता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि ऐसे छोटे चंद्रमाओं की संख्या का अनुमान लगाना काफी मुश्किल है, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि चांद पर किस प्रकार की टक्कर हुई, कितना मलबा उड़ा है और उस मलबे की गति और दिशा क्या थी। रॉबर्ट जेडिक ने खुद माना कि फिलहाल इस रिसर्च में काफी अनिश्चितता" है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि इतने ज्यादा मिनिमून्स होते, तो अब तक काफी ज्यादा संख्या में देखे गए होते।

## रोचक खबरें

## केरल में मिली तितली की नई प्रजाति, देश के पश्चिमी घाट में छिपे हैं और भी रहस्य



नई दिल्ली। भारतीय वैज्ञानिकों ने केरल के पश्चिमी घाट में जोग्राफेटस मैथ्यू नाम की नई और दुर्लभ तितली की एक प्रजाति की खोज की है। निचले जंगलों में रहने वाली ये तितली इसी क्षेत्र में रहने वाली अनोखी जीव है। यह खास खोज बताती है कि पश्चिमी घाट कितना महत्वपूर्ण है, जिसे दुनिया भर में जैव विविधता का हॉटस्पॉट माना जाता है और इसे बचाना बहुत जरूरी है। इस नई तितली की खोज त्रावणकोर नेचर हिस्ट्री सोसाइटी, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों ने खोजा है। हालांकि, शुरुआत में वैज्ञानिकों को लगा कि यह जोग्राफेटस ओगियागिया नाम की कोई जानी-मानी तितली है। लेकिन, पंखों के डिजाइन की बनावट को करीब से देखने के बाद पता चला की यह तो नई प्रजाति है। इस पूरी रिसर्च को एंटोमोन पत्रिका में छापा गया है।

**क्या है खोज का महत्व :** जोग्राफेटस मैथ्यू की खोज से ये पता चलता है कि पश्चिमी घाट में अभी भी कितनी अनोखी और छिपी हुई चीजें मौजूद हैं। ये साफ करते हैं कि इन जंगलों को बचाना कितना जरूरी है। यह खोज इस बात पर भी जोर दे रही है कि नई प्रजातियों को खोजने के लिए उस क्षेत्र में जाना और बारीक रिसर्च करना कितना जरूरी है।

### क्यों है ये खास?

यह तितली अपने पीले-भूरे रंग के पंख और नर तितलियों में अगली सूजी हुई नसों से पहचानी जाती हैं। ये खूबियां इसे बाकी तितलियों से अलग बनाती हैं। यह प्रजाति केरल के 600 मीटर से कम ऊंचाई वाले जंगलों में रहती है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने बड़ी तितलियों को कम ही देखा है। वैज्ञानिकों को कल्लर, शेंदुर्नी, एडामलायर और नीलांबुर जैसी जगहों पर कई लार्वा और प्यूपा मिले हैं। इससे पता चलता है कि यह तितली उससे कहीं ज्यादा आम है, जितना पहले सोचा गया था।

## इंसान की असली खाल से बनाया गया है ये टेडी बियर? डरावनी गुड़िया की क्या है कहानी

न्यूयार्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में एक अनोखा लेकिन डरावना नजारा देखने को मिला, जिसने स्थानीय लोगों और पुलिस को चौंका दिया। विक्टरविले इलाके में स्थित बियर वैली रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक अजीब टेडी बियर मिलने से सनसनी फैल गई। यह टेडी बियर कुछ ऐसा दिख रहा था, मानो वह किसी इंसानी चमड़ी से बना हो। इसकी बॉडी पर खिंची हुई त्वचा जैसी परत पिनों से जड़ी हुई थी, जो बेहद डरावनी लग रही थी।



घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए और पुलिस को सूचना दी गई। शुरुआती तौर पर यह मामला काफी अलग नजर आ रहा था, लेकिन जब विशेषज्ञों ने इसकी जांच की तो सच्चाई सामने आई। फॉरेंसिक पैथोलॉजिस्ट की जांच में यह स्पष्ट हो गया कि टेडी बियर में इंसानी खाल या मानव की स्किन का कोई अंश नहीं है। वह केवल देखने में इंसानी त्वचा जैसा था, लेकिन असल में वह आर्टिफिशियल तरीके से तैयार किया गया था। आगे की जांच में पता चला कि यह टेडी बियर एक वेबसाइट से खरीदा गया था, जहां इसे इस तरह पेश किया गया था जैसे यह इंसानी खाल से बना हो।

## 66 साल की महिला को ऑनलाइन शॉपिंग की लगी लत, 2 करोड़ के खरीदे सामान

बीजिंग। चीन के शंघाई शहर में रहने वाली एक 66 वर्षीय महिला वांग इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वजह है उनकी ऑनलाइन शॉपिंग की गंभीर लत, जिसके चलते उन्होंने अब तक 2 मिलियन युआन (लगभग 2.3 करोड़) खर्च कर दिए हैं। उन्होंने इतनी अधिक चीजें मंगवाई हैं कि घर में रखने की जगह नहीं बची, यहां तक कि उन्हें एक अतिरिक्त फ्लैट किराए पर लेना पड़ा है। वांग, जो शंघाई के जियाडिंग जिले में अकेली रहती हैं, ने पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से भारी मात्रा में सामान खरीदा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश सामान अभी तक खोला भी नहीं गया है और उनके घर का हर कोना बेतरतीबी और अव्यवस्था से भरा पड़ा है। वांग के इस व्यवहार से उनके पड़ोसी भी परेशान हैं। उन्होंने शिकायत की है कि उनके घर से बदबू आती है और अक्सर वहां मक्खियां और तिलचट्टे मंडराते दिखते हैं। वांग खुद मानती हैं कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग की लत लग चुकी है, और पैसे खर्च करने से उन्हें मानसिक रूप से खुशी मिलती है। वांग ने अपने व्यवहार के पीछे एक चौंकाने वाली वजह बताई। उन्होंने कहा, 'कई साल पहले मैंने शहर के मध्य हिस्से में अपना फ्लैट बेचकर ये उपनगरीय घर खरीदा। लोगों को लगता है कि मेरे पास बहुत पैसा है, इसलिए वे मुझसे पैसे उधार मांग सकते हैं। इसलिए मैं पैसा, चीजें खरीदने में खर्च कर देती हूं, ताकि लोग मुझसे पैसे मांगने में हिचकें। वे अक्सर लाइव-स्ट्रीमिंग सेशंस के दौरान खरीदारी करती हैं और ज्यादातर कॉस्मेटिक उत्पाद, स्वास्थ्य से जुड़े सप्लिमेंट्स और सोने के आभूषण मंगवाती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कमरे में सामान इतने अधिक मात्रा में है कि उन्हें सोने के लिए जगह नहीं मिलती।



## रिसर्च

### वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला खुलासा

# 4 करोड़ साल पहले ओमान ने बदल दिया था भारत का नक्शा

न्यूयार्क। वैज्ञानिकों की नई खोज ने बताया कि कैसे लाखों साल पहले ओमान की धरती के नीचे हुई हलचल से भारत का रास्ता ही बदल गया। अगर ऐसा ना होता तो आज हमारा देश कहीं और होता। आपको बता दें कि ओमान के सलमा पठार के नीचे धरती की ऊपरी परत और मैंटल में पिघली हुई चट्टानों का ढेर जमा है। इससे पता चलता है कि भारत आज जिस स्थिति में है, वहां तक कैसे पहुंचा।




### सलमा पठार का भारत से संबंध

वैज्ञानिकों ने ये पता लगाने में भी कामयाबी हासिक की कि सलमा पठार 4 करोड़ साल पुराना है। यह वहीं समय था जब भारत और यूरेशिया की प्लेटें आपस में टकराई थीं। दोनों ही प्लेटें ओमान के पास टकराई थीं जिसके बाद उत्तर दिशा में आज की जगह पर आ गईं। सिनोम ने बताया कि प्लम से पैदा होने वाले खिंचाव ने भारतीय प्लेट्स के रास्ते में बदलाव किया। मैग्मा प्लम प्लेट्स की दिशा को बदल सकता है, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को थी। लेकिन, यह पहली बार है जब भारतीय प्लेट की इस खास गति को प्लम से जोड़ा गया है।

### ओमान का प्लम आज भी है एक्टिव

इस रिसर्च को अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स नाम की पत्रिका में छपी। इसका नाम दानी प्लम है। सिनोम पिलाई के मुताबिक ओमान के इलाक में जमीन का उठना इस बात का संकेत है कि यह आज भी एक्टिव है। ओमान का यह प्लम महाद्वीपीय प्लेटों में फंसा हुआ है। इसका मतलब, यह ना तो ऊपर आ सकता है और ना ही पिघल कर ज्वालामुखी बन सकता है।



### टेक्टोनिक प्लेट ने बदला था रास्ता

लेकिन, एक नई रिसर्च में सामने आया है कि प्लम में करोडों साल पहले बने दबाव के कारण टेक्टोनिक प्लेटें का रास्ता बदल गया था। यह तब हुआ था जब भारतीय प्लेट यूरेशिया से टकराई थी। बता दें कि सलमा पठार 6,600 फीट ऊंचा है। रिसर्च के मुख्य वैज्ञानिक सिमोन पिलिया ने बताया कि ये पठार शायद इसी भूतिया प्लम की वजह से बना है। हालांकि, इससे अलग कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये पठार पाकिस्तान और ईरान के पास मकरान सबडक्शन जोन की वजह से बना।



## सिर्फ छिपकली की खेती करती है ये लड़की

बीजिंग। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो ने तहलका मचा दिया है, जिसमें चीन की एक लड़की अपने घर की दीवार पर चादर के पीछे छिपकलियों की फार्मिंग करती नजर आ रही है। इस वीडियो ने भारत में खासा हंगामा मचाया है, क्योंकि जहां चीन में छिपकली फार्मिंग एक आम प्रथा है, वहीं भारतीयों के लिए यह दृश्य हैरान करने वाला है। वीडियो में लड़की ने दीवार पर बनाए गए एक अनोखे 'छिपकली बगीचे'को दिखाया, जो चादर के पीछे छिपा हुआ था। वीडियो में एक युवा चीनी लड़की अपने घर की दीवार पर लगी चादर को हटाकर छिपकलियों की एक छोटी-सी कॉलोनी दिखाती है। ये छिपकलियां दीवार पर बनाए गए छोटे-छोटे खांचों और कृत्रिम वातावरण में रह रही है। लड़की बिना किसी डर के इन छिपकलियों को संभालती है और उनकी देखभाल करती है। लड़की ना सिर्फ इन्हें खाना देती है, बल्कि इनके रहने की जगह की साफ़-सफाई भी देखती है।

### अशुभ का माना जाता है प्रतीक

भारत में छिपकलियों को आमतौर पर घरों में अशुभ या परेशानी का प्रतीक माना जाता है। लोग इन्हें दीवारों पर देखकर डरते हैं या इन्हें भगाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में, किसी का छिपकलियों की फार्मिंग करना और उन्हें पालतू जानवर की तरह रखना भारतीयों के लिए अकल्पनीय है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, ये क्या पागलपन है? छिपकली को पालना कौन चाहेगा? वहीं, एक अन्य ने मजाक में कहा, भारत में तो लोग छिपकली देखकर चप्पल उठा लेते हैं और ये इसे पाल रहे हैं!

## सूखा रेगिस्तान नहीं था मंगल, 3 अरब साल पहले यहां बहती थी गंगा से लंबी नदी

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने एक बहुत ही बड़ी खोज की है। मंगल ग्रह पर 15,000 किमी से भी लंबी पुरानी नदियां मिली हैं। यह इस बात का संकेत हो सकता है कि मंगल ग्रह पर कभी बहुत पानी मौजूद था और वह बहुत हरा-भरा था। ये नदियां अब तो सिर्फ पत्थरों के निशान के तौर मिलती हैं। इनमें से कुछ तो गंगा या अमेजन नदियों से भी बड़ी और ताकतवर थीं। ये निशान मंगल ग्रह के दक्षिणी पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरते हैं।

इस खोज का पूरा किया है ओपन यूनिवर्सिटी के पीएचडी उम्मीदवार एडम लोसेकूट ने, जिन्हें यूनाइटेड किंगडम स्पेस एजेंसी का साथ मिला। इस रिसर्च को नोआचिस टेरा नाम की जगह पर किया गया। टीम में यहां पर घुमावदार चोटियों को पहचाना जो तब बनी थी, जब प्राचीन नदियों ने यहां मिट्टी और पत्थर जमा किए।



### क्या मंगल पर जीवन था?

नोआचिस टेरा को लोसेकूट ने एक टाइम कैप्सूल बताया है। उनके मुताबिक यह जगह प्लेट टेक्टोनिक्स या मिट्टी के कटाव से बची हुई है। ये टाइम कैप्सूल तब के राज समेटे हुए है जहां शायद कभी जीवन रहा हो. रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की राष्ट्रीय खगोल विज्ञान बैठक 2025 में पेश किए गए ये नतीजे बताते हैं कि, भविष्य के मिशनों को पानी से बने इन उल्टे चैनल्स में जीवन के निशान और मिनरल्स का पता लगाना चाहिए।

### कैसा था मंगल का वातावरण?

लगभग 3.7 अरब साल पहले मंगल ग्रह पर सिर्फ कभी-कभी बर्फ पिघलने से बाढ़ आने जैसा नहीं था, बल्कि वहां लंबे समय तक बारिश होती थी। इन नदी के रास्तों का इतना बड़ा फैलाव था कि वहां लगातार बहने वाली नदियां थीं। शायद ऐसा इसलिए था, क्योंकि मंगल का वातावरण काफी घना था जो जीवन के लिए अच्छे संकेत थे। मंगल ग्रह के अब तक के अध्ययनों ने जजेरो जैसे बड़े-बड़े क्रेटर्स पर ही ध्यान दिया है। लेकिन, ये खोज मंगल के जलवायु हिस्ट्री को सामने लाती है, जो वैज्ञानिकों की सोच से परे धरती जैसा स्थिर रहा है।



## जमीन के बजाय समंदर में क्यों उतारे जाते हैं स्पेसक्राफ्ट?



नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मंगलवार, 15 जून को अंतरिक्ष से सुरक्षित वापस धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान 'ग्रेस' अब वापस धरती पर लौट आया है। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया तट के पास प्रशांत महासागर में स्पेसक्राफ्ट का स्प्लैशडाउन हो गया है। आप में से बहुत लोगों के मन में सवाल उठ रहा होगा कि आखिर स्पेसक्राफ्ट को समंदर में ही क्यों उतारा जाता है। इसे जमीन पर क्यों नहीं उतारते हैं। क्या है इसके पीछे की वजह।

### स्प्लैशडाउन

स्पेसक्राफ्ट यानी अंतरिक्ष विमान को जमीन के जगह समंदर में उतारने के पीछे गहरी लॉजिक और साइंस है। दरअसल, जब अंतरिक्ष से कोई विमान धरती पर लौट रहा होता है, तो उसे पैराशूट की मदद से पानी में लैंड कराया जाता है। इस प्रक्रिया को स्प्लैशडाउन कहा जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है, क्योंकि जब स्पेसक्राफ्ट स्पेस से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर रहा होता है, तो उसकी स्पीड हजारों किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से होती है। स्पेसक्राफ्ट की हाई स्पीड होने की वजह से फ्रिक्शन से अत्यधिक गर्मी पैदा होती है, जिससे स्पेसक्राफ्ट और अंतरिक्ष यात्रियों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में स्पेसक्राफ्ट को स्पेशल हीट शील्ड से सुरक्षित किया जाता है। धरती के वायुमंडल में प्रवेश के बाद स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को कम करने के लिए पैराशूट का इस्तेमाल किया जाता है।

### नेचुरल कुशन

स्पेसक्राफ्ट को जमीन के बजाय पानी में इसलिए उतारा जाता है, क्योंकि पानी एक नेचुरल कुशन का काम करता है। स्पेसक्राफ्ट जब पानी में उतरता है, तो उसे जमीन की तुलना में कम झटका लगता है। इससे अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यान दोनों को कम नुकसान होता है। यही वजह है स्पेसक्राफ्ट को जमीन के बजाय समंदर में उतारा जाता है यानी स्प्लैशडाउन कराया जाता है। वहीं, अगर जमीन पर स्पेसक्राफ्ट का स्प्लैशडाउन कराया गया तो पहाड़, ढलान या उबड़-खाबड़ होने की वजह से दुर्घटना हो सकती है। हालांकि, कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि पानी के जगह जमीन पर स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग ज्यादा सुरक्षित हो सकती है। अगर जमीन उबड़-खाबड़ भी है तो पैराशूट की मदद से सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सकती है। वहीं, पानी में कुछ गड़बड़ी होने पर स्पेसक्राफ्ट को बाहर निकलने में मुश्किल हो सकती है।

## अजीबोगरीब

### स्वाद तो बढ़ता ही है, सेहत को भी मिलता है फायदा!

# यहां कॉफी में पनीर डालकर पीते हैं लोग

स्टॉकहोम। कॉफी में थोड़ा दूध या क्रीम मिलाना आम बात है, लेकिन क्या इसके अलावा भी लोग कॉफी में कुछ डालते हैं? इंटरनेट पर कई रेसीपी वाली वेबसाइट पर कॉफी और जायेकेदार बनाने के तरीके मिल जाते हैं। लेकिन, दूध या क्रीम का विकल्प आपको नहीं मिलेगा। लेकिन, दुनिया में एक जगह कॉफी के साथ किसी चीज़ को मिलाया जाता है।

जी हां, उत्तरी स्वीडन में लोग कॉफी के साथ अलग ही तरह के डेयरी उत्पाद का इस्तेमाल करते हैं। वह है, पनीर. यहां काफेओस्ट के नाम से मशहूर एक अनोखा संयोजन है, जिसमें गर्म कॉफी और एक खास तरह का पनीर मिलाया जाता है जिसे लेइपाजूस्तो कहते हैं।

लेइपाजूस्तो नाम का मोटे तौर पर मतलब होता है 'ब्रेड चीज़।'. हालांकि, इस अजीबोगरीब संयोजन में किसी तरह की ब्रेड नहीं होती, सिर्फ पनीर और कॉफी होती है।



### इसका भी है इतिहास

काफेओस्ट को कुछ ही लोग या कभी कभी शौकिया तौर पर ही इस्तेमाल नहीं होता है। बल्कि यह स्कैंडिनेविया देश, उत्तरी स्वीडन और फिनलैंड के रेंडियर शिकारियों के लिए सांस्कृतिक महत्व रखता है। बताया जाता है कि इसे आधे खानाबदोश सामी लोगों ने अपनी यात्राओं के दौरान इस पनीर और कॉफी के शानदार संयोजन खोजा था।

**क्या फायदा होता है इसका :** सामी लोगों ने देखा कि कॉफेओस्ट उनकी सोडियम की कमी को दूर करने में मददगार होता है। जबकि गर्म कॉफी उन्हें गर्म बनाए रखती है और उन्हें वह ऊर्जा देती है, जिसकी उन्हें सर्दियों में सफर करने के लिए जरूरत होती है। स्कैंडिनेविया में कॉफेओस्ट का इस्तेमाल बढ़ रहा है।

### खास जगह के लिए

पिछले महीने ही यूरोपीयन यूनियन ने काफेओस्ट को प्रोटेक्टेड डिजिग्नेशन ऑफ ओरिजन (पीडीओ) यानी संरक्षित उत्पत्ति स्थान संकेतक का दर्जा दिया है। ऐसा स्थानीय पनीर निर्माताओं की पहल पर किया गया जो अपनी खाद्य विरासत का एक हिस्सा संरक्षित करना चाहते थे और उम्मीद करते थे कि वे अपने क्षेत्र में उत्सुक कॉफी प्रेमियों को आकर्षित करेंगे। पीओडी एक यूरोपीय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रणाली है, जो यह सुनिश्चित करती है कि किसी खाद्य उत्पाद की गुणवत्ता, विशिष्टता और प्रतिष्ठा विशेष रूप से उसके भौगोलिक क्षेत्र और उत्पादन पद्धति से जुड़ी हो।

# श्रावण मास में हरिहरेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक आरंभ

## शंकराचार्य मठ बगलामुखी में शिव कृपा की वर्षा, चैतन्यानंदजी महाराज के सान्निध्य में मासपर्यंत चलेगा पूजन

हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास के पुण्य पर्व पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, मढ़ाताल में श्रद्धा और भक्ति का महापर्व प्रारंभ हो गया है। परम पूज्य ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रदत्त शालिग्राम शिला खंड से निर्मित भगवान श्री हरिहरेश्वर महादेव एवं श्री बगलेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक सोमवार से प्रारंभ हो चुका है, जो श्रावण मास भर प्रतिदिन विधिपूर्वक संपन्न होगा।

### आत्मशुद्धि, भक्ति और तपस्या का श्रेष्ठ माह

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। महाराज श्री ने बताया कि शिव का अभिषेक दूध, गंगाजल, शहद, पंचामृत और बेलपत्र से करने से शिव कृपा अवश्य प्राप्त होती है। यह मास आत्मशुद्धि, भक्ति और तपस्या का श्रेष्ठ अवसर है।



### यह रहे उपस्थित-

इस दिव्य आयोजन में घनश्याम मिश्रा, संदीप मिश्रा, राधा शुक्ला, वसुंधरा, ऋचा मिश्रा, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, वैभव दुबे, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, आशीष चौकसे, मनोज सेन समेत कई श्रद्धालु सहभागी बने।



# ज्वेलरी व्यापार की उन्नति के लिए आयोजित किया गया सीजेसी का लाभम सेमिनार

**जबलपुर।** ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) जो पूरे भारतवर्ष में ज्वेलरी व्यापार और ज्वेलर्स की व्यापारिक और आर्थिक उन्नति के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है ने आज जबलपुर संभाग के सभी छोटे बड़े ज्वेलर्स की व्यापार वृद्धि, डिजिटलाइजेशन के उद्देश्य से कृष्णा होटल भंवर ताल गार्डन के पास सुबह 11:30 बजे से सेमिनार का आयोजन किया जिसे GJC ने *लाभम* नाम दिया हे यह सर्राफा व्यापारियों के लिए एक एजुकेशनल कार्यक्रम हे जो लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन म.प्र. सराफा एसोसिएशन एवं जबलपुर सराफा एसोसिएशन के सहयोग से हर वर्ष आयोजित होता हैकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में GJC के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रोकड़े, डायरेक्टर वर्धमान अशीष कोठारी, भाविन मेहता (C.A.) स्पीकर एवं कानूनी सलाहकार, अंकित वैद्य एवं म.प्र.सराफ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ जबलपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बख्तावर उपस्थित रहे। GJC के डायरेक्टर अशीष कोठारी जी ने पूरे देश में होने वाले लाभम कार्यक्रम को उनके द्वारा किस तरह से संचालित किया जा रहा है और उससे व्यापारियों को होने वाला लाभ क्या-क्या है और GJC के द्वारा आगामी 16 सितंबर से 19 सितंबर तक मुंबई में एक विशाल ज्वेलरी एग्जीबिशन का आयोजन भी किया जाना है जिसके लिए सभी को आमंत्रित किया।



# कलचुरी क्लब ने मनाया सावन उत्सव

**जबलपुर।** विगत दिवस कलचुरी क्लब द्वारा होटल युवराज विजय नगर में सावन माह के आगमन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने अंताक्षरी, गीत संगीत व अन्य खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के रवींद्र शशि चौकसे, राजेन्द्र सीमा राय, चंद कल्पना चौकसे, विद्याशंकर किरण राय, श्याम मनोरमा राय, संदीप प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय रोजी महाजन, सुरेंद्र जयश्री चौकसे आदि ने सावन का आगाज जोरदार ढंग से किया।

# संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता

## पमरे महाप्रबंधक ने की रेल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

जबलपुर।




पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को.आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सेफ्टी तथा तीनों मंडलों में चलाये जा रहे विशेष संरक्षा सम्बन्धी अभियानों, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बल दिया गया। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि, रिवेन्यू एवं कैपेक्स (कैपिटल एक्सपेंडीचर) जैसे अनेक विषयों पर विचार.विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों पर विस्तार से चर्चा की साथ ही निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा.निर्देशों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही।

मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने पैसेंजरए गुड्स (लोडिंग) तथा संड्री (नॉन फेयर रिवेन्यू) आय की समीक्षा करते हुए कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने की दिशा में कारगर उपायों पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। साथ ही यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।



# श्रीराम कावड़ यात्रा निकली

**जबलपुर।** सावन मास में शिवभक्ति का अद्भुत उत्साह संस्कारधानी में देखने को मिल रहा है। मंत्रोच्चार, घंटियों की गूंज और 'हर हर महादेव' के जयघोष के बीच पूरे दिन शिवालयों में आस्था की धारा बह रही है। लगातार तीसरे वर्ष श्री राम कावड़ यात्रा शीतला माई से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर जी सी एफ स्टेट में समाप्त हुई। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमतीकीर्ति अभिलाष पांडेय, कल्पना तिवारी,पं.राम दुबे कपिल दुबे, सुरेश पांडे, पप्पू महराज, राजू दुबे अनिल दुबे, योगेश लोखंडे,,मंजू दुबे वंदना द्विवेदी पूनम तिवारी कुमकुम गुप्ता नीतू दुबे माया सिंह शालिनी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय पारंपरिक आहार पर चोट क्यों...?

## समोसा, जलेबी, आलूबंडा, पकौड़े पर केंद्र का आदेश अव्यवहारिक



**जबलपुर।** गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोग रोजाना समोसे, जलेबी, पकौड़े आदि भारतीय पारंपरिक आहार का सेवन कर अपने काम धंधों में जुट जाते है। यह परंपरा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों वर्षो से जारी है। अपने सामने तले हुए ताजे पदार्थ तथा वे भी खरीदी क्षमता के भीतर सस्ते होने के कारण समोसे, पकौड़े, जलेबी आदि खाद पदार्थ भारी प्रसिद्ध है, विशेषतः समूचे उत्तर भारत में।

ऐसे में इन भारतीय पारंपरिक आहार वालें पदार्थों का कोई विकल्प नहीं सोचकर उन्हें यह कहते हुए नकारना की इनके तेल एवं शक्कर के मात्राओं से मोटापा बढ़ता है, यह पूर्णतः अव्यवहारिक है। अतः केंद्र सरकार द्वारा 10 जुलाई को जारी आदेश पर पुनर्विचार करें, यह पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा है।

मंच ने स्पष्ट किया की आहार में तेल एवं शक्कर की मात्रा ज्यादा होने से स्वास्थ्य हानि होती है, इस तथ्य की वैज्ञानिकता को स्वीकारा जाए, किन्तु ऐसा आदेश जारी करने के पूर्व में वैकल्पिक स्थिति को जनता के सामने रखा जाना चाहिए। समोसा, जलेबी

### जंक फूड नहीं

जंक फूड में ''प्रीजर्वेटीज'' डाला जाता है। ऐसे पैकेज्ड फूड को बेचा जाता है। ऐसे जंक फूड के संबंध में भारत में कोई रेग्युलेशन नहीं है। किन्तु समोसा, जलेबी आदियों में ''प्रीजर्वेटीज'' नहीं डाला जाता है वे तो तत्काल स्थल पर ही निर्मित कर बेचा जाये है। ऐसे में उन्हें जंक फूड के श्रेणी में डालना गलत है। डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, राममिलन शर्मा आदि ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराई है।

# क्षतिग्रस्त रेल पुल निर्माण के लिए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** अधारताल स्थित रेल्वे का 125 वर्ष पुराना जीर्ण शीर्ण पुल को ध्वस्त कर नया पुल का निर्माण किये जाने को लेकर मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीकाराम कोष्टा, पठान समाज के सरदार वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे के डीआरएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि अधारताल स्थित महाराजपुर करौंदा नाला व ऋषि नगर कॉलोनी में 125 वर्ष पूर्व निर्मित रेल्वे की बड़ी लाइन का पुल अत्यधिक जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। जिस कारण कभी भी बड़ी रेल दुर्घटना होने की आशंका हैं। वर्षा के दिनों में पुल के नीचे पानी भरा होने के कारण रहवासी व औद्योगिक क्षेत्र रिछाई की फैक्टरियों में नोकरी करने वाले पुल के ऊपर से पटरियां पार कर जाते हैं। जिस कारण रेल गाड़ी की चपेट में आकर मानव व पशुओं की मौतें हो रही हैं। जनहित में उक्त जर्जर पुल को ध्वस्त कर नया रेल पुल का निर्माण अतिशीर्घ कराये जाने की मांग की गई।

CHANGE OF NAME

I, POLE NANDINI (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. 15758579P RANK SIGMN NAME POLE PRAVIN GANGADHAR presently residing at VILL-NANDAPPA, PO-NANDAPPA, TEH- JIWATI, DISTT-CHANDRAPUR (MAHARASHTRA)-442908 I, have changed of my name from POLE NANDINI (Name as per my Husband Army service records) to POLE NANDINI PRAVIN (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 15/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME - POLE NANDINI PRAVIN
INCORRECT NAME - POLE NANDINI

# नर्मदा के उस पार बनाई जाये सेटेलाईट सिटी

## मास्टर प्लान के लिए महाकौशल चेम्बर ने दिये 21 सूत्रीय सुझाव

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री, जबलपुर को संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा प्रस्तावित जबलपुर विकास योजना पुर्नविलोकन -2025 हेतु चेम्बर पदाधिकारियों से सुझाव मांगे थे वस्तुत चर्चा के बाद चेम्बर ने उनके साथ जबलपुर के विकास 21 मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की थी जिसमें मुख्य रूप से नर्मदा नदी गौरीघाट मंगेली के उस पार नया जबलपुर विकसित करते हुए सेटेलाइट सिटी का स्वरूप प्रदान किया जाना चाहिए। रेल लाइन लाइन की अनुपयोगी भूमि को विकसित कर सुचारू यातायात हेतु सड़क का निर्माण कराया जाना चाहिए। यही सड़क आगे नर्मदा नदी पर पुल के निर्माण उपरान्त सीधे प्रस्तावित सेटेलाइट सिटी को जोड़ती हुई नागपुर रोड से मिल जावेगी एवं ग्वारीघाट के लिया यह एक वैकल्पिक रास्ता भी होगा। जबलपुर में अन्तराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम का निर्माण कराना। रानीताल की शेष बची हुई भूमि जो कि आगा चौक से रानीताल मुक्ति धाम रोड के बाई तरफ स्थित है तथा तालाब को कचरे से भरा जाकर बनाई गई है एक उपयुक्त स्थल है जो नगर के बीच में है इस स्थल का उपयोग सार्वजनिक आयोजनों के स्थल की जो कमी है उसकी पूर्ति हेतु को किया जा सकता है। ताल-तलैयों के शहर जबलपुर में शेष बचे हुए तालाब जो कि सरोवर हमारी धरोहर में आरक्षित है तालाबों का उपयोग जलक्रीड़ा, स्वीमिंग पुल एवं भ्रमण स्थल के रूप किए जाने की योजना में किए जाने की आवश्यकता है। नगर के बढ़ते यातायात को सुनियोजित करने के क्रम में सघन व्यापार क्षेत्रों में जहाँ रोड़ की चौड़ाई 30 फुट से अधिक है वहाँ रोड़ डिवाइडर लगाया जावे साथ ही समुचित मात्रा मे पार्किंग स्थलों का निमार्ण एवं संचालन किया जाना आवश्यक है। थोक व्यापार स्थल का निर्माण जिसके तहत गल्ला, किराना, सब्जी-फल कपड़ा, हार्डवेअर, सेनेटरीवेयर, मोटर पार्ट, बिल्डिंग मटेरियल इत्यादि जैसे क्षेत्र स्थित है। नगर के समीप बाईपास या रूक्र-4 में स्थल चयन कर बनाया जा सकता है। जबलपुर नगर में हाथ ठेला खेमचा एवं गुमटी पर व्यापार करने वाले छोटे-छोटे लोगों की आजीविका का साधन है। सुंदर स्वरूप या यातायात व्यवस्था के अवरोध के नाम पर इस श्रेणी के व्यापार को बंद नहीं किया जाना चाहिए। हमारा सुझाव है कि वर्तमान में ओमती नाले को कवर करते हुए बनाए गए नाले एवं उसके साथ दोनों ओर लगी हुई भूमि का समतलीकरण एवं विस्तारीकरण के साथ इसका उपयोग नौदरापुल से लेकर मदनमहल तक हाथ ठेला एवं गुमटी के फुटकर व्यापार हेतु आरक्षित कर किया जा सकता है। नगर के मध्य खाली हुए टेलीग्राफ वर्कशॉप रानीताल की खाली पड़ी भूमि का उपयोग उसमें स्थित पेड़ो के यथावत रखते हुए थोक व्यापार स्थल, मनोरंजन एवं भ्रमण स्थल, खान पान सुविधा के साथ सुन्दर बगीचे आदि में किया जाना सर्वथा उपयुक्त योजना होगी। यह एक सुंदर सुयोग है कि हमारे महाकोशल अंचल के अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल उपलब्ध है। जिसमें जबलपुर का भेड़ाघाट, मण्डला का कान्हा किसली, उमरिया का बाधवगढ़, डिण्डोरी में फोसिल पार्क, अमरकंटक-चित्रकूट-खुजराहों-पन्ना रिजर्व पार्क, सिवनी का पेंच, पचमढ़ी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इन सभी को जोड़ते हुए पर्यटन हब के निर्माण की योजना बनाया जाना चाहिये। इस हेतु पर्यटन उद्योग निर्धारित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अधोसंरचना का विकास हो। जबलपुर इन सभी पर्यटन स्थलों के केन्द्र में है अतः हेलीकाप्टर सर्विस को प्रारंभ किया जाना एक आवश्यक कदम होगा। बैठक में जयवर्धन राय, संयुक्त संचालक एवं अन्य अधिकारीयों नगर तथा ग्राम निवेश के साथ महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल उपस्थित थे।

# नर्स को बना दिया नर्सिंग प्रोफेसर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में नियम विरुद्ध प्रोफेसर पद पर नियुक्ति एवं पक्षपातपूर्ण परीक्षा व्यवस्था, मूल्यांकन कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार समेत अन्य अनियमित्ताओं के विरोध में एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा कुल सचिव को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन किया गया है और परीक्षा व्यवस्था में पक्षपात किया जा रहा है उन्होंने कहा कि एक नर्सिंग स्टाफ को फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया है और उन्हें परीक्षा कार्यों में भी शामिल किया जा रहा है, जो कि उनके शैक्षणिक विषय से भिन्न है। देवकी पटेल ने मांग की है कि इस नियुक्ति की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जांच पूरी होने तक उन्हें किसी भी प्रकार के परीक्षा कार्य से विलग रखा जाए।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/दिनांक14/07/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रजनी रजक पति श्री मुन्ना लाल रजक ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 75 नर्मदा चैतन्य सिटी तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000105889 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 810 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट, प्रथम तल 630 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति रचना झारिया पति श्री सुधांशु झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/दिनांक15/07/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति करूणा अरूण पति श्री अरूण कृष्णनकुट्टी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक म.नं. बी-22 अनूप विहार आर्मी वेलफेयर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002949972 पर दर्ज निर्मित भूतल 870 वर्गफुट RCC, प्रथम तल 575 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अजय पिता श्री अन्न कृष्णनकुट्टी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/दिनांक15/07/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रतीक राव पिता श्री सी.प्रकाश राव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1711/1 पुरानी बस्ती कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000389289 पर दर्ज निर्मित भूतल 850वर्गफुट RCC अनुबंधित विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति कौशल्या बाई दाहिया पति श्री सुखलाल दाहिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/दिनांक11/07/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रविकांत तिवारी पिता श्री गोविंद प्रसाद तिवारी, श्रीमति निशी तिवारी पति श्री रविकांत तिवारी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 1040 ब्लाक B दत्त अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386880 पर दर्ज निर्मित प्रथमतल 1300वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रमोद कुमार पिता स्व. श्री भारत सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/दिनांक15/07/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित कुमार सिंह पिता श्री सत्य नारायण सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 164 नमामि वैली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000406506 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 960 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज नेहा कुमारी पिनयानी पिता सुनील पिनयानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 3 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम
जबलपुर पत्रांक/स.क्र.-03/एम/25-26/78
दिनांक - 17/06/2025
भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रंजीत विश्वकर्मा पिता श्री ओम प्रकाश एवं श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा पति श्री रंजीत ने भवन क्रमांक 417वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 1417 भूतल 600 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पद्धत भवन क्रमांक 417 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कंप्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्री लाला पासी श्री ओम प्रकाश श्रीमती पुना, श्रीमती आशा के स्थान पर नाम आते हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्र -3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

## इंदौर के गैराज से हार्वर्ड तकः एमडीपीएच की सुगंधित यात्रा बनी वैश्विक प्रेरणा

### 1,000 करोड़ के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया

# धोनी द्वारा प्रचारित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बना केस स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

क्रिकेटर एम.एस धोनी द्वारा समर्थित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी बना है। इसकी मूल कंपनी मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) इस पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय को 2027 तक 1,000 करोड़ के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया है। एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रो. तुलसी जयकुमार द्वारा लिखित इस केस को न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एफआईटी) सहित वैश्विक संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे एक पारंपरिक, पारिवारिक रूप से संचालित अगरबत्ती व्यवसाय ने उद्देश्य-आधारित विकास, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच हासिल की। 1990 के दशक की शुरुआत में इंदौर के एक गैराज से प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्थापित एमडीपीएच आज दुनिया के प्रमुख अगरबत्ती निर्यातकों में शामिल है।

यह कंपनी 9.4 लाख वर्गफुट की सुविधा में संचालित होती है और प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियाँ बनाती है। जेड ब्लैक अगरबत्तियों के प्रतिदिन 15 लाख पैकेट बिकते हैं। कंपनी में 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 80 फीसदी महिलाएं हैं। एमडीपीएच के उत्पाद 45 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। इसके प्रमुख ब्रांड्स में ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती, मंथन धूप, ऑरवा (लाइफस्टाइल और अरोमाथेरेपी), और समर्पण (पूजा सामग्री) शामिल हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा अगरबत्ती उत्पादक और उपभोक्ता देश है। जेड ब्लैक ने चारकोल-फ्री बांस रहित अगरबत्तियां, प्रीमियम धूप स्टिक्स और डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर प्लेटफॉर्म 'ऑरवा' के जरिए लग्जरी परफ्यूमरी जैसे इनोवेशन किए हैं। ब्रांड का दिग्गज क्रिकेटर और 'कैप्टन कूल' एमएस धोनी के साथ आठ साल पुराना जुड़ाव इसे एक अलग स्तर की विश्वसनीयता और भरोसा देता है। वहीं मंथन धूप के लिए ऋतिक रोशन को चेहरा बनाए जाने से इस असंगठित धूप सेगमेंट को एक युवा और महत्वाकांक्षी दर्शक वर्ग के बीच संगठित और ऊंचा स्थान मिला है।





### हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाज़ों और भावनाओं से जुड़ी है : अंकित अग्रवाल

*अंकित अग्रवाल, निदेशक, एमडीपीएच और जेड ब्लैक ने कहाकि हार्वर्ड द्वारा हमारे सफर को केस स्टडी के रूप में चुना जाना यह दर्शाता है कि भारतीय सोच और स्पष्ट दृष्टि किस तरह वैश्विक स्तर पर असर कर सकती है। अगरबत्तियों से लेकर एसेंशियल ऑइल्स और बांस रहित इनोवेशन से लेकर लग्जरी परफ्यूम्स तक, हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाजों और भावनाओं से जुड़ी है। जेड ब्लैक आज 45 से अधिक देशों में मौजूद है। हर बाजार की पसंद को ध्यान में रखते हुए हमने सुगंधों की रेंज विकसित की है।*

### स्थानीय घरों से लेकर वैश्विक क्लासरूम तक एमडीपीएच को हार्वर्ड में मिली मान्यता

*विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त केस शिक्षाशास्त्र विशेषज्ञ और इस केस स्टडी की लेखिका प्रो. तुलसी जयकुमार, जिनके कार्यों का उपयोग 50 से अधिक आइवी लीग स्कूलों में किया जाता है, ने कहाकि एमडीपीएच केस इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे एक पारंपरिक परिवार द्वारा संचालित व्यवसाय अपने मूल मूल्यों पर अडिग रहते हुए रणनीतिक रूप से विकसित हो सकता है। यह छात्रों को बाजार की गतिशीलता, प्रतिस्पर्धी लाभों और परिवार तथा व्यवसाय के निर्णय लेने के अनूठे अंतर्संबंध को समझने का अवसर देता है। स्थानीय घरों से लेकर वैश्विक क्लासरूम तक एमडीपीएच को हार्वर्ड में मिली मान्यता यह दर्शाती है कि जब परंपरा को नवाचार से जोड़ा जाए, तो परिणाम केवल विस्तार नहीं, बल्कि गहराई और असर वाला होता है।*

### 3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया

*एमडीपीएच के संचालन व मानव संसाधन निदेशक अंशुल अग्रवाल ने कहाकि हमारे लिए अगरबतियाँ बनाना सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि एक सोच है। हर अगरबत्ती के साथ कुछ अच्छा करने का इरादा जुड़ा होता है। हमारी यात्रा इंदौर के एक गैराज से शुरू होकर दुनियाभर के घरों तक पहुंची है और इस दौरान 3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया गया है। हमारी डिजिटल व्यवस्था हमें नए भौगोलिक क्षेत्रों और उत्पाद श्रेणियों में तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाती है। हम वित्त वर्ष 2027 त1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।*

# चांदी ने दो दिन में लगाई 9,500 रुपए की छलांग



■ चांदी ने दिया इस साल सोने से बेहतर रिटर्न

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्राफा बाजार में चांदी ने दो दिन में 9500 रुपए की छलांग लगाते हुए ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई। मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में चांदी 1 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। बाजार जानकारों के अनुसार परंपरागत रूप से सोने के प्रति आकर्षण रखने वाले निवेशक अब चांदी की ओर रुख कर रहे हैं। चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब कारोबार कर रही थी। इस साल चांदी का रिटर्न सोने को पीछे छोड़ चुका है। दुनिया के सबसे बड़े चांदी उपभोक्ता भारत में आयात से मांग पूरी होती है।

### मांग की अपेक्षा चांदी उत्पादन हो रहा कम, जिससे भाव उछले

बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल और संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार पिछले साल सोने की कीमतों में 34 फीसदी का उछाल आया था, जबकि चांदी में 23 फीसदी की वृद्धि हुई थी, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। चांदी की कीमतें हाल ही में सोने से पीछे रहने के बाद तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि निवेश और औद्योगिक मांग बढ़ रही है। गर्ग के अनुसार सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों में मांग उत्पादन को पीछे छोड़ रही है। आमतौर पर जब कीमतें रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचती हैं, तो निवेशक सिक्के और बार बेचते हैं या एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स से बाहर निकलते हैं, लेकिन इस बार रिकॉर्ड उच्च कीमतों पर भी लोग निवेश कर रहे हैं, न कि बेच रहे हैं।

### चांदी की खुदरा निवेश मांग में सात फीसदी की दर्ज हुई वृद्धि

सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने बताया कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली छमाही में भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के साथ-साथ सकारात्मक मूल्य अपेक्षाओं ने चांदी में निवेश को गति प्रदान की है। चांदी में इस निवेश गतिविधि ने कीमत को 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया।

# टीकेएम ने प्रेस्टीज एडिशन की घोषणा की



**बेंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी हैचबैक, टोयोटा ग्लैंजा में दो महत्वपूर्ण अपडेट की घोषणा की। इसका उद्देश्य सुरक्षा को और मजबूत करना तथा समग्र ग्राहक मूल्य को बढ़ाना है। सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए, टोयोटा ग्लैंज़ा के सभी वेरिएंट अब मानक तौर पर छह एयरबैग से युक्त होंगे, जो चालक और यात्रियों, दोनों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करेंगे। अपनी प्रीमियम स्टाइलिंग और पूरी तरह से तकनीकी विशेषताओं से भरपूर, टोयोटा ग्लैंज़ा पहली बार कार खरीदने वालों, युवा पेशेवरों और शहरी यात्रियों के बीच एक पसंदीदा विकल्प बनी हुई है। अपने स्टाइलिश डिज़ाइन, ईंधन दक्षता और परेशानी मुक्त स्वामित्व के लिए दिल जीतने वाली, ग्लैंजा में छह एयरबैग मानक तौर पर होने से इसकी अपील और मज़बूत होने की उम्मीद है, साथ ही हर ग्राहक के लिए मानसिक शांति सुनिश्चित होगी।




## बीमा जागरूकता समिति का सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस अभियान

**जबलपुर।** दिसंबर 2023 के एनआईए अध्ययन (i) के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83% से बढ़कर 2023 में 87% हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90% से ज़्यादा की यह कमी और भी ज़्यादा साफ़ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फ़ाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है। इसकी व्यापकता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली "बीमा जागरूकता समिति" (इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान "सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस" के अगले चरण की शुरुआत की है। यह पहल हर भारतीय को एक नए उत्साह के साथ लाइफ़ इंश्योरेंस को अपनी वित्तीय यात्रा की बुनियाद मज़बूत बनाने, बढ़ती जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## उत्पादन की कमी से आपूर्ति हो रही प्रभावित

### रक्षाबंधन तक नारियल 40 रुपए प्रति नग हो जाएगा

# सावन में महंगा हुआ प्रसाद 35 रुपए नग बिक रहा नारियल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सावन का महीना शुरू है और नारियल की मांग बढ़ गई है, लेकिन भगवान के प्रसाद के साथ-साथ नारियल सभी शुभ कामों में इस्तेमाल किया जाने वाला नारियल के दामों ऐतिहासिक उछाल दर्ज हुआ है। सावन के शुरुआत में नारियल 30 से 35 रुपए का एक नग नारियल है और संभावना जताई जा रही है कि रक्षाबंधन तक नारियल के दाम 40 रुपए प्रति नग हो जाएंगे।

गौरतलब है कि सावन का महीना हिंदू धर्म में सबसे पवित्र महीना माना जाता है, पूरे महीने भोलेबाबा की भक्ति की जाती है। श्रावण मास में श्रीफल यानि नारियल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है, ऐसे में सावन की शुरुआत के साथ ही नारियल के दामों में तेजी देखी जा रही है।



**100 रुपए से नीचे पहुंची तुअर दाल**

### सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई इंदौर से

*नारियल व्यापारी संजय जैन के अनुसार सावन की शुरुआत होने के साथ अगस्त माह में रक्षाबंधन का त्योहार भी है। ऐसे में मार्केट में तेजी आ रही है। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई इंदौर से की जाती है। पहले दक्षिण भारत के उत्पादक क्षेत्रों से नारियल भोपाल से आता है और फिर यहां से राज्य के दूसरे स्थानों में भेजा जाता है, लेकिन डिमांड बढ़ रही है और सप्लाई उतनी तेजी से नहीं हो रही है, जिससे दामों में तेजी देखी जा रही है।*

### नारियल तेल 30 से 40 फीसदी तक महंगा

### नारियल के उत्पादन में कमी पड़ रही लोगों की जेब पर भारी



नारियल तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक साल पहले जो तेल 130 रुपए प्रति किलो मिलता था, वो अब 400 रुपए के पार पहुंच चुका है। आम आदमी पर इसका सीधा असर पड़ा है और अब लोग नारियल तेल छोड़कर दूसरे विकल्पों की ओर बढ़ने लगे हैं। इसके अलावा महंगाई के कारण नकली और मिलावटी नारियल तेल का चलन बाजार में बढ़ गया है। बढ़ती कीमतों के कारण कुछ लोग सस्ते तेलों को मिलाकर या अन्य तरीकों से नारियल तेल में मिलावट कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा कम हो रहा है। बाजार जानकारों के अनुसार बीते एक साल में नारियल तेल की कीमतें 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मांग बढ़ने से एक बार फिर कीमतों में तेजी आने की आशंका है। नामी कंपनियों से लेकर लोकल उत्पादकों ने भी कीमतों में बढ़ोतरी की है। ब्रांडेड कंपनियों ने नारियल तेल की कीमतें 30 प्रतिशत तक बढ़ाई है। यह बढ़ोतरी खोपरे की कीमतों में 40-50 प्रतिशत की उछाल की वजह से हुई है। आशंका जताई है कि आने वाले त्योहारी सीजन में नारियल की मांग बढ़ जाएगी, जिसके चलते दामों में और भी उछाल आ सकता है। इसलिए सरकार से मांग है कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कुछ समय तक आयात की मंजूरी देनी चाहिए, जिस से दाम काबू में रहें।

### रेंज रोवर एसवी ब्लैक सेंसरी ऑडियो के साथ पेश

**नई दिल्ली।** रेंज रोवर एसवी ने अब 2025 में रेंज रोवर शानदार आकर्षक रेंज रोवर एसवी ब्लैक के एडीशन के साथ अपनी श्रृंखला का विस्तार करने जा रही है जो रेंज रोवर एसवी सेरेनिटी और रेंज रोवर एसवी इंट्रेपिड के साथ उपलब्ध होगी। इसमें एसवी ब्लैक की 'डिप्ड इन ब्लैक' थीम सेलेकर एसवी इंट्रेपिड की बोल्ड डायनामिक थीम और एसवी सेरेनिटी की एलीवेटेड लक्जरी शामिल है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

### नथिंग फ़ोन हेडफ़ोन की बिक्री अब भारत में

**जबलपुर।** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने घोषणा की है कि दो प्रमुख उत्पाद पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला टू फ़्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद। दोनों उत्पाद, सुविचारित डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक को नए सिरे से परिभाषित करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।नथिंग फ़ोन (3) ऐसे अभूतपूर्व नवाचार प्रस्तुत करता है जो स्मार्टफ़ोन उद्योग में नए मानक स्थापित करते हैं। इस डिवाइस में प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें कम रोशनी वाले शॉट्स के लिए एक श्रेणी-अग्रणी 1/1.3 मुख्य सेंसर, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम और पूर्ण ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन के साथ सभी लेंसों पर सिनेमैटिक 4K 60fps वीडियो शामिल है।



# रोबोटिक कैंसर सर्जरी : सुरक्षित और तेज़ रिकवरी की एक नई उम्मीद

**जबलपुर।**


कैंसर का सामना करना कभी आसान नहीं होता। लेकिन आज की आधुनिक और नई तकनीक की मदद से कैंसर की सर्जरी अब और भी सुरक्षित, सटीक और कम दर्द वाली हो गई है। कैंसर के इलाज में बहुत ही नई और उन्नत तकनीक में से एक है रोबोटिक ऑन्को सर्जरी – यह एक स्मार्ट और सौम्य सर्जरी है, जिसमें एडवांस रोबोट्स की मदद से कैंसर को हटाया जाता है। मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर डायरेक्टर डॉ. अभिनव देशपांडे ने बताया कि रोबोटिक ऑन्कोलॉजिक सर्जरी एक विशेष प्रकार की सर्जरी है, जिसमें डॉक्टर रोबोटिक आर्म्स की मदद से नाजुक कैंसर ऑपरेशन करते हैं। यह रोबोट अपने आप काम नहीं करता, बल्कि इसे एक अनुभवी सर्जन कंट्रोल करता है, जो एक कंसोल (मशीन) पर बैठकर इसे चलाता है। यह रोबोटिक सिस्टम सर्जन को शरीर के अंदर का थ्री-डी दृश्य दिखाता है और उन्हें अत्यधिक सटीकता के साथ हाथों की गति नियंत्रित करने में सक्षम बनाता है।

### सिल्वर्टन ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** सिल्वर्टन इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी की योजना आईपीओ के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 5 रुपए अंकित मूल्य) के ऑफरिंग के माध्यम से धन जुटाने की हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

### शब्द पहेली - 5929



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 5928 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

### सूडोकु नवताल - 5939

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5938 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.



# द रिवोल्यूशनरीज का फर्स्ट लुक जारी...

**मुंबई।** द रिवोल्यूशनरीज की पहली झलक सोमवार को सामने आई है। सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा एक अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके फैंस को उत्साहित कर रहा है। ये तीनों ही कलाकारों ने इससे पहले इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। द रिवोल्यूशनरीज संजीव सान्याल की किताब रिवोल्यूशनरीजः द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। द रेवोल्यूशनरी उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## मिस्ट्री मैन के साथ विंबलडन में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला सुर्खियों में रहना बखूबी जानती हैं। वे अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। एक बार फिर ऐसा हुआ है। दरअसल, उर्वशी विंबलडन 2025 में पहुंचीं। वे बॉबी डॉल बनकर पहुंचीं।

दिलचस्प बात यह है कि वे यहां मिस्ट्री मैन के साथ नजर आई हैं, जिसके बाद फैंस पूछ रहे हैं कि आखिर वह शख्स कौन है? उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज रविवार को एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने विंबलडन से अपनी झलकियां शेयर की हैं। उर्वशी ने इसके साथ बताया कि वहां उनकी मुलाकात राजकुमारी केट मिडलटन से हुई। उर्वशी ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन आपसे मिलना सचमुच सम्मान की बात है। आपसे मिलना शानदार रहा।' इसके अलावा उर्वशी ने एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की है। वे पोज देती नजर आ रही हैं और उनके बराबर में एक शख्स खड़ा है। अभिनेत्री ने शख्स का चेहरा व्हाइट हार्ट इमोजी से हाइड कर दिया है। उर्वशी की यह फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। फैंस जानने के लिए उत्सुक हैं कि जिस शख्स का चेहरा छिपाया गया है, आखिर वह मिस्ट्री मैन कौन है? उर्वशी रौतेला व्हाइट कलर की ड्रेस में बार्बी डॉल वाले लुक में विंबलडन में पहुंची हैं। उनका स्टाइल तो चर्चा में है ही, साथ ही उनके बैग में लगीं चार लाबुबु डॉल ने भी लाइमलाइट चुरा ली है।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन के अवतार में छाए डेविड

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हॉलीवुड स्टार डेविड कोरेन्सवेट की सुपर हीरो फिल्म 'सुपरमैन' लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। सुपरमैन ने रविवार को 7.21 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 23.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। सुपरमैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी सुपरहीरो फिल्म है। यह डीसी कॉमिक्स के इसी नाम के किरदार पर आधारित है।




# प्रियंका अपनी सासू मां से धुलवाती थीं कपड़े

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में उनके काम के लिए काफी तारीफ मिल रही है। एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उन्हें भी बाकी लोगों की तरह घर का एक काम सबसे कम पसंद है। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उन्होंने एक बार अपनी सास को धोखा देकर यह काम करवाया था। प्रियंका चोपड़ा ने कहा था, 'कपड़े धोना मेरे लिए एक मुश्किल काम है। मुझे यह मुश्किल लगता है। मैं हमेशा किसी और से यह काम करवाने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने पति निक जोनस की मां डेनिस मिलर-जोनस से यह काम करवाया था। 'मैं कपड़े आयरन कर सकती हूं, तह करके रख सकती हूं। लेकिन, कपड़े धोने की प्रक्रिया से गुजरना वाकई बहुत मुश्किल है।



# दिल पे चलाई छुरियां में अंजलि के साथ राजू

**मुंबई।** अंजलि अरोड़ा सोनू निगम के गाने 'दिल पे चलाई छुरियां' के रीमिक्स वर्जन में राजू कलाकार के साथ नजर आई हैं, जो पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। सोनू निगम ने इस गाने में अपनी आवाज दी है और लोग राजू कलाकार को मौका देने के लिए उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कि कुछ दिन पहले सोनू ने राजू कलाकार के साथ एक रील भी शेयर किया था। 30 साल पहले का ये गाना हाल ही में अचानक वायरल हो गया और इसकी वजह राजू भट्ट यानी राजू कलाकार हैं। दरअसल राजू के दोस्त ने उनकी आवाज में ये गाना रेकॉर्ड किया और फिर सोशल मीडिया पर डाला। इसके बाद ये गाना आग की तरह सोशल मीडिया पर नजर आने लगा। यहां से रील्स बनने का भी सिलसिला शुरू हुआ और रेमो डिसूजा जैसे कई कलाकारों ने इस गाने पर रील भी बनाए।



# धड़क-2 के ट्रेलर पर लुटाया प्यार...

**मुंबई।** धड़क 2 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसके ट्रेलर में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। प्रशंसकों को यह ट्रेलर बेहद पसंद आया। वहीं, अमिताभ बच्चन ने भी फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने फिल्म धड़क 2 का आधिकारिक ट्रेलर शेयर करते हुए इसकी तारीफ की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'टी 5440 - सभी को शुभकामनाएं। अमिताभ की इस पोस्ट पर 'धड़क 2 की निर्माता मीनू अरोड़ा ने आभार जताते हुए लिखा, आपका आशीर्वाद और समर्थन मेरे और हम सभी के लिए बहुत मायने रखता है। धन्यवाद सर। धड़क 2 यह फिल्म प्यार, जाति और सामाजिक बंधनों की कहानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# सीआईडी-2 को रिप्लेस करेगा कौन बनेगा करोड़पति 17

**नई दिल्ली।** 'सीआईडी' की सफलता को देखते हुए मेकर्स इसका दूसरा सीजन 'सीआईडी 2' लेकर आए थे, लेकिन इसकी कमजोर कहानी दर्शकों को इंप्रेस नहीं कर पा रही है। यहां तक कि पुरानी कास्ट को वापस लाने का भी फायदा नहीं दिख रहा है। अब खबर है कि इसे बंद किया जा रहा है। अमिताभ बच्चन का 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इसे रिप्लेस करेगा। करीब 6 साल के गैप के बाद फेमस क्राइम थ्रिलर सीआईडी अपने दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा था। इसमें एसीपी आयुष्मान के रूप में टीवी एक्टर पार्थ समथान की एंट्री हुई थी। शिवाजी साटम के किरदार एसीपी प्रद्युमन को कुछ समय के लिए ब्रेक दिया गया था, तब चर्चा हुई थी कि क्या उन्होंने शो छोड़ दिया है। इसके बाद कुछ पुराने चेहरे वापस लौटे, जिनमें श्रद्धा मुसले और जानवी छेड़ा शामिल हैं। अटकलें तेज हो रही हैं कि फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' अपने 17वें सीजन के साथ वापसी कर सकता है। ये प्राइम टाइम स्लॉट में सीआईडी 2 की जगह ले सकता है। हालांकि, न तो सीआईडी के निर्माताओं और न ही केबीसी की प्रोडक्शन टीम ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। लेकिन टीवी के अंदरूनी सूत्रों के बीच कानाफूसी इसी ओर इशारा कर रही है।

## पल्लवी ने शादी के 22 साल बाद लिया तलाक

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'पांड्या स्टोर' की एक्ट्रेस पल्लवी राल और उनके पति सूरज राव, जो एक टीवी डायरेक्टर हैं, ने 22 साल बाद तलाक लेने का फैसला किया है। उनके दो बच्चे हैं, और आपसी तालमेल की कमी के कारण उन्होंने यह मुश्किल कदम उठाया। पल्लवी ने एक इंटरव्यू में बताया, 'सूरज और मेरे दो बच्चे हैं। हमारे बीच पिछले कुछ सालों से तालमेल की दिक्कत हो रही थी और अब हमने आखिरकार अलग होने का फैसला किया है। ये हमारे लिए मुश्किल फैसला था, क्योंकि हमारी 21 साल की बेटी और 18 साल का बेटा है। लेकिन, कभी-कभी आपसी सहमति से अलग होना और शांति से भरा जीवन जीना अच्छा होता है। मैं सूरज की इज्जत करती हूं और हमेशा उनके अच्छे की कामना करती हूं।' पल्लवी के काम की बात करें तो उन्होंने कयामत से कयामत, कुल्फी कुमार बाजेवाला और शुभारंभ समेत कई टीवी शोज में काम किया है। वहीं, सूरज ने क्योंकि सास भी कभी बहू थी और शाका लाला बूम बूम' का डायरेक्शन किया है। दोनों की मुलाकात मुंबई में एक टीवी शो के सेट पर हुई थी। फिर 2003 में इन्होंने शादी कर ली थी। बता दें कि इनके पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के सेट पर मिले लता सभरवाल और संजीव सेठ ने भी अपना रिश्ता खत्म कर लिया था।



# मनोज, करीना व शर्मिला को मिला नामांकन

# दिखाई जाएंगी गुरु दत्त की फिल्में

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी, मोहनलाल, करीना कपूर खान और शर्मिला टैगोर जैसे कलाकारों को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में 'बेस्ट एक्टर' के लिए नामांकन मिला है। इसके अलावा बेस्ट फिल्म कटेगरी में होमबाउंड, कल्कि 2898 एडी, एल2: एम्पुरान, महाराज, मेयाझगन, स्त्री 2 और सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को नामांकन मिला है।

***सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री के लिए मिला नामांकन*** :आईएफएफएम में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की दौड़ में अभिषेक बच्चन, आदर्श गौरव, ईशान खट्टर, जुनैद खान, मनोज बाजपेयी और मोहनलाल शामिल हैं। इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की दौड़ में अंजलि शिवरामन, करीना कपूर खान, शामला हमजा, शर्मिला टैगोर और श्रद्धा कपूर शामिल हैं।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए नामांकन*** : वहीं, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक अवॉर्ड के लिए अरण्य सहाय, लक्ष्मीप्रिया देवी, नीरज घेवन, ओनिर, रीमा कागती, रीमा दास, वर्षा भरत और विपिन राधाकृष्णन को नामांकन मिला है। इन लोगों ने अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है।

***सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए नामांकन*** : इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए ब्लैक वारंट, ग्यारह ग्यारह, खौफ, कोटा फैक्ट्री सीजन 3, मनोरथंगल, पाताल लोक सीजन 2, थलेवाट्टम और त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर को नामांकन मिला है।

***वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री*** : वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अनन्या पांडे, मोनिका पंवार, शबाना आजमी, तिलोत्तमा शोम, निमिषा सजयन, पार्वती थिरुवोथु और रसिका दुग्गल को नामांकन मिला है।



### 14 से 24 अगस्त तक चलेगा फेस्टिवल

आईएफएफएम 2025 फेस्टिवल 14 अगस्त से 24 अगस्त तक जारी रहेगा। इस फेस्टिवल में खास जूरी सभी अवॉर्ड्स तय करेगी। इस फेस्टिवल में गुरु दत्त की विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इस मौके पर उनकी फिल्में प्यासा और कागज के फूल को दिखाया जाएगा।

# आंखों की गुस्ताखियां से लेकर गाइड तक अंग्रेजी कहानियों पर बनी हैं ये फिल्में...

**नई दिल्ली।** 11 जुलाई को सिनेमाघरों में 'आंखों की गुस्ताखियां' रिलीज हुई है। इस फिल्म से संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म में शनाया कपूर के साथ विक्रांत मैसी हैं। उन्होंने फिल्म में नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाया है। यह फिल्म रस्किन बॉण्ड की शॉर्ट स्टोरी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। ऐसे में आज हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जो कहानी या उपन्यास पर आधारित हैं।

**थ्री इडियट्स** : साल 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'थ्री इडियट्स' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास 'फाइव पॉइंट समवन' पर आधारित है। इसमें बहुत हल्के अंदाज में भारत में पढ़ाई व्यवस्था पर चुटकी ली गई है। फिल्म में यह बताने की कोशिश की गई है कि आपको जो अच्छा लगता है आप उस काम में अपना कॅरियर बनाएं।

**द नेमसेक** : फिल्म 'द नेमसेक (2006)' झुंपा लाहिड़ी के उपन्यास 'द नेमसेक' पर आधारित है। इसका निर्देशन मीरा नायर ने किया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक परिवार कलकत्ता से न्यूयॉर्क आने के बाद भी भारतीय परंपराओं को बनाए रखता है और कामयाबी के लिए संघर्ष करता है। फिल्म में इरफान खान और तब्बू ने अच्छा काम किया है।

**रेनकोट** : फिल्म 'रेनकोट (2004)' दो लघु कहानियों पर आधारित है। पहली ओ. हेनरी की 'द गिफ्ट ऑफ द मैगी' और मनोज बसु की 'विरोधिंशा'। फिल्म में अजय देवगन और ऐश्वर्या राय अहम किरदार में हैं। इसका निर्देशन रितुपर्णो घोष ने किया है। फिल्म में दो अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं। ये लोग एक बरसात के दिन मिलते हैं और अपने अतीत को याद करते हैं।

**गाइड** : फिल्म 'गाइड (1965)' में देव आनंद और वहीदा रहमान थे। यह फिल्म आरके नारायण के उपन्यास 'द गाइड' पर आधारित थी। इसका निर्देशन विजय आनंद ने किया था। फिल्म में दिखाया गया है कि एक टूरिस्ट गाइड की मुलाकात एक नाखुश शादीशुदा औरत से होती है। वह डांस सीखना चाहती है। उसकी मदद से वह एक कामयाब डांसर बन जाती है।



## दिलीप कुमार से लेकर एनटीआर तक के साथ किया काम

# पहली कन्नड़ सुपरस्टार, 161 फिल्मों में किया लीड हीरोइन का रोल



***मुंबई।** लगभग 200 से अधिक फिल्में करनी वाली बी. सरोजा देवी के निधन की खबर से दक्षिण भारतीय सिनेमा में शोक की लहर है। उन्होंने कन्नड़, तेलुगु, तमिल के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया। बॉलीवुड में दिलीप कुमार के अलावा जाने-माने अभिनेताओं के साथ अभिनय किया था। सरोजा देवी को कन्नड़ सिनेमा में पहली सुपरस्टार दर्जा भी मिला था।*

### अभिनय के लिए परिवार से मिला प्रोत्साहन

बी. सरोजा देवी का जन्म (7 जनवरी 1938) मैसूर राज्य (बेंगलुरू) के एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ। पिता एक पुलिस ऑफिसर थे और मां गृहिणी। परिवार ने ही सरोजा को डांस सीखने के लिए मोटिवेट किया। फिल्मों में जाने के लिए उन्हें मनाही नहीं थी। सरोजा ने भी क्लासिकल डांसर के तौर पर ट्रेनिंग ली। जब वह 13 साल की थीं तो एक कार्यक्रम में गाना गा रही थीं, तब प्रोड्यूसर कृष्णमूर्ति की नजर उन पर पड़ी। आगे चलकर 17 साल की उम्र में उन्हें कन्नड़ फिल्म 'महाकवि कालिदास (1955)' से काम करने का मौका मिला, फिल्म में उन्होंने सपोर्टिंग रोल किया। यह फिल्म हिट हुई और सरोजा को इंडस्ट्री में पहचान मिली।

### हिंदी फिल्मों में जाने-माने अभिनेताओं संग किया काम

दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा सरोजा देवी ने हिंदी फिल्मों में भी उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीता था। वह हिंदी फिल्म पैगाम(1959) में दिलीप कुमार के साथ नजर आईं। साथ ही राजेंद्र कुमार, सुनील दत्त, शम्मी कपूर जैसे अभिनेताओं के साथ सरोजा देवी ने हिट फिल्में दी थीं। राज कपूर के साथ भी काम करने का मौका फिल्म ' नजराना(1961) में सरोजा देवी को मिला, मगर डायरेक्टर सी.वी श्रीधर के साथ विवाद के कारण फिल्म से उन्हें रिप्लेस कर दिया गया। बाद में फिल्म में सरोजा देवी जगह वैजयंतीमाला को लिया गया। शादी के बाद भी सरोजा देवी ने फिल्मों में अभिनय जारी रखा। उन्होंने श्री हर्षा से साल 1967 में शादी की। सरोजा देवी के पति पेशे से इंजीनियर थे। साल 2019 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म नटसर्वभूमा में कैमियो किया। सरोजा देवी के तौर पर ही फिल्म का हिस्सा बनीं।



### एम जी रामचंद्रन, जैमीनी गणेशन के साथ भी जमी जोड़ी

आगे चलकर बी. सरोजा देवी ने कई हिट दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया। वह 1955 से 1984 के बीच लगभग 29 साल तक लीड हीरोइन के रोल में नजर आईं। लगभग 161 फिल्मों में लीड हीरोइन बनी थीं। वह ऐसा करने वाली अकेली हीरोइन हैं। उन्होंने साउथ के मशहूर एक्टर एनटीआर के साथ भी कई फिल्में कीं। बड़े पर्दे पर इनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। साथ ही एम जी रामचंद्रन, जैमीनी गणेशन जैसे चर्चित दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के साथ भी कई फिल्में सरोजा देवी ने काम कीं।

### सरोजा देवी को मिले ये सम्मान

सरोजा देवी ने सिनेमा में जो योगदान दिया, उसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। भारत सरकार द्वारा उन्हें साल 2008 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। साल 1992 में पद्म भूषण और 1969 पद्म श्री से सम्मानित किया गया। साल 1994 में फिल्मफेयर ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (साउथ) से सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, "मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर



**तोक्यो।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगी।

### क्रिकेट वेस्टइंडीज ने दिग्गज क्रिकेटरों को आमंत्रित किया

**किंगस्टन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की हार के बाद मंगलवार को पूर्व महान खिलाड़ियों क्लाइव लॉयड, विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को कैरेबियाई देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के तरीकों पर चर्चा को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में मिचेल स्टार्क (नौ रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी और स्कॉट बोलैंड की हैट्रिक की बदौलत वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया जो टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे कम स्कोर है। मिसफील्ड के कारण वेस्टइंडीज की टीम सर्वकालिक न्यूनतम स्कोर की बराबरी करने से बच गई।

### शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची



**दुबई।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी।

# टेस्ट क्रिकेट : भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार शतक (104) जड़ते हुए खास उपलब्धि हासिल की। यह भारत के खिलाफ उनका 11वां टेस्ट शतक रहा। सीरीज के पहले 2 टेस्ट में रूट का बल्ला खामोश रहा था। रूट अब भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आइए, नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर, जिन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाए हैं।

### स्टीव स्मिथ और जो रूट (11-11 शतक)

इस सूची में रूट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। दोनों ने भारत के खिलाफ 11-11 शतक लगाए हैं। रूट ने 33 टेस्ट की 60 पारियों में यह कारनामा किया है। स्मिथ ने 24 टेस्ट की 46 पारियों में 11 शतक लगाए हैं। इस कंगारू बल्लेबाज ने 58.90 की औसत से 2,356 रन बनाए हैं। रूट के बल्ले से 54.87 की औसत से 3,059 रन निकले हैं।





### गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और पोंटिंग (8-8 शतक)

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 बल्लेबाज गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और रिकी पोंटिंग हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से 8-8 शतक लगाए हैं। सोबर्स ने 18 टेस्ट की 30 पारियों में 83.47 की औसत से 1,920 रन बनाए थे। रिचर्ड्स के बल्ले से 28 टेस्ट की 41 पारियों में 50.71 की औसत 1,927 रन निकले थे। पोंटिंग ने 29 मैचों की 51 पारियों में 54.36 की औसत से 2,555 रन बनाए थे।

### इन 6 बल्लेबाजों ने जड़े हैं 7-7 शतक

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 6 बल्लेबाज हैं। एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज), माइकल क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया), शिवनारायण चंद्रपॉल (वेस्टइंडीज), क्लाइव लायड (वेस्टइंडीज) और एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) ने भारत के खिलाफ 7-7 शतक जड़े थे। कुक ने इन खिलाड़ियों में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,431 रन बनाए थे। उन्होंने 30 टेस्ट की 54 पारियों में 47.66 की औसत से ये रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन रहा था। कुक भारत के खिलाफ आखिरी बार 2018 में खेले थे।

### जयवर्धने सहित छह ने जड़े हैं 6-6 शतक

डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), मुदस्सर नजर (पाकिस्तान), जहीर अब्बास (पाकिस्तान), महेला जयवर्धने (श्रीलंका), केविन पीटरसन (इंग्लैंड) और मैथ्यू हेडन (ऑस्ट्रेलिया) इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 6-6 शतक लगाए हैं। हेडन ने इन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 1,888 रन बनाए हैं। उन्होंने 59 की औसत से बल्लेबाजी की है। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक भी निकले थे। उनकी औसत 65.92 की रही थी।

### सात बल्लेबाज 0 पर आउट, सिर्फ एक ही छू सका दहाई का आंकड़ा

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रन पर किया ढेर, सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी ▶▶ किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।



### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए 5 विकेट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए।

### ग्रीव्स ने 11 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

### 70 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने से बचा

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

### श्रृंखला शानदार रही : स्टार्क

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, "यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।" स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

ओलंपिक-2028

# 128 साल बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में होगा क्रिकेट



### वर्ष 1900 में ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

*ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। 1904 के ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश की गई थी। हालांकि, खेलने के लिए कोई टीम नहीं मिली और इसे ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था।*

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगी। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

### पुरुष-महिला वर्ग में 90 खिलाड़ियों का कोटा

*पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।*

### लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर होंगे मैच

*सभी क्रिकेट मैच लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमाना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे। आयोजकों ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा, लगभग एक सदी से, यह स्थान वार्षिक एलए काउंटी केंद्र रहा है। यह विशाल मैदान ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की विजयी वापसी की पृष्ठभूमि बनेगा।*

इंग्लैंड बनाम भारत

# इंग्लैंड टेस्ट टीम में गेंदबाज लियाम शामिल, बशीर बाहर



एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज 2025 के चौथे टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान किया है। आगामी 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले अगले मुकाबले के लिए मेजबान टीम ने अपने दल में स्पिनर लियाम डॉसन को जोड़ा है। उन्हें चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए शोएब बशीर की जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**डॉसन ने खेले हैं 3 टेस्ट** : 35 वर्षीय डॉसन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी बार जुलाई 2017 में टेस्ट खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट खेले, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 1 अर्धशतक की बदौलत 84 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर ने 7 विकेट लिए थे। इंग्लिश टीम के चयनकर्ता, ल्यूक राइट ने कहा, डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चौथे टेस्ट के लिए इंग्लिश टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल,हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।" उन्होंने कहा, "वापसी में काफी समय लग गया। काफी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶ साउथम्पटन

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप



खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा।

### 300 से अधिक रन बनाने पर ध्यान केंद्रित : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, "पिछले कुछ वर्षों में हमने जो वनडे मैच खेले हैं उनमें 300 से अधिक रन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे हमारे गेंदबाजों को थोड़ा राहत मिलती है।' युवा सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल को एक बार फिर अनुभवी शेफाली वर्मा पर प्राथमिकता दी गई है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
TATA LPT 1512 Model 2023, CG-04-PC-8710
TATA Intra V30 Model 2024, MP-20-ZR-2218
TATA ACE HT+ Model 2022, MP-20-LB-4071
3Wheeler Bajaj Auto Maxima Cargo Model 2023, MP-20-ZH-9166
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

### बेटे की मौत का गम भुलाने फौजा सिंह ने 83 साल की उम्र में शुरू किया था दौड़ना

# सबसे उम्रदराज मैराथन धावक का 114 साल की उमर में निधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक का खिताब हासिल करने वाले प्रतिष्ठित धावक फौजा सिंह का सोमवार को 114 साल की उम्र में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। सोमवार दोपहर जालंधर-पठानकोट हाईवे पर एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन शाम साढ़े 7 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। आइए फौजा सिंह के बारे में जानते हैं।




**कैसे हुआ हादसा?** : आदमपुर थानाप्रभारी हरदेवप्रीत सिंह ने बताया कि फौजा सिंह सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे ब्यास गांव में जालंधर-पठानकोट हाईवे पर टहल रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन शाम को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कौन थे फौजा सिंह?

फौजा सिंह को 'टर्बन्ड टोर्नाडो' के नाम से जाना जाता था। साल 2011 में इसी नाम से लेखक खुशवंत सिंह ने उनकी बायोग्राफी लिखी थी। उसके अनुसार, उनका जन्म 1 अप्रैल, 1911 जालंधर के ब्यास पिंड में हुआ था। कमजोर पैरों के कारण वे 5 साल की उम्र तक चल भी नहीं पाते थे। इसके बाद 1992 में अपनी पत्नी जियान कौर के निधन के बाद वे अपने बेटे के साथ इंग्लैंड चले गए और पूर्वी लंदन में बस गए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: ई/16/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांग-जनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं के तहत रैंप, फिसलन रहित सुगम मार्ग, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, यात्री हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप और यात्री हॉल्ट पर पेयजल व्यवस्था और प्लेटफॉर्म के अंत में अंतर प्लेटफॉर्म स्थानांतरण के लिए मार्ग का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,88,70,766/- **बयाना राशि:** ₹ 2,94,400/-

2. निविदा क्र.: ई/17/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता / डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पुल संख्या 340 UP,345 (UP और DN) और 352 (UP और DN) के पियर और एबटमेंट की जैकेटिंग और नींव। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,85,251/- **बयाना राशि:** ₹ 2,00,400/-

3. निविदा क्र.: ई/18/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता /डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत LHS 458 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 470 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,73,51,772/- **बयाना राशि:** ₹ 3,36,800/-

4. निविदा क्र.: ई/19/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता / डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 456 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 471 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,78,95,487/- **बयाना राशि:** ₹ 3,39,500/-

5. निविदा क्र.: ई/20/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता /डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत LHS 450 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 457 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,85,02,528/- **बयाना राशि:** ₹ 3,42,500/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **31.07.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

AIM/14-71 वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## हाईकोर्ट में नाबालिग का बयान, प्रदान की गई अनुमति

# बाल-निकेतन में नहीं रहना जाना है माता-पिता के साथ

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष पेश की गई नाबालिग ने अपने बयान में साफ किया कि मुझे बाल निकेतन में नहीं रहना है। अपने माता-पिता के साथ जाना है। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेकर उसे माता-पिता के सुपुर्द करने का आदेश पारित कर दिया।

सिंगरौली जिले के बरगवां थानांतर्गत निवास करने वाली 14 वर्षीय नाबालिग घर से लापता हो गई थी। स्वजनों ने संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा गंभीरता से तलाश न किए जाने पर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई। आरोप लगाया गया कि आशीष साकेत नामक युवक नाबालिग को अपहृत कर ले गया है। वह उसे बंधक बनाए हुए है। हाई कोर्ट ने नाबालिग को मुक्त कराकर पेश करने पुलिस को निर्देश दिए थे।

### पुलिस चेन्नई से तलाश कर जबलपुर लाई



इसके बाद पुलिस ने चेन्नई से तलाश कर नाबालिग को कोर्ट में पेश किया। नाबालिग ने कोर्ट में अपने बयान के दौरान साफ किया कि वह पारिवारिक विवाद के कारण वह घर छोड़कर गई थी। वह माता-पिता के साथ नहीं जाना चाहती है। इसके स्थान पर बाल निकेतन में रहने तैयार है। जिसके बाद नाबालिग को जबलपुर स्थित राजकुमारी बाई बाल निकेतन भेजने का आदेश दे दिया गया था।

### दूसरे बयान में माता-पिता के साथ जाने हो गई तैयार

मंगलवार को हाईकोर्ट में एक बार फिर मामला सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान नाबालिग ने दूसरा बयान दिया। जिसमें उसने बाल निकेतन में न रहने की इच्छा प्रगट कर दी। साथ ही माता-पिता के साथ जाने तैयार होने की बात की। जिसे रिकार्ड पर लेकर हाई कोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। साथ ही नाबालिग को माता-पिता के हवाले कर दिया।

## *रंजिश के चलते दो हत्या करने वाले को आजीवन कारावास, चार हजार का जुर्माना*

**जिला अदालत का फैसला**

**जबलपुर।** जिला अदालत ने रंजिश के चलते चाकू मार कर दो हत्याएं करने के आरोपित जबलपुर निवासी मोहम्मद इब्राहिम उर्फ इब्बू का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाइ। साथ ही चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बबीता कुल्हाडा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मंडी मदार टेकरी क्षेत्र निवासी फरियादी अजमुद्दीन और मृतक शकील 04 मई, 2021 को मंडी से चाय पीकर आए थे। शकील घोड़े को दाना खिला रहा था, उसी समय इब्राहिम चाकू लेकर लाया और शकील को गाली देकर बोला कि आज तू मरेगा। इब्राहिम ने चाकू से शकील को कमर के पीछे मारा तो अजमुद्दीन ने इब्राहिम का कालर पकड़ लिया। तभी इब्राहिम ने फिर से शकील को पेट में चाकू से मार दिया। शकील वहीं गिर गया। अजमुद्दीन चिल्लाया इस पर राबिया बुआ, साफिया और जाहरा निकल आईं और बीचबचाव की कोशिश की। इस पर इब्राहिम ने राबिया के सीने में चाकू घोंप दिया। बाएं हाथ में भी चाकू मारा। राबिया जमीन पर गिर गई। शकील और राबिया को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फरियादी अजमुद्दीन की रिपोर्ट पर ओमती पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अदालत में चालान प्रस्तुत किया। प्रकरण में प्रस्तुत वैज्ञानिक, मौखिक साक्ष्य के परीक्षण व तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित के विरुद्ध अपराध साबित पाया।

- उम्मीदवारों को मिलने वाली उम्र की छूट, हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया फैसला

# एमपी-पीएससी ने खत्म की ईडब्ल्यूएस रियायत

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा (एमपीपीसीएस) ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को एमपीपीसीएस में मिलने वाली 5 साल की उम्र में छूट की सुविधा वापस ले ली है। अब ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी की तरह अधिकतम 40 वर्ष की उम्र तक ही आवेदन करने की अनुमति होगी। यह निर्णय मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है। आयोग की ओर से सोमवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें साफ लिखा है कि यह बदलाव तुरंत लागू होगा और उन सभी भर्ती परीक्षाओं पर असर डालेगा जो वर्तमान में चल रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों से एमपीपीसीएस में ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग की तरह 45 साल तक की आयु सीमा में छूट दी जा रही थी। लेकिन अब यह छूट पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। आयोग ने कहा है कि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 40 वर्ष से अधिक आयु वाले ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी अब एमपीपीसीएस की आगामी परीक्षाओं के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे।

### चयनित उम्मीदवारों की नियुक्तियों पर संकट




इस आदेश के बाद उन अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर भी सवाल उठने लगे हैं, जो पिछले वर्षों में इसी छूट के आधार पर चयनित हुए थे। आयोग को अब ऐसे मामलों की समीक्षा कर फैसले लेने पड़ सकते हैं। इससे कई उम्मीदवारों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है।

### अभ्यर्थियों में गुस्सा और असमंजस


फैसले के बाद प्रदेश भर में एमपीपीसीएस में ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि उम्र सीमा जैसे अहम नियमों में बदलाव करने से पहले पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी। बिना पूर्व तैयारी के इस तरह का फैसला, वर्षों से मेहनत कर रहे युवाओं के लिए भारी नुकसान है। उम्मीदवार अब आयोग से मांग कर रहे हैं कि वह पहले से चयनित युवाओं की नियुक्तियों को सुरक्षित रखने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे ताकि उनके भविष्य पर संकट न खड़ा हो।

## अदालत ने एसपी ईओडब्ल्यू से आगे की जांच रिपोर्ट की तलब

# एआरटीओ संतोष पाल व अन्य के विरुद्ध खात्मा रिपोर्ट निरस्त

**जबलपुर।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने एआरटीओ संतोष पाल व अन्य के विरुद्ध खात्मा रिपोर्ट अनुचित पाकर निरस्त कर दी। कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू को आगे की जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को नियत की गई है। कोर्ट ने शिकायतकर्ताओं की आपत्ति पर बिंदुवार टीप प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

अधिवक्ता धीरज कुकरेजा व स्वप्निल सराफ ने वर्ष 2022 मे एआरटीओ संतोष पाल के खिलाफ परिवाद पेश किया था।



उन्होंने बताया कि 16 मई, 2025 को एसपी, ईओडब्ल्यू ने इस मामले में खात्मा रिपोर्ट पेश कर दी। शिकायतकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विजय श्रीवास्तव ने खात्मा रिपोर्ट के विरुद्ध आपत्ति-पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें कहा गया कि साक्षियों द्वारा हस्ताक्षरित पंचनामा व खात्मा रिपोर्ट में दर्ज राशि में विरोधाभाष है। इससे साफ है कि एआरटीओ पाल सहित अन्य को लाभ पहुंचाने के लिए अदालत में दोषपूर्ण रिपोर्ट पेश की गई है। मकान की निर्माण भूमि का मूल्यांकन गलत दर्ज किया गया है। भूखंडों के पंजीयन पत्रों की राशि व उस पर किए गए निर्माण का जिक्र ही नहीं किया गया है। जबकि चारों भूखंड एक साथ लगे हुए हैं। इस तरह भ्रष्टाचार के आरोप जैसे गंभीर प्रकरण की लीपापोती का प्रयास किया गया है। तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने एसपी ईओडब्ल्यू को निर्देश दिए।

### सर्विसिंग के लिए आई कार बेच दी

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत एक सर्विसिंग के लिए आई एक कार सर्विस सेंटर संचालक द्वारा बेच दी गई। पुलिस ने वाहन मालिक की शिकायत पर अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भीमनगर निवासी सुरेंद्र पाठक ने 27 जून 2024 को सुधीर मोटर के संचालक रोहित सोनी को अपनी मारुति कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 4903 को सर्विसिंग के लिये दिया था एक साल बीतने के बाद भी उसकी कार वापस नहीं की, उसे पता चला कि रोहित सोनी ने किसी को कार बेच दी। लिखित शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बीच सड़क में मारपीट से मचा हंगामा, पुलिस पहुंची

# कोर्ट मैरिज के पहले लड़की के परिजनों ने प्रेमी युगल को घेरा

हरिभूमि जबलपुर।



ओमती थाने के समीप मंगलवार उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब यहां कोर्ट मैरिज कराने पहुंचे एक प्रेमी युगल परिजनों के हाथ लग गए। दरअसल लड़की के परिजन जबलपुर पहुंचे और लड़की के परिजनों ने लड़के साथ मारपीट कर दी। बताया जाता है कि रीवा निवासी यह युगल भागकर जबलपुर कोर्ट मैरिज के लिए आया था। युवती 15 दिनों से अपने घर से लापता थी और उसके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा रखी थी और लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। परिजनों को खबर मिली कि लड़की जबलपुर में है और अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने वाली है। इस सूचना के बाद लड़की के परिजन अचानक जबलपुर पहुंचे और कलेक्ट्रेट स्थित मैरिज कोर्ट के पास दोनों को पकड़कर सड़क पर ही मारपीट शुरू कर दी।

थाना के समीप हो रहे हंगामे की सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंचा और किसी तरह युवती और युवक को भीड़ से बचाकर थाना पहुंचाया। ओमती थाना प्रभारी राजपाल बघेल के मुताबिक, दोनों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाने लाया गया है। युवती को कुछ चोटें भी आई हैं, और थाने में एक आवेदन भी दिया गया है। थाने में युवती ने अपने परिजनों पर जबरन शादी करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी मर्जी से युवक से शादी करना चाहती है। यह मामला रीवा जिले से जुड़ा होने के कारण ओमती थाना पुलिस ने वहां के संबंधित थाने को सूचना भेज दी है, और अब आगे की कार्रवाई रीवा पुलिस की मौजूदगी में की जाएगी।

## सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को किया पुलिस के हवाले

# एयरपोर्ट में युवक के बैग में कारतूस मिलने से हड़कंप



**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट पर शहडोल निवासी एक युवक अतीक अहमद की बैग में कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। यह युवक इंडिगो फ्लाईट से बैंगलुरु जाने के लिए यहां पहुंचा था। आनन-फानन में विमान तल की सुरक्षा में तैनात जवानों ने युवक को यात्रियों की लाईन से दूर किया और घटना की सूचना खमरिया पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक अतीक अहमद को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि शहडोल निवासी अतीक अहमद का बैग जांच के लिए एक्स-रे मशीन से गुजारा तो मशीन की डीप बच गई और किसी संदिग्ध होने का संदेह पैदा हो गया। इसके बाद बैग खुलवा कर जब देखा गया तो उसमें दो जिंदा कारतूस मिले। खमरिया पुलिस इस मामलें में आग्नेय शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## कल से सीएलसी चरण में खाली सीटों पर शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

# *कॉलेजों में प्रवेश का आखरी मौका*

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु एक अतिरिक्त सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण की घोषणा की है। यह चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर मिलेगा। 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय की रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन व विकल्प चयन किया जा सकेगा, जिसका सत्यापन हेल्प सेंटर द्वारा शाम 4 बजे तक किया जाएगा। मेरिट सूची शाम 5 बजे जारी होगी, जिसके 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। शुल्क जमा न करने पर प्रवेश मान्य नहीं होगा और री चॉइस करनी पड़ेगी।

### पति के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत नया मोहल्ला निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। श्रीमति अंजली चक्रवर्ती ने अपने पति नरेंद्र चक्रवर्ती पर आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर गालीगलौज व मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## 20 दिन बाद निकली धूप, तापमान में आया उछाल

# मौसम खुलते ही उमस मारने लगी डंक

हरिभूमि जबलपुर।



मौसम खुलते ही उमस डंक मारने लगी। मंगलवार को मौसम पूरी तरह खुला रहा। आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही। पिछले 20 दिनों से लगातार हर दिन बारिश दर्ज की गई। साढ़े 22 इंच बारिश होने के बाद भी मंगलवार को मौसम खुला रहा और पारे में उछाल आई। यद्यपि मानसून अभी एक्टिव है लेकिन लो प्रेशर के कारण बारिश थमी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि 16 से 20 जुलाई के बीच हल्की वर्षा हो सकती है और दिन का तापमान बढ़ने की संभावना है। धूप और नमी की वजह से उमस बढ़ेगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बना हवा के कम दबाव का क्षेत्र मध्यप्रदेश की ओर शिफ्ट हो गया। लिहाजा, भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन, इंदौर संभाग में तेज बारिश के आसार बन गए हैं, जबकि जबलपुर संभाग से बादल आगे बढ़ गए हैं। स्थानीय बादलों की वजह से कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है। अब मानसून का नया सिस्टम डेवलप होने के बाद ही यहां तेज बारिश के आसार बनेंगे। उमस भरी गर्मी अभी बरकरार है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 81 प्रतिशत और सायंकाल 63 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.34 बजे और सूर्यास्त 6.59 बजे हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा 573.02 मिमी (22.2 इंच) पर पहुंच चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 258.2 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240